ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी 04:48
उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 6 जून 2025
वर्ष 5, अंक 105, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर 14
दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर 13

## ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक

- प्रदेश में हड़ताल करने पर एस्मा के तहत होगी कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन समेत सभी ऊर्जा निगमों में छह माह के लिए हड़ताल पर रोक लगा दी गई है।

शासन की ओर से गुरुवार को इस सिलसिले में आदेश जारी किए गए। जिसके अनुसार उत्तर प्रदेश आवश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) के तहत हड़ताल पर रोक लगाई गई है। शासन के अधिकारियों ने बताया कि सभी ऊर्जा निगमों में सभी तरह की सेवाओं पर हड़ताल पर रोक रहेगी। हड़ताल करने पर कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। शासन के सूत्रों ने बताया कि निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों के तेज होते आंदोलन को ध्यान में रखकर हड़ताल पर रोक लगाई गई है। वजह यह है कि बिजली कर्मी ऊर्जा निगमों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हो रही बैठकों का बहिष्कार कर रहे हैं। बीते दिन पावर कॉरपोरेशन ने 87 अभियंताओं को आरोप पत्र दिए हैं, जबकि कई अभियंताओं के स्थानांतरण कर दिए गए हैं।

# बेंगलुरु भगदड़ मामले की जांच के लिए आयोग गठित

## बेंगलुरु के सीपी सहित कई पुलिस अधिकारी निलंबित, आरसीबी, आयोजकों और केएससीए के खिलाफ मामला दर्ज

बेंगलुरु, एजेंसी

बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम के पास मची भगदड़ के सिलसिले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने बेंगलुरु के कई आला पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया है जिनमें बेंगलुरु सिटी के पुलिस कमिश्नर (सीपी), बेंगलुरु सेंट्रल जोन के डीसीपी, कब्बन पार्क के सहायक पुलिस कमिश्नर (एसीपी) और कब्बन पार्क के इंस्पेक्टर भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने घटना की जांच के लिए आयोग भी गठित किया है जो 30 दिन में जांच रिपोर्ट सौंपेगा। सीआईडी को भी मामले की जांच सौंपी गई है। घटना की मजिस्ट्रेट जांच भी हो रही है जिसका नेतृत्व बेंगलुरु शहरी उपायुक्त जी जगदीश कर रहे हैं। दूसरी ओर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी), कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और अन्य के खिलाफ गुरुवार को गैर इरादतन हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

चार जून को मची इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी। पुलिस ने बताया कि पुलिस के एक निरीक्षक की शिकायत के बाद 4 जून को कब्बन पार्क थाने में कार्यक्रम प्रबंधन कंपनी डीएनए एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया। मामला जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग को स्थानांतरित कर दिया गया है। मामला बीएनएस की धाराओं 105 (गैर इरादतन हत्या), 115 (जान-बूझकर चोट पहुंचाना), 118 (खतरनाक हथियारों या साधनों का इस्तेमाल करके जान-बूझकर चोट या गंभीर चोट पहुंचाना), 121 (लोक सेवक को उसके कर्तव्य निर्वहन से रोकने के लिए स्वेच्छा से चोट पहुंचाना या गंभीर चोट पहुंचाना) के साथ अन्य धाराओं में दर्ज किया गया है।

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगी रिपोर्ट

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को यहां क्रिकेट स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से हुई मौतों के मामले में स्थिति रिपोर्ट पेश करने का गुरुवार को निर्देश दिया। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश वी. कामेश्वर राव और न्यायमूर्ति सी एम जोशी की पीठ ने मामले का स्वत: संज्ञान लेने के बाद राज्य को 10 जून तक विस्तृत स्थिति रिपोर्ट देने का निर्देश दिया।

### नई एसओपी तैयार करेगी कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** राज्य के गृहमंत्री जी परमेश्वर ने गुरुवार को बताया कि कर्नाटक सरकार बड़े आयोजनों, सभाओं और जश्न के लिए एक नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करेगी ताकि भविष्य में किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके। यह कदम बुधवार को एम चिन्नास्वामी क्रिकेट स्टेडियम के पास मची भगदड़ की घटना के बाद उठाया गया है जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी।

### मृतकों के परिजनों को 10 लाख रुपये देगी आरसीबी

**बेंगलुरु।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में मारे गए लोगों के परिजनों को आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। आरसीबी की ओर से गुरुवार को जारी आधिकारिक बयान में भगदड़ में मारे गए 11 लोगों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की सहायता देने की घोषणा की गई है।

## एक नजर

### शनिवार से चलेगी कटरा-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में कटरा से श्रीनगर के बीच वंदे भारत ट्रेन सेवा सात जून से आम लोगों के लिए शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने इसके लिए अग्रिम बुकिंग गुरुवार शाम से शुरू कर दी। उत्तर रेलवे के अनुसार, कटरा से श्रीनगर के बीच दो वंदे भारत ट्रेन दिन में चार फेरे लगाएंगी। इस ट्रेन में दो श्रेणियां चेयर कार (सीसी) और एक्जिक्यूटिव क्लास (ईसी) हैं और टिकट की दर क्रमश: 715 रुपये और 1,320 रुपये है। यात्रा के दौरान यात्रियों को शाकाहारी भोजन परोसा जाएगा।

### जनगणना में बजट बाधा कभी नहीं रहा

**नई दिल्ली।** जनगणना के लिए बजट में प्रस्तावित धन कम होने की आलोचनाओं को खारिज करते हुए केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि इस काम में धन की कमी कभी आड़े नहीं आई है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगामी जनगणना के बाद लोक सभा की सीटों के परिसीमन को लेकर दक्षिण के राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखा जाएगा। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा जनगणना के लिए बजट कभी बाधा नहीं रहा है, क्योंकि धनराशि का पर्याप्त आवंटन हमेशा सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाता रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कई बार स्पष्ट किया है।

# संकल्प से ही हम कर पाएंगे पर्यावरण संरक्षण : धामी

## मुख्यमंत्री ने किया पर्यावरण क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित

**विश्व पर्यावरण दिवस**

- जागरूकता पोस्टर का विमोचन इको टूरिज्म कॉर्पोरेशन के पोर्टल का किया लोकार्पण

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों और यात्रियों से आग्रह किया है कि जीव-जंतुओं को ऐसी वस्तुएं न खिलाएं जो उनकी सेहत के लिए हानिकारक हों। आह्वान किया कि जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ और अन्य महत्वपूर्ण अवसरों पर अवश्य पौधारोपण करें। ऐसे प्रयासों के संकल्प से ही हम पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दे पाएंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मुख्य सेवक सदन में पर्यावरण के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। सुन्दर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार-2025 (सरकारी श्रेणी) में नगर निगम रुद्रपुर को सम्मानित किया गया। उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी ने यह पुरस्कार प्राप्त किया।

सुन्दर लाल बहुगुणा प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार-2025 ( गैर सरकारी श्रेणी) से विजय जड़धारी एवं प्रताप सिंह पोखरियाल को सम्मानित किया गया। उत्तराखंड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के जागरूकता पोस्टर का विमोचन एवं इको टूरिज्म कॉर्पोरेशन द्वारा तैयार किए गए पोर्टल का भी मुख्यमंत्री ने लोकार्पण किया। प्लास्टिक मुक्त उत्तराखंड की शपथ दिलाई और स्कूली बच्चों को कपड़े के बैग प्रदान किए। वन विभाग को इस वर्ष प्रदेश के प्रत्येक वन डिवीज़न में एक हज़ार फलदार वृक्ष लगाने के निर्देश दिए ताकि जंगली जीव-जंतुओं के लिए पर्याप्त आहार मिल सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि, उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य और जैव विविधता से परिपूर्ण राज्य है। घने जंगल, पवित्र नदियां, हिमालयी ग्लेशियर हमारे राज्य की भौगोलिक पहचान है। सोलर मिशन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, ग्रीन हाइड्रोजन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, नमामि गंगे अभियान और प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान जैसी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रदेश के नौले, धारे एवं वर्षा आधारित नदियों जैसे परंपरागत जल स्रोतों के संरक्षण के लिए स्प्रिंग एंड रिवर रिजुविनेशन अथॉरिटी (सारा) का गठन किया है। समारोह को वन मंत्री सुबोध उनियाल और मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भी संबोधित किया।



रुद्रपुर की उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी को पुरस्कृत करते मुख्यमंत्री।

### 3.12 मिलियन घन मीटर वर्षा जल का संचयन

मुख्यमंत्री ने बताया कि बीते एक वर्ष में राज्य में 6,500 से अधिक जल स्रोतों का संरक्षण व उपचार हुआ है। 3.12 मिलियन घन मीटर वर्षा जल का संचयन भी किया गया। चारधाम यात्रा सहित विभिन्न धार्मिक, पर्यटन और अन्य अवसरों पर प्रदेश में आने वाहनों में कूड़ेदान रखना अनिवार्य किया गया है। प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय खेलों को ग्रीन गेम्स की थीम पर आयोजित कर सभी मेडल और पुरस्कार ई-वेस्ट सामग्री से बनाए गए और खेल किट भी रीसाइकल्ड सामग्री से तैयार की गईं।

## जम्मू-कश्मीर में 32 स्थानों पर एनआईए का छापा

- आतंकवादी साजिश को किया बेनकाब

**श्रीनगर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने जम्मू-कश्मीर को अस्थिर करने के लिए पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनके सहयोगियों की आतंकवादी साजिश के खिलाफ गुरुवार को कश्मीर में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि केन्द्र शासित प्रदेश में 32 स्थानों पर छापेमारी की गई। छापे के दौरान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़े प्रमुख आतंकवादियों और उनके मददगारों ओवरग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) को निशाना बनाया गया।

जिन स्थानों पर तलाशी ली गई, वे प्रमुख आतंकवादियों और पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों की शाखाओं द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट जम्मू और कश्मीर (यूएलएफजेएंडके), मुजाहिदीन गजवत-उल-हिंद (एमजीएच), जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर (जेकेएफएफ), कश्मीर टाइगर, पीएएफ, लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी), जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और अल-बद्र जैसे संगठनों से संबद्ध आतंकवादियों के मददगारों के आवासीय परिसर हैं।

## वैली ब्रिज के ठेकेदार पर केस, 3 इंजीनियर निलंबित

- मंगलवार को भरभरा कर गिर गया था थराली के रतगांव में निर्माणाधीन वैली ब्रिज
- मुकदमे और निलंबन की कार्रवाई के साथ मामले में उच्च स्तरीय जांच भी शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** वैली ब्रिज गिरने के मामले में शासन स्तर से कार्रवाई शुरू हो चुकी है। इसमें सबसे पहले ब्रिज का निर्माण करने वाले ठेकेदार पर मुकदमा दर्ज किया गया। इसके साथ ही लोक निर्माण विभाग के तीन इंजीनियरों को भी निलंबित कर दिया गया। उच्च स्तरीय जांच के आदेश भी दिए गए हैं। वैली ब्रिज टूटने से 4000 हजार से अधिक की आबादी का शहर से संपर्क टूट गया है।

थराली तहसील के रतगांव के ढाढ़रबगड़ गदेरे में निर्माणाधीन बैली ब्रिज के क्षतिग्रस्त होने के मामले में विभाग ने एक्शन लिया है। लोक निर्माण विभाग के अफसर के निर्देश पर अवर अभियंता ने थाना थराली में ठेकेदार के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बता दें कि मंगलवार को रतगांव की चार हजार से अधिक आबादी को जोड़ने के लिए ढाढ़रबगड़ के घटगाड़ गदेरे पर लोनिवि की ओर से निर्माणाधीन वैली ब्रिज टूटकर गदेरे में जा गिरा। इस पुल की लंबाई लगभग 60 मीटर और लागत 2.80 करोड़ रुपये थी। विभागीय लापरवाही इस कदर रही कि ठेकेदार के श्रमिकों की ओर से बैली ब्रिज के बर्थ (रस्से) और सपोर्ट एक साथ हटा दिए गए। पुल भार नहीं झेल सका और टूटकर गदेरे में जा गिरा।

डुंग्री-रतगांव मार्ग पर घटगाड़ गदेरे में 60 मीटर लंबे वैली ब्रिज बनाने की स्वीकृति शासन ने वर्ष 2024 में दी थी। लोनिवि ने इस ब्रिज का निर्माण दो माह पूर्व शुरू किया था। पुल का काम लगभग पूरा हो गया था।

निर्माण कार्यों का समुचित पर्यवेक्षण और अनुश्रवण न करने पर अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियंता नवीन लाल और सहायक अभियंता आकाश हड़िया को निलंबित कर दिया है। ग्राम प्रधान महिपाल फरस्वाण, पृथ्वी सिंह, सुजान सिंह, बलवंत सिंह, प्रदीप फरस्वाण आदि ने ब्रिज निर्माण की जांच की मांग और बरसात से पहले पुल निर्माण की मांग उठाई।

## ऑटो पर पलटा ट्रक, सात की मौत

- तीन अन्य घायल, मप्र के रीवा जिले में हुआ हादसा
- प्रयागराज से गंगा स्नान कर घर लौट रहे थे सभी लोग

रीवा, एजेंसी

मध्यप्रदेश के रीवा जिले में गुरुवार को एक ऑटो रिक्शा पर ट्रक पलट जाने के कारण सात लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, यह दुर्घटना राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर अपराह्न करीब 2.30 बजे हुई, जब ऑटोरिक्शा में सवार लोग उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में गंगा नदी में स्नान कर लौट रहे थे।

दुर्घटनास्थल जिला मुख्यालय से लगभग 70 किलोमीटर की दूरी पर है। मृतकों में चार बच्चे, दो पुरुष और एक महिला शामिल हैं। इस घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विवेक लाल ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 से गुजर रहा ट्रक अनियंत्रित होकर एक ऑटोरिक्शा पर पलट गया, जिससे उसमें सवार लोग फंस गए। उन्होंने बताया कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।



पुलिस अधिकारी ने बताया कि चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन ने बाद में दम तोड़ दिया। ऑटोरिक्शा में सवार यात्री प्रयागराज में गंगा नदी में स्नान करने के बाद रीवा की सीमा से लगे मऊगंज जिले के नईगढ़ी लौट रहे थे। एएसपी ने बताया कि ट्रक प्रयागराज से रीवा जा रहा था। मृतकों की पहचान रामजीत जायसवाल (38), पिंकी (35), हीरालाल जायसवाल (65), प्रवीण (12), अंबिका (8), मानसी (7) और अरविंद (6) के रूप में हुई है।

## कानपुर देहात में हत्या के दोषी को कोर्ट ने दी मौत की सजा

- 10 महीने पहले भोगनीपुर क्षेत्र में हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार :** करीब 10 माह पहले एक बच्ची की हत्या में एडीजे कोर्ट-6 ने दोषी को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है, जबकि बच्ची के माता-पिता सहित छह लोगों की हत्या के प्रयास में उम्रकैद दी है। 15 लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के पिपरी गांव की पूजा ने पति की मौत के बाद औरैया जनपद के दिबियापुर थाना क्षेत्र के मुरलीपुरवा निवासी अपनी बहन पूनम के देवर दीपू के साथ वर्ष 2021 में दूसरी शादी कर ली थी। पूजा पिपरी गांव में ही अपने बच्चों दूसरे पति दीपू के साथ रहती थी। दीपू पहले पति के बच्चों से खुन्नस रखता था। 22 जुलाई 2024 की रात दीपू ने पत्नी पूजा, सौतेले पुत्र उमंग, पूजा के देवर महेंद्र, उसकी पत्नी विभा, 6 साल की पुत्री काव्या व 8 साल के पुत्र सूर्यांश पर बांके से हमला किया था, जिसमें काव्या की मौत हो गई थी। भोगनीपुर पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। एडीजे-6 दुर्गेश ने गुरुवार को दोषी दीपू को हत्या में फांसी और हत्या के प्रयास में आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## साकेत कोर्ट के लॉकअप में बंदी की हत्या

- पेशी पर आए दो अन्य कैदियों ने पीट-पीटकर मार डाला

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की साकेत अदालत में गुरुवार को सुनवाई के लिए लाए गए एक विचाराधीन बंदी की न्यायालय के हवालात में दो अन्य कैदियों ने कथित रूप से पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस मामले को सुरक्षा में बड़ी चूक बताया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर लात-घूंसों से बार-बार उस पर हमला किया और उसका सिर दीवार पर दे मारा।

पुलिस ने बताया कि हत्या के प्रयास के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे अमन (24) को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जांच के लिए पुलिस टीम गठित की गई है, जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि हवालात में मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे बचाने में देरी क्यों की। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा कि हवालात में कई विचाराधीन कैदियों की मौजूदगी में अमन पर जितेंद्र उर्फ जित्ते और जयदेव उर्फ बच्चा ने हमला कर दिया। अमन को साकेत अदालत में पेशी के लिए लाया गया था और हवालात के खारजा नंबर- 5 में यह घटना हुई। प्रारंभिक जांच से ऐसा लगता है कि पूर्व में हुए विवाद के कारण यह हमला किया गया। अमन ने 2024 में जितेंद्र और उसके भाई पर चाकू से हमला किया था। पुलिस ने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि विवाद जारी रहा, जो हिरासत के दौरान और बढ़ गया।

### घटना सुरक्षा में बड़ी चूक का नतीजा

पटियाला हाउस कोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव अधिवक्ता वीरेंद्र कसाना ने कहा कि यह दिल्ली पुलिस की ओर से एक बड़ी सुरक्षा चूक है। कसाना ने कहा कि यह बहुत गंभीर घटना है और दिल्ली पुलिस की बड़ी सुरक्षा चूक है। सभी पुलिस अधिकारियों को पता होता है कि उन्हें अपराधियों को कब अदालत में पेश करने के लिए लाना है। लेकिन उन्हें एक ही कोठरी में रखना सुरक्षा में बड़ी चूक है।

## मैनपुरी में आर्मी के फर्जी ट्रेनिंग कैंप का भंडाफोड़

- मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसका सहयोगी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मैनपुरी जिले में फर्जी आर्मी ट्रेनिंग कैंप का राजफाश हुआ है जहां से कई राज्यों के युवाओं को ठगा जा रहा था। उत्तराखंड, तेलंगाना, हरियाणा, राजस्थान, उड़ीसा, कर्नाटक आदि में विज्ञापन जारी कर फर्जी ट्रेनिंग के लिए युवाओं को इन सेंटरों पर बुलाया जाता था।

इस गैंग के मास्टरमाइंड अरविंद पांडेय और उसकी सहयोगी सुमित्रा सेनापति को गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। भारतीय पुलिस प्रोटेक्शन फोर्स (बीपीपीएफ) नाम से संचालित हो रहे इस नकली सैन्य भर्ती केंद्र से सेना जैसी वर्दी, नकली एयर गन, फर्जी दस्तावेज के साथ कई अन्य सामान बरामद हुए हैं। तेलंगाना के करीमनगर जिले के बनटाउन थाना क्षेत्र के रामचंद्रपुर कॉलोनी निवासी अशोक पुत्र राजइया ने किशनी पुलिस से शिकायत की थी। गिरोह के सदस्य सेना में भर्ती का झांसा देकर युवाओं से 2 से 3 लाख रुपये तक वसूली कर रहे थे। अब तक करीब 400 युवाओं से ठगी की जा चुकी है।

## शर्मिष्ठा पनोली को अंतरिम जमानत

- विवादित वीडियो पोस्ट करने पर हुई थी गिरफ्तारी

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सांप्रदायिक टिप्पणियों वाला वीडियो अपलोड करने के आरोप में गिरफ्तार सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर शर्मिष्ठा पनोली को गुरुवार को अंतरिम जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि उसके खिलाफ शिकायत में किसी संज्ञेय अपराध का खुलासा नहीं हुआ है। कानून की छात्रा पनोली (22) को पिछले सप्ताह हरियाणा के गुरुग्राम से कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसके खिलाफ कोलकाता के गार्डन रीच थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# भारत में निर्मित किया जाएगा लड़ाकू विमान राफेल का ढांचा

## फ्रांस की दसॉ एविएशन के साथ हुआ टाटा एडवांस सिस्टम का करार

- उत्पादन के लिए हैदराबाद में होगी एक अत्याधुनिक केंद्र की स्थापना

नई दिल्ली, एजेंसी

फ्रांस की विमान निर्माण कंपनी दसॉ एविएशन ने भारत में राफेल लड़ाकू विमान का ढांचा (फ्यूजलाज) बनाने के लिए गुरुवार को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड से समझौता करने की घोषणा की। दोनों कंपनियों के बीच हुए करार के तहत टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लड़ाकू विमान के प्रमुख ढांचे का उत्पादन करने के लिए हैदराबाद में एक अत्याधुनिक उत्पादन केंद्र की स्थापना करेगी।

टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) ने कहा कि हैदराबाद में स्थापित होने वाल फैक्ट्री में राफेल के पहले ढांचे का निर्माण वर्ष 2028 में होने की संभावना है और उत्पादन केंद्र से प्रति माह दो पूर्ण ढांचों की आपूर्ति होने की उम्मीद है। टीएएसएल ने कहा कि वह हैदराबाद में राफेल के प्रमुख संरचनात्मक खंडों के निर्माण के लिए एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित करेगी, जिसमें पिछले हिस्से का ढांचा, पूरा पिछला भाग, बीच का हिस्सा और अगला हिस्सा शामिल हैं।

टीएएसएल ने कहा कि उसने भारत में राफेल लड़ाकू विमान के ढांचे के निर्माण के लिए दसॉ एविएशन के साथ चार उत्पादन हस्तांतरण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। उसने कहा कि यह देश की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को समर्थन देने की दिशा में एक अहम कदम है। दसॉ एविएशन के चेयरमैन और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि पहली बार राफेल के धड़ का उत्पादन फ्रांस के बाहर किया जाएगा।



### भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में यह अहम कदम

दसॉ के चेयरमैन ट्रैपियर ने कहा कि यह भारत में हमारी आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय एयरोस्पेस उद्योग में प्रमुख कंपनियों में से एक टीएएसएल सहित हमारे स्थानीय भागीदारों के विस्तार के कारण, यह आपूर्ति श्रृंखला राफेल के सफल विस्तार में योगदान देगी और हमारे समर्थन से हमारी गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता आवश्यकताओं को पूरा करेगी। टीएएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक सुकरन सिंह ने कहा कि यह साझेदारी भारत के एयरोस्पेस क्षेत्र में एक अहम कदम है।

### कारगिल युद्ध के शहीदों को सलामः यह रस्म नहीं खास संदेश-भारत की आत्मा में बसा हुआ है शहीदों का बलिदान, जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान

# सेना के जवान पहुंचें शहीदों के घर, परिजनों को स्मृति सम्मान चिन्ह दिए

वो चोटियां जहां आज तिरंगा लहराता है, वहां एक समय गोलियों की बौछार थी पर हमारे वीरों ने हिम्मत नहीं हारी, बल्कि दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देकर भारत माता की शान बढ़ाई। कारगिल के उन अमर बलिदानियों को कोटि-कोटि नमन! जय वीर बलिदानी, जय भारत, जय उत्तराखंड।


नायक कृष्ण बहादुर थापा।


राइफलमैन नरपाल सिंह।



सेना द्वारा देहरादून में कारगिल युद्ध के दो बलिदानियों के घर जाकर उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** सेना द्वारा देहरादून में कारगिल युद्ध के दो बलिदानियों के घर जाकर उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इनमें शहीद नायक कृष्ण बहादुर थापा के सेलाकुई और राइफलमैन नरपाल सिंह के थानों स्थित आवास पर जाकर उनके परिजनों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वीर जवानों की जय और भारत माता की जय के नारों से वातावरण गूंज उठा।

आगामी 26वें कारगिल विजय दिवस के अवसर पर पूरे उत्तराखंड के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर भारतीय सेना की ओर से उन सभी शहीदों को याद किया, जिन्होंने 1999 के कारगिल युद्ध में सर्वोच्च बलिदान दिया। इस आयोजन में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, पूर्व सैनिक, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

सेना की ओर से एक जागरूकता अभियान की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में नायब सूबेदार सुधीर चंद्र और उनके अन्य साथियों ने सैन्य अनुशासन का परिचय देते हुए 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अमर शहीदों की बहादुरी को याद किया और उनके परिवारों को सम्मानित किया। यह भावुक अवसर सभी उपस्थितों के लिए गर्व और श्रद्धा का प्रतीक बना।

जवानों ने कहा "हम अपने वीर साथियों को भूले नहीं हैं, न कभी भूलेंगे। यह हमारा कर्तव्य नहीं, हमारी भावना है कि हम उनके परिजनों को बताएं कि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया है।"

शहीद के परिजन बोले, पति, बेटा, भाई तो खो दिया पर आज महसूस हुआ कि पति, बेटा ,भाई अकेला नहीं था। पूरी भारतीय सेना उनके पीछे खड़ी है। वहीं, यह आयोजन केवल एक रस्म नहीं, बल्कि यह संदेश था कि देश अपने शहीदों और उनके परिवारों को कभी नहीं भूलता। उनका बलिदान भारत की आत्मा में बसा हुआ है।

## राज्यपाल ने बाबा नीम करौरी के दर्शन किए

**नैनीताल, अमृत विचारः** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने गुरुवार को अलौकिक शक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा के परम केंद्र श्री कैंची धाम पहुंचकर बाबा नीम करौरी महाराज के दर्शन किए। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि बाबा नीम करौरी महाराज की तपोभूमि में श्रद्धा, विश्वास और भक्ति का भाव जागृत होता है। यह पावन धाम न केवल साधना का केंद्र है, बल्कि जन-जन के लिए आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर भी उपस्थित रहीं।

### सार-संक्षेप


समर कैंप में विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि। ● अमृत विचार

#### प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

**भीमताल :** पीएमश्री अटल उत्कृष्ट एसबीएसएम राइंका पतलोट में समर कैंप का समापन हो गया। मुख्य अतिथि के रूप में संदर्भ दाता डॉ. देवेंद्र कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पतलोट रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य आशुतोष साह ने की। इस दौरान भाषा आधारित क्विज प्रतियोगिता आयोजित हुई। साथ ही बच्चों ने एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण किया। कला, पेंटिंग, नृत्य आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पर रहे छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सत्येंद्र नाथ तिवारी, शेर सिंह बिष्ट व पुष्पा गैडा आदि मौजूद रहे।


स्वच्छता अभियान चलाते निरंकारी मिशन के सेवादार। ● अमृत विचार

#### शिप्रा नदी में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**भवाली :** संत निरंकारी मिशन के सेवादारों ने शिप्रा नदी में स्वच्छता अभियान चलाया। मिशन के लगभग 200 सेवादारों ने इसमें भागीदारी की। यह अभियान गुरुवार सुबह आठ बजे से दो बजे तक चलाया गया। अभियान को मेन हैड जसविंदर सिंह व सर्वेश कुमार रस्तोगी लीड कर रहे थे। नैनीताल हैड के अंतर्गत सितारगंज, खटीमा, गदरपुर व पिथौरागढ़ सेवादल क्षेत्र के सेवादार शामिल हुए। इनमें जग्गा राम व राजकुमार आदि शामिल रहे।



अभियान के दौरान सीज किया गया वाहन। ● अमृत विचार

#### तीन वाहनों को किया सीज, दस चालान भी किए

**भवाली :** संभागीय परिवहन अधिकारी गुरदेव सिंह के आदेशानुसार गुरुवार को चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान एक वाहन को स्कूली बच्चों को ले जाते समय पकड़ा गया। आरटीओ जितेंद्र सिंगवान ने इस वाहन को सीज कर दिया। इस वाहन पर पेट्रोल पंप के पास कार्रवाई की गई। वहीं, निंगलाट के पास एक स्कूटी भी सीज की गई। आरटीओ ने बताया कि दस चालान करने के साथ ही तीन वाहन भी सीज किए हैं। इनमें एक बिना परमिट की बस भी है। टीम के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। बताते चले कि भवाली में निजी वाहनों से बच्चों को स्कूल ले जाने का काम किया जा रहा है।

# अब मिड-डे मील में मोटा अनाज शुरू बच्चों को पौष्टिक आहार मिलेगा

### बाजरा, ज्वार, रागी और झिंगोरा आदि भोजन में होंगे शामिल, इनमें पाए जाते हैं पोषक तत्व

**संवाददाता, हल्द्वानी**



**अमृत विचारः** प्रदेश के सभी स्कूलों में मध्याह्न भोजन (मिड-डे-मील) में बच्चों को अब मोटा अनाज परोसा जाएगा। मोटे अनाज में बाजरा, ज्वार, रागी और झिंगोरा आदि शामिल होंगे, जिसमें बड़ी मात्रा में फाइबर, प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन और अन्य सूक्ष्म पोषक तत्व होते हैं। ईट राइट इंडिया योजना तीन प्रमुख बिंदुओं ईट हेल्दी, ईट सेफ और ईट सस्टेनेबल पर आधारित है।

समग्र शिक्षा उत्तराखंड के अपर राज्य परियोजना निदेशक कुलदीप गैरोला ने प्रदेश के समस्त जिला शिक्षाधिकारी प्रारंभिक को योजना को लेकर जरूरी निर्देश दिए हैं। उन्होंने समस्त जिला शिक्षाधिकारियों से मिड-डे-मील में सप्ताह में एक दिन मोटा अनाज स्थानीय उत्पाद से तैयार व्यंजन परोसे जाने के लिए कहा है। मोटा अनाज लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करने के साथ ही पाचन क्रिया को बेहतर बनाता है।

वहीं, दूसरी ओर स्थानीय खाद्य पदार्थ जैसे मंडुवा, चौलाई, चैसा, झिंगोरा, गहत, भट्ट की चुड़कानी, काफली, भटवाणी, फाणा, झोली, कापा, चौलाई के लड्डू, कोदा, स्वाला, कंडाली का साग और सोयाबीन के छोले आदि भी स्वाद और पोषण से भरपूर है। प्रचुर मात्रा में पोषण से भरपूर भोजन की थाली से बच्चों को कुपोषण और एनीमिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इसे लेकर पूर्व में भी आदेश जारी किए गए थे। लेकिन इसे अभी तक लागू नहीं किया गया। जिस पर अपर निदेशक ने दोबारा प्रदेश के समस्त जिला शिक्षाधिकारियों को इस संबंध में पत्र लिखा है।

> मिड-डे-मील में मोटे अनाज को शामिल करने के निर्देश मिले थे। जिस पर इसे लागू कर दिया गया है। साथ ही मिड-डे-मील में स्थानीय उत्पादों के व्यंजन भी शामिल किये जाने के निर्देश मिले हैं। इसे भी शीघ्र लागू किया जाएगा।
> **- पुष्कर लाल टम्टा**, प्रभारी मुख्य शिक्षाधिकारी, नैनीताल

#### सुरक्षित खाद्य व संतुलित आहार को बढ़ावा देने को किया जाएगा जागरुक

**हल्द्वानी :** फिट इंडिया अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य जागरुकता अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत स्कूलों में बच्चों को सुरक्षित खाद्य और संतुलित आहार को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्कूल परिसर में सुरक्षित खाद्य और संतुलित आहार दिए जाने के लिए स्कूलों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया है। साथ ही बच्चों को सुरक्षित भोजन और संतुलित आहार उपलब्ध कराने के लिए दिशानिर्देश और खाद्य पदार्थों के चयन के लिए मार्गदर्शन तालिका भी बनाई जा रही है। ईट राइट थाली का स्कूलों में बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार डिस्प्ले बोर्ड आदि के माध्यम से किया जाएगा।


रॉबिन हुड हाउस को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

## ओवरऑल ट्रॉफी पर रॉबिन हुड हाउस ने जमाया कब्जा

**संवादाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** शेरवुड कॉलेज के 156वें वार्षिकोत्सव संपन्न हो गया। ओवरऑल कॉक हाउस ट्रॉफी पर रॉबिन हुड हाउस ने कब्जा जमाया। मुख्य अतिथि असम राज्य के विशेष मुख्य सचिव व विद्यालय के पूर्व छात्र एस. अब्बासी ने विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की।

विद्यालय सभागार में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अव्वल प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कैंडल कप ट्रॉफी का पुरस्कार सारामौर ग्रेवाल को दिया गया। नाटकों में अव्वल अभिनय करने वाली छात्रा अनमोल सिंह को बच्चन पात्रा ट्रॉफी प्रदान की गई। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ छात्र का पुरस्कार निमित राज व परीक्षा भसीन को दिया गया। मुख्य अतिथि एस. अब्बासी ने कहा कि विद्यार्थियों को लगन के साथ लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य अमनदीप संधु ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम में कॉलेज कैप्टन उत्कर्ष साह, पूर्व कैप्टन एपी सिंह, हेम चंद्र पांडे, अपूर्व सिंह, वित्त प्रबंधक बासु साह, संदीप बिष्ट, रोहित जलाल, सुनील सिंह, राज कुमार, सचिन कुमार, कोच ए भंडारी, जैशमीन, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।


फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

## मुख्यमंत्री ने किया फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ

**मुख्य संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को धारकोट गौदान की पुकार फिल्म के मुहूर्त शॉट क्लैप कर किया। उन्होंने कहा कि गौरक्षा एवं गौकल्याण पर आधारित यह फिल्म गौसेवा के लिये प्रेरणा प्रदान करने में मददगार होगी। राज्य फिल्म निर्माण के क्षेत्र में प्रमुख केन्द्र के रूप में पहचान बना रहा है। इस दौरान फिल्म निर्माता विनोद चौधरी, मनोज जोशी एवं उपासना सिंह मौजूद थे।

# बार एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया शुरू

**संवाददाता, पिथौरागढ़**

**अमृत विचारः** जिला चार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया शुरू हो गई है। पहले दिन अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपसचिव पद के लिए एक-एक, जबकि सचिव और कोषाध्यक्ष पद के लिए दो-दो नामांकन पत्र बिके।

जिला चार एसोसिएशन के त्रैवार्षिक चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। बीते तीन जून को अधिसूचना लागू होने के बाद बृहस्पतिवार से नामांकन पत्रों की बिक्री शुरू हुई। पहले दिन मोहन चंद्र भट्ट ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र खरीदा।

वहीं, उपाध्यक्ष पद पर अनिल रौतेला, सचिव पद पर पंकज शर्मा और आशीष हावर्ड, उपसचिव पद पर विनोद सिंह मतवाल, कोषाध्यक्ष पद पर ललित मोहन पंत और संजय भट्ट नामांकन पत्र खरीदते हुए चुनावी मैदान में उतरे हैं। चुनाव संपन्न कराने के लिए पीसी पाटनी को मुख्य चुनाव अधिकारी, जबकि एमएस महर को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है।

मुख्य चुनाव अधिकारी पंत ने बताया कि 10 जून तक नामांकन पत्र खरीदे जा सकते हैं और इसी दिन अपराह्न तीन बजे तक जमा भी किए जाएंगे।

इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच होगी। 11 जून को उम्मीदवारों का नाम प्रकाशन होगा। 12 को नाम वापसी होगी। फिर 18 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2:45 बजे तक मतदान होगा और दोपहर 3:15 बजे से मतगणना और परिणाम घोषित किया जाएगा।


पिथौरागढ़ में जिला बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए नामांकन पत्र लेते दावेदार। ● अमृत विचार

# चालक को मिर्गी का दौरा पड़ा, खाई में गिरने से बाल-बाल बची बस

**संवाददाता, देहरादून**

**अमृत विचारः** बद्रीनाथ यात्रा मार्ग पर बुधवार देर रात बड़ा हादसा होने से बच गया। बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं को लेकर आ रही एक बस बद्रीनाथ धाम से कुछ पहले देवदर्शनी बैरियर और लॉर्ड्स पैलेस के बीच खराबी आने से अचानक सड़क के बीचों-बीच खड़ी हो गई। बस के इस अचानक रुकने से उसमें सवार यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। जिसमें कुछ यात्री मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर कोतवाल नवनीत भंडारी मौके पर पहुंचे और घायलों को अस्पताल भेजा।



बस में 30 यात्री सवार थे। बस के अचानक खराब होने के पीछे के कारणों की जब पुलिस ने गहराई से जांच की तो अत्यंत ही हैरान कर देने वाला गंभीर मामला सामने आया। पुलिस ने बस चालक के स्वास्थ्य संबंधी इतिहास की जानकारी ली, तो पता चला कि बस चालक लंबे समय से मिर्गी रोग से ग्रसित है। घटना की रात, वाहन चलाते समय चालक को अचानक मिर्गी का दौरा आ गया था, जिसके कारण उसने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस बीच सड़क पर रुक गई। चालक की इस स्वास्थ्य समस्या के बावजूद उसे चारधाम यात्रा जैसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील मार्ग पर बस चलाने की अनुमति देना वाहन स्वामी की ओर से घोर लापरवाही है। वाहन स्वामी की यह लापरवाही सामने आने पर कोतवाली बद्रीनाथ पुलिस ने कार्यवाही करते हुए तत्काल बस को सीज कर दिया। साथ ही चालक के ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द करने के लिए भी नियमानुसार निस्तीकरण की कार्यवाही जारी है। पुलिस अधीक्षक चमोली सर्वेश पंवार ने इसे यात्रियों की सुरक्षा के साथ एक बड़ी लापरवाही मानते हुए तत्काल ही संबंधित वाहन स्वामी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं।

# न्यायाधीश सुभाष का बार ने किया स्वागत

**विधि संवाददाता, नैनीताल**

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के नवनियुक्त न्यायाधीश सुभाष उपाध्याय के बार एसोसिएशन सभागार पहुंचने पर अधिवक्ताओं से जोरदार स्वागत किया।



न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय के सम्मान में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ताओं और हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी ने उन्हें पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर दुर्गा सिंह मेहता अध्यक्ष हाईकोर्ट बार एसोसिएशन, वीरेंद्र सिंह रावत महासचिव, रजत मित्तल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मधु नेगी सामंत उपाध्यक्ष, अनिल मेर उपाध्यक्ष, वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. महेंद्र सिंह पाल, अवतार सिंह रावत, एमसी कांडपाल, वीके कोहली, पुष्पा जोशी, केपी उपाध्याय, एमएस त्यागी, भुवनेश जोशी, कुंदन सिंह, ममता आर्या, सौरव पांडे, सुखबानी सिंह, डीसीएस रावत, अक्षय लटवाल, आरएस सम्मल, सौरव अधिकारी, एमसी पंत, सैय्यद नदीम खुर्शीद आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते उत्तराखंड किसान आयोग के अध्यक्ष अजीत चौधरी। ● अमृत विचार

## विभिन्न योजनाओं के बाबत दी जानकारी

**संवाददाता, लालकुआं**

**अमृत विचारः** उत्तराखंड किसान आयोग के अध्यक्ष अजीत चौधरी के पहली बार लालकुआं पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की ओर से किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। उत्तराखंड किसान आयोग के अध्यक्ष अजीत चौधरी के यहां पहुंचने पर बिंदुखत्ता भाजपा मंडल ने स्वागत किया। नगर पंचायत कार्यालय लालकुआं व बरेली रोड क्षेत्र के हैडा गज्जर गांव में भी समारोह हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक डॉ. मोहन बिष्ट, नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, मंडल अध्यक्ष अरुण जोशी, महामंत्री राजकुमार सेतिया, हल्दूचौड़ मंडल अध्यक्ष रोहित दुम्का, बॉबी संभल, दीपेंद्र कोश्यारी, सभासद हेमंत पांडेय, सुरेश शाह, भुवन पांडेय, मनीष बोरा, चौधरी सर्वदमण सिंह, पवन कुमार चौहान, हरीश नैनवाल, महेश चौधरी, संजय अरोड़ा, नारायण सिंह बिष्ट, निशा जोशी, तारा पांडे और भावना मेलकानी आदि मौजूद रहे।

## आज का मौसम

आसमान में चटख धूप खिली रहेगी।

32.0° अधिकतम तापमान
23.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.12
सूर्यास्त 19.09

## आज के कार्यक्रम

- प्राचीन श्री कालू सिद्ध मंदिर के नए भवन में शिफ्टिंग पर प्राण प्रतिष्ठा पूजन 11 बजे
- पूर्व सीएम हरीश रावत की संकल्प बैंक्वेट हॉल में काफल पार्टी होगी 4 बजे

## एक नजर

### तीन दिन से पानी को तरस रहे पॉलीसीटवासी

**हल्द्वानी :** शहर के पॉलीसीट क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया ने जल संस्थान से पेयजल आपूर्ति ठप होने की शिकायत की। इसके बाद जल संस्थान ने क्षेत्र में पानी का टैंकर भेजा, जिससे लोगों को दैनिक कार्यों के लिए पानी मिला। उन्होंने कहा कि यह समस्या पिछले तीन दिनों से बनी हुई थी, लेकिन जल संस्थान को सूचना देने के बाद टैंकर से लोगों को पानी वितरित किया। इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की मांग की है ताकि रोजमर्रा की पानी की जरूरतें पूरी हो सकें। जल संस्थान के ईई आरएस लोशाली ने बताया किपाइपलाइन में तकनीकी समस्या आई है, जिसको दुरुस्त किया जा रहा है।

### प्लास्टिक प्रदूषण और उसके प्रभाव को लेकर जागरूक किया

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड शहरी क्षेत्र विकास एजेंसी ने प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करना थीम के तहत अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाया। इस मौके पर परियोजना क्षेत्र में प्लास्टिक प्रदूषण और उसके प्रभाव पर जागरूकता की गई। प्लास्टिक के उपयोग को कम करने, कचरे का उचित प्रबंधन, रीसाइक्लिंग को बढ़ावा देने और माइक्रोप्लास्टिक के प्रभावों पर चर्चा की गई। साथ ही पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान परियोजना प्रबंधक कुलदीप सिंह, संतोषी डिमरी, गीता उप्रेती, कनक, कविता, मयंक तिवारी, वंदना, मनोज, अजय, राधा, महेंद्र और जितेंद्र मनराल आदि मौजूद रहे।

## राजकीय मेडिकल कॉलेज के उपनल कर्मियों ने दो माह से वेतन नहीं मिलने के विरोध में किया प्रदर्शन, चेतावनी दी

# वेतन नहीं मिला तो सोमवार से तीन घंटे का कार्य बहिष्कार

आक्रोश 1

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** राजकीय मेडिकल कॉलेज और डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में कार्यरत उपनल कर्मी दो माह से वेतन नहीं मिलने से परेशान हैं। आक्रोशित कर्मियों ने एसटीएच में प्रदर्शन किया और इस संदर्भ में प्राचार्य डॉ. अरुण जोशी से बात की। उन्होंने रविवार तक वेतन नहीं मिलने पर सोमवार से तीन घंटे के कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी है।

मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में करीब 659 उपनल कर्मचारी काम करते हैं। इनमें नर्स, लिपिक, तकनीशियन, फार्मासिस्ट, सफाईकर्मी, जनरल मेंटनेंस कर्मी आदि शामिल हैं। यहां स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने का बहुत बड़ा जिम्मा इन्हीं पर है। इधर अप्रैल-मई दो माह का वेतन नहीं मिलने से उनके सामने परिवार का भरण पोषण मुश्किल हो रहा है। गुस्साए कर्मचारियों ने एसटीएच में प्रदर्शन किया। बाद में नीरज हैड़िया के नेतृत्व में उपनल कर्मियों के प्रतिनिधि मंडल ने प्राचार्य डॉ. जोशी से मुलाकात कर वेतन दिलाने की मांग की। प्राचार्य ने एक बार फिर जल्द वेतन दिलाने का आश्वासन दिया हालांकि इससे बात नहीं बनी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक सभी उपनल कर्मियों का बकाया वेतन नहीं दिया तो सोमवार से सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे उपनल कर्मी कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके बाद बांह पर काला फीता बांधकर काम करेंगे। स्वास्थ्य सेवाएं अगर लड़खातीं हैं तो इसकी जिम्मेदारी चिकित्सा शिक्षा स्वास्थ्य विभाग की होगी। इस दौरान चंदू कफल्टिया, सुनील, राकेश, दुर्गादत्त, मनोज, गिरीश आदि रहे।


गुरुवार को एसटीएच में प्रदर्शन करते उपनल कर्मचारी। ● अमृत विचार

**पद स्वीकृत नहीं होने से नहीं मिल रहा वेतन :** उपनल कर्मियों के अनुसार, राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रशासन उनके साथ अन्याय कर रहा है। पूर्व में उत्तरांचल फॉरेस्ट हॉस्पिटल ट्रस्ट के तत्वाधान में करीब 1600 पद स्वीकृत थे। चयन प्रक्रिया के उपरांत 659 कर्मियों को नियुक्त किया था। 1 मई 2010 को संस्थान का राजकीयकरण हो गया लेकिन इन कर्मियों को नियमित नहीं किया गया। नियमितिकरण की लड़ाई को उपनल कर्मी सुप्रीम कोर्ट में भी जीत चुके हैं लेकिन विडंबना यह है कि उपनल कर्मियों के पद को पिछले 15 सालों में स्वीकृत ही नहीं किया गया है इसलिए इन कर्मियों पारिश्रामिक मद तो कभी व्यवसायिक मद या रखरखाव मद वेतन दिया जाता है। इस वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के बाद वित्त विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि मेडिकल कॉलेज प्रशासन को इन पदों को लेकर स्थिति स्पष्ट करनी होगी और जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं होती तब तक वेतन जारी नहीं किया जाएगा। बताया जा रहा है कि इसी वजह से वेतन अटका हुआ है।

### परिवहन निगम के कर्मी भी वेतन के लिए परेशान

आक्रोश 2

**हल्द्वानी :** वेतन नहीं मिलने की वजह से परिवहन निगम के नियमित और अनुबंधित कर्मचारी भी परेशान हैं। इनमें चालक, परिचालक, तकनीशियन, लिपिक आदि शामिल हैं। कर्मचारी नेता कमल पपनै ने बताया कि परिवहन निगम कर्मियों को नियमित तौर पर वेतन नहीं दे पाता है। हर बार वेतन देरी से ही मिलता है। इस बार मई माह का वेतन अभी तक नहीं आया है जबकि सरकारी विभाग में एक तारीख को वेतन दिए जाने की परंपरा है। अनुबंधित कर्मियों ने कहा कि उनका वेतन पहले से ही कम है और समय पर नहीं मिलने से कर्मचारियों और परिवार चलाने में भी दिक्कत आती है। कर्मचारियों का कहना है कि वेतन सही समय पर मिले इसके लिए 10 जून को आंदोलन के लिए बैठक की जाएगी। जिसमें आगे की रणनीति तय होगी।

### सफाई कर्मियों का धरना शुरू

आक्रोश 3

**हल्द्वानी :** विभिन्न मांगों को लेकर देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ ने तीन दिवसीय सांकेतिक धरना नगर निगम में शुरू कर दिया है। गुरुवार को धरनास्थल पर संगठन के प्रदेश मंत्री अमित कुमार ने कहा कि अस्थाई कर्मियों का एक वर्ष से एरियर का भुगतान रुका है। साथ ही एसीपी की लंबित राशि, पर्यावरण पर्यवेक्षक भर्ती में योग्य कर्मियों को वरीयता और मोहल्ला स्वच्छता समिति में पात्र व जरूरतमंद कर्मियों को अवसर देने की मांग रखी गई। कर्मचारियों ने कहा कि मांगें पूरी नहीं हुई तो कार्यबहिष्कार किया जाएगा। प्रदर्शन में राजेश, रोहित टांक, विशाल, शम्मी, सिद्धार्थ चौहान, मुकेश लक्की, श्याम आदि रहे।

# विडंबना: जिसका अपहरण हुआ उसी के खिलाफ केस दर्ज

## एक माह से फरार अपहर्ता ने मुखानी पुलिस की हीलाहवाली का उठाया फायदा, पीड़ित बोला, समझौता कराने के लिए लिखाया मुकदमा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एक माह पूर्व मुखानी थानाक्षेत्र में उप्र के कार सवार बदमाशों ने युवक के अपहरण की दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पुलिस के लचर रवैये का खामियाजा अब उस पीड़ित को भुगतना पड़ेगा। इधर, पुलिस लगातार दावा कर रही थी कि वह जल्द ही फरार अपहरणकर्ताओं को गिरफ्तार कर लेंगे और इस बीच अपहरण के मुख्य आरोपी ने अपहृत हुए पीड़ित तुषार के खिलाफ ही फरीदाबाद में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर दिया जबकि वह अभी भी अस्पताल में भर्ती है।

पुलिस के अनुसार, तल्ली बमौरी गली नंबर एक मुखानी निवासी तुषार लोहनी पुत्र गिरीश चंद्र लोहनी का अपहरण बीती 6 मई को कालाढूंगी रोड स्थित ईएनटी हॉस्पिटल के पास हुआ था। यूपी 96 जे 4013 नंबर की कार में सवार पांच लोगों ने तुषार को सड़क पर खींचते और बुरी तरह पीटते हुए उसे अगवा किया था। 7 मई को गिरीश चंद्र लोहनी ने थाना मुखानी में अलोक रंजन तिवारी और कपिल तिवारी के मुकदमा दर्ज कराया था। अपहरण की पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी वायरल हुआ है। 10 मई की शाम पुलिस ने तुषार को अधमरी अवस्था में बांदा के आसपास सड़क से बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने अलोक के पिता दयाशंकर तिवारी समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया लेकिन पुलिस फरार आलोक रंजन तिवारी और कपिल तिवारी को नहीं पकड़ पाई थी।

पुलिस लगातार दावा करती रही कि फरार आरोपियों की तलाश में दबिशें दी जा रही हैं, जबकि असल में दोनों खुलेआम घूम रहे थे। इस बीच 23 मई को महोखर, बांदा उत्तर प्रदेश निवासी मुख्य आरोपी आलोक रंजन तिवारी ने तुषार और आयत उर्फ शालिनी के खिलाफ थाना भुपानी फरीदाबाद में मुकदमा दर्ज करा दिया। आलोक ने तुषार और आयत के खिलाफ 50 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी का कहना है कि आलाधिकारियों से इजाजत लेकर आरोपियों की धरपकड़ के लिए टीम रवाना की जा रही है।


पीड़ित तुषार।

**06** मई को मुखानी थानाक्षेत्र से हुआ था तुषार का अपहरण


सीसीटीवी में कैद हुई अपहरण की वारदात, तुषार को खींचकर ले जाते अपहरणकर्ता।

### इंस्टाग्राम पर एक्टिव, एसएसपी को मेल भी किया

**हल्द्वानी :** गिरीश चंद्र लोहनी ने पुलिस पर और भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका दावा है कि मुखानी पुलिस जिसे फरार बता रही थी वो आराम से इंस्टाग्राम चला रहा था। न सिर्फ इंस्टाग्राम चला रहा था बल्कि उसने एसएसपी को मेल तक भेजा। वो उत्तर प्रदेश से दिल्ली तक लगातार सफर करता रहा और अंत में तुषार पर मुकदमा दर्ज करा दिया। उन्होंने फरीदाबाद के भोपानी थाना और वहां से अधिकारियों पर भी गंभीर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

## अपहरण में इस्तेमाल कार बरामद नहीं कर सकी पुलिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** जिस कार से तुषार का अपहरण किया गया, उस कार में सवार पांच लोग उत्तर प्रदेश से सुबह-सुबह हल्द्वानी पहुंच गए।

रेकी की और फिर सरेआम तुषार का अपहरण कर लिया। घटना न सिर्फ घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी में कैद हुई, बल्कि हल्द्वानी से बांदा के बीच लगे सैकड़ों सीसीटीवी और टोल प्लाजा में नजर आई। पुलिस ने तेजी दिखाई और तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन केस प्रॉपर्टी बनी इस कार और दोनों मुख्य आरोपियों की गिरफ्तार नहीं कर सकी।

### पिता ने मानवाधिकार आयोग से लगाई गुहार

**हल्द्वानी :** तुषार के पिता गिरीश चंद्र लोहनी का आरोप है कि इस मामले में पुलिस ने उनसे सीधे मुंह बात तक नहीं कर रही। जब वह सीओ और फिर एसपी सिटी तक गुहार लगा चुके हैं। मजबूर होकर उन्हें तब उत्तराखंड मानवाधिकार आयोग से गुहार लगानी पड़ी जब पुलिसिया हीलाहवाली के बीच आरोपी ने बेटे के खिलाफ ही मुकदमा दर्ज करा दिया। उन्होंने पुलिस पर पक्षपात का आरोप लगाया है। मामले की निष्पक्ष जांच, पक्षपाती पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## जंगल में पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**रामनगर, अमृत विचार :** ग्राम मालधन चौड़ के अंतर्गत ढेला बैराज के जंगल में पेड़ पर एक युवक का शव मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

जंगल में पेड़ पर लटका हुआ यह शव जंगल में गश्त करने के दौरान वनकर्मियों ने देखा था। कोतवाल अरुण कुमार सैनी, वरिष्ठ उप निरीक्षक मोहम्मद यूनुस, मालधन चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कोतवाल सैनी ने बताया कि मृतक की पहचान दीपक पुत्र मुरारी लाल 39 वर्ष निवासी ग्राम शिवनाथपुर के रूप में हुई है। मृतक करीब तीन-चार दिन से घर से लापता था। उन्होंने बताया कि इस मामले में परिजनों ने कोई सूचना नहीं दी थी। वह स्वयं ही उसकी खोजबीन कर रहे थे। बरामद शव तीन से चार दिन पुराना है। प्रथम दृष्टि यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन फिर भी पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद उसकी जांच की जाएगी। मृतक शादीशुदा था और उसके बच्चे हैं।

# बकरीद : ट्रंचिंग ग्राउंड के गड्ढों में दफन होगा कुर्बानी अवशेष

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- अवशेष को गलाने के लिए गड्ढों में डाला जाएगा नमक
- खुले में कुर्बानी पर है पाबंदी ढककर ले जाया जाएगा कचरा



**अमृत विचार :** साफ-सुथरी और सुरक्षित बकरीद के लिए नगर निगम के साथ पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। मुस्लिम मोहल्लों में साफ-सफाई के साथ यह हिदायत दी जा चुकी है कि कुर्बानी चिह्नित स्थलों पर पर्दे के पीछे होंगी। कुर्बानी के बाद जो अवशेष निकलेगा, उसे ट्रंचिंग गाउंड में तैयार किए जा रहे गड्ढों में नमक के साथ दफन किया जाएगा, ताकि जल्द नष्ट हो जाए।

बकरीद को लेकर हाल में ही पुलिस ने प्रशानिक अधिकारियों के साथ मिलकर पीस कमेटी की बैठक की थी। जिसमें यह स्पष्ट संदेश था कि जुम्मे की नमाज सड़क पर नहीं होगी, खुले में कुर्बानी नहीं होगी और सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखा जाएगा। कुर्बानी के लिए प्रशासन की ओर से स्थान चिह्नित किए गए हैं। कुर्बानी के बाद निकलने वाले अवशेष को खुले वाहनों से नहीं ढोया जाएगा। इसके खात्मे के लिए नगर निगम ने ट्रंचिंग ग्राउंड में गड्ढे खुदवाए जा रहे हैं, जिनकी संख्या पिछले वर्ष खुदवाए गड्ढों से अधिक है। इसीके साथ नगर निगम इन गड्ढों में नमक भी डालेगा ताकि अवशेष जल्द गल जाए और बीमारी का खतरा पैदा नहीं हो। नगर निगम की टीमों को भी इसके लिए लगाया गया है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गणेश कांडपाल का कहना है कि कुर्बानी पर्दे में चिह्नित स्थानों पर होगी और अवशेषों को ट्रंचिंग ग्राउंड में दफनाया जाए। इसके अतिरिक्त मुस्लिम इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए हैं। सीओ सिटी नितिन लोहनी ने बताया कि सुरक्षा से समझौता नहीं होगा, माहौल बिगाड़ने वालों पर केस दर्ज किया जाएगा।

# हल्द्वानी से चला गजरौला में टुन्न हो गया बस चालक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रोडवेज की अनुबंधित बस 17 यात्रियों को लेकर दिल्ली के लिए निकली। गजरौला पहुंचते ही बस ढाबे पर रुकी तो बस का चालक नशे में धुत हो गया। वह नशे की हालत में बोनट पर सो गया। परिचालक व यात्रियों ने उठाने की कोशिश की। इस पर वह जैसे तैसे उठा, इस पर यात्रियों ने हंगामा काट दिया। बाद में यात्रियों को अन्य बसों से भेजा गया।

परिवहन निगम की अनुबंधित बस संख्या यूके 04 पीए 1972 दिल्ली रूट पर चलती है। बीते बुधवार रात 10 बजे हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से करीब 18 यात्रियों को लेकर रवाना हुई यह बस गजरौला ढाबे पर करीब 1.30 बजे रुकी। यहां यात्रियों ने देखा कि चालक आकिब खान नशे में बोनट पर गहरी नींद में सोया हुआ था। यात्रियों और परिचालक ने चालक को जगाने की कोशिश की, लेकिन वह एक घंटे बाद तक स्टीयरिंग पर बैठ कर नशे की हालत में झूलता रहा। इसे देखते हुए परिचालक ने उच्चाधिकारियों को सूचित किया। परिचालक ने सवारियों को दूसरी बस में बैठाकर दिल्ली रवाना किया और मुख्य बस को ढाबे में ही खड़ा कर दिया। काठगोदाम डिपो के एआरएम राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया। अनुबंधित बस के स्वामी को चालक की लापरवाही शिकायत की गई है।

# प्रेम सिंह की आठ भैंसों की खोज में जुटी दो जनपदों की पुलिस

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- सपा नेता आजम खान की भैंस के बाद सुर्खियों में है ताजा मामला
- जंगल में चरने गईं 17 में से 8 भैंसे लापता, चार पर है आरोप



**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता आजम खान की भैंस चोरी का मामला एक समय सुर्खियों में था। उनकी भैंस को तलाशने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस ने जमीन-आसमान एक कर दिया था और अब हल्द्वानी से लापता हुआ 8 भैंसों का मामला सुर्खियों में हैं। इन 8 भैंसों को चोरी करने का आरोप चोर लोगों पर है, जिनके खिलाफ हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और बताया जा रहा है कि भैसों को तलाशने में अब ऊधमसिंह नगर पुलिस की भी मदद ली जाएगी।

झुटियाल खत्ता, टांडा हल्द्वानी निवासी प्रेम सिंह बिष्ट ने बीते बुधवार को इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने पुलिस को बताया था कि वह पेशे से पशुपालक है और उसने परिवार की अजीविका के लिए 17 भैंसें पाली थीं।

यह भैंसें नियमित रूप से जंगल में चारा चरने जाती थीं। बीती 7 मार्च को भी उन्होंने भैंसों को जंगल में छोड़ दिया था, लेकिन सारी भैंसें लौट कर घर नहीं पहुंची। गिनती की तो सिर्फ 9 भैंसें ही घर पहुंची। जिसके बाद वह पुलिस के पास पहुंचे।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी 8 भैसों को चोरी किया गया है और चोरी करने वाले नहर खत्ता निवासी अकरम, महतोश मोड गदरपुर निवासी युसूफ, टांडा निवासी करीम और खेड़ा ऊधमसिंह नगर निवासी असलम हैं। कोतवाल राजेश यादव ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी है। जरूरत पड़ी तो ऊधमसिंह नगर पुलिस की मदद भी ली जाएगी।

मौसम के रंग

## नैनीताल में गुरुवार को बारिश के बढ़ गई नैसर्गिक सुंदरता, पर्यटन स्थलों पर लगी सैलानियों की भीड़

# सरोवरी नगरी में सुहावना हुआ मौसम, पर्यटकों ने लिया लुत्फ

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** सरोवर नगरी गुरुवार को झमाझम बारिश हुई। दोपहर बाद मौसम सुधरा, तो नगर की नैसर्गिक सुंदरता में निखार आ गया। सैलानियों की भीड़ पर्यटन स्थलों पर उमड़ पड़ी।

नगर में तड़के झमाझम बारिश हुई। कुछ घंटे वर्षा थमी रही, लेकिन 10.30 बजे पुनः फिर बारिश शुरू हो गई, जोकि दोपहर दो बजे तक जारी रही। इस बीच कभी तेज तो कभी रिमझिम बारिश का दौर जारी रहा। वर्षा के चलते सैलानियों के भ्रमण में व्यवधान उत्पन्न हुआ। साथ ही नौकायन भी ठप रहा।

नगर के नाले उफान पर रहे। कई मार्गों में जलभराव होने से आने जाने में लोगों की दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम सुधरते ही सैलानियों की भीड़ सड़कों समेत पर्यटन स्थलों में उमड़ पड़ी। जिसके चलते कई मार्गों में जाम लगा। जिसे पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद दुरुस्त किया। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, केव गार्डन व चिड़ियाघर आदि पर्यटन स्थलों में देर शाम तक रौनक बनी रही। नैनीताल होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने कहा कि ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन उछाल पर है। आने वाले दिनों में भी सैलानियों का बड़ी संख्या में पहुंचने का क्रम जारी रहेगा।


नैनीताल में बारिश के बीच छाता लगाकर गुजरते पर्यटक। ● अमृत विचार

### पहाड़ों में झमाझम बारिश, हल्द्वानी में छाए बादल

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पर्वतीय क्षेत्रों में झमाझम बारिश का दौर जारी है। पहाड़ों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। इधर मैदानी इलाकों में भी बादल छाए हुए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून के अनुसार गुरुवार को कुमाऊं मंडल के कौसानी में 23 मिमी, रानीखेत में 17 मिमी, जौलजीबी में 9.5 मिमी, डीडीहाट में 8.8 मिमी, बेतालघाट में आठ मिमी, पिथौरागढ़ और द्वाराहाट में 7.5 मिमी, धारचूला में 6.8 मिमी, अल्मोड़ा में 5.7 मिमी और सीतलाखेत में 5.5 मिमी बारिश दर्ज की गई। पहाड़ों में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। यहां सर्दियों के मौसम की तरह ठंड पड़ रही है। बार-बार हो रही बारिश की वजह से वनाग्नि की घटनाएं पूरी तरह से बंद हैं। इधर हल्द्वानी में गुरुवार को बारिश तो नहीं हुई लेकिन बादल छाए रहे। दोपहर के समय ठंडी हवा भी चली। तापमान में गिरावट बनी रही और अधिकतम तापमान 33.9 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार अगले एक सप्ताह के बाद मानसून आने की संभावना बन रही है।



## देवनगर में विधायक निधि से बनेगा मार्ग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** भाजपा के भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने गुरुवार को धारी ब्लॉक के देवनगर,पलड़ा, कनर्खा, सरना आदि गांवों में कैंप लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। विधायक कैड़ा ने देवनगर में जनता को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य योजना के अंतर्गत कनर्खा से देवनगर के लिए 3 किमी मोटर मार्ग का निर्माण पूर्व में करा दिया था। देवनगर गांव के लिए विधायक निधि से मोटर मार्ग बनाने की घोषणा की। उन्होंने मौके से ही संबधित अधिकारियों को फोन कर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। जल निगम व जल संस्थान के अधिकारियों को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत चल रहे पेयजल लाईनों का निर्माण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# निजी अस्पताल में घुसकर छेड़छाड़, आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- पंजाब से अस्पताल में भर्ती बीमार बहन को देखने पहुंची थी महिला

**अमृत विचार :** शोहदों के हौसले बुलंद हैं। इस बार एक शोहदे ने अस्पताल के अंदर घुसकर छेड़छाड़ की घटना को अंजाम दिया। महिला के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना पर नाराजगी जताते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अस्पताल में हंगामा काटा। बाद में पता चला कि घटना को अंजाम देने वाला एक टेंपो चालक था।

बुधवार रात मुखानी-क्रियाशाला रोड स्थित एक अस्पताल में पंजाब निवासी महिला यहां भर्ती अपनी बहन का हालचाल लेने पहुंची थी। अपनी बहन से मिलकर महिला बाहर की ओर आ रही थी कि तभी रिसेप्शन पर खड़े एक युवक ने न सिर्फ महिला से छेड़छाड की बल्कि उसे गलत नीयत से छुआ भी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी मौके से भाग खड़ा हुआ। जिसके बाद महिला ने घटना की सूचना अपने परिजनों को दी। जिसके बाद परिजन व कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और यह शंका जाहिर करते हुए नाराजगी जाहिर करने लगे कि आरोपी अस्पताल में काम करने वाला है। जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और पता लगा कि घटना को एक टेंपो चालक ने अंजाम दिया था। आशंका है कि यही चालक महिला को लेकर अस्पताल पहुंचा था। वहीं मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी का कहना है कि उन्हें तहरीर नहीं मिली है।

## सार-संक्षेप



बार स्थित कैंटीन के उद्घाटन पर उपस्थित अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### हल्द्वानी बार में कैंटीन का हुआ शुभारंभ

**हल्द्वानी :** हल्द्वानी बार का डिजिटल हो चुका है और अब बार में एक कैंटीन भी खुल गई है। दीवानी न्यायालय परिसर स्थित बार भवन में निर्मित कैंटीन का शुभारम्भ द्वितीय अपर जिला जज नीलम रात्रा और विशेष न्यायाधीश पॉक्सो सुधीर तोमर ने संयुक्त रूप से किया। बार काउंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य सचिव मेहरबान सिह कोरंगा ने फीता काटकर और डिजीटली पेमेन्ट करके हल्द्वानी बार में लगे बार कोड का शुभारम्भ किया। कैंटीन बनने से वादकारियों,अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों को शुद्ध व ताजा भोजन मिलेगा। हल्द्वानी बार के डिजिटीलाइज होने से वादकारियों को वकालतनामा खरीदने के लिए नकद की आवश्यकता नहीं होगी। अब बार कोड से ऑनलाइन भुगतान होगा। इस दौरान अध्यक्ष किशोर कुमार पंत, सचिव मोहन बिष्ट, उपाध्यक्ष सुनील पुंडीर, उपाध्यक्ष भगवती पलड़िया, योगेश लोहिनी, योगेंद्र पाठक, आरपी पांडे, आदित्य शर्मा, पंकज कबडवाल, हरेंद्र पडियार, मोहित पांडे थे।



रामलीला के मंचन का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### राम-शबरी मिलन का किया आकर्षक मंचन

**चोरगलिया :** आदर्श श्री रामलीला कमेटी चौरगलिया के तत्वावधान में राम–शबरी मिलन का मंचन किया गया। मुख्य अतिथि गोलापार चौरगलिया भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष डॉक्टर मुकेश बेलवाल व विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी ने दीप प्रज्वलित कर मंचन का शुभारंभ किया। मंचन के दौरान माता सीता की खोज करते हुए श्रीराम और लक्ष्मण शबरी के आश्रम पहुंचे। भगवान श्रीराम को देखकर शबरी की आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी। इस दौरान उन्होंने भगवान को बेर भी खिलाए। हालांकि लक्ष्मण ने बेर को फेंक दिया। इस मौके पर योगेश जोशी, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष योगेश बिष्ट, प्रबंधक चंद्र शेखर बहुगुणा, सचिव रमेश जोशी, जगदीश भट्ट, रमेश रुवाली, राजू जांगी, नवीन जोशी, गुड्डू मिश्रा, विनोद बजेठा, बसंत थूवाल आदि मौजूद रहे।



बच्चों को पुरस्कृत करते खंड शिक्षाधिकारी व शिक्षक। ● अमृत विचार

### रुचि पूर्ण तरीके से अर्जित किया ज्ञान उपयोगी: हवलदार

**रामनगर :** रुचि पूर्ण और उत्साह पूर्वक तरीके से अर्जित किया गया ज्ञान बहुत उपयोगी तथा स्थायी होता है। इस प्रकार किया गया अध्ययन दैनिक जीवन में लाभकारी सिद्ध होता है। यह बात खंड शिक्षाधिकारी रामनगर हवलदार प्रसाद ने ग्राम राइंका पाटकोट में आयोजित दस दिवसीय संस्कृत भाषा ग्रीष्म कालीन शिविर के समापन के दौरान कही। उन्होंने समर कैंप के प्रशिक्षक डॉक्टर हेमचंद जोशी, मार्गदर्शक शिक्षक जगदीश चंद्र सती, भाषा शिक्षक वर्षा रानी को कैंप को बेहतर तरीके से संचालित करने पर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य मोहम्मद शेर अफगन ने बच्चों को और अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. हेम चंद जोशी ने शिविर का ब्योरा रखा। सभी प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार दिया गया। सक्रिय भागीदारी करने वाले आठ बच्चों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह तडियाल, प्रवक्ता यशवंत सिंह, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी सौरभ मावडी, समन्वयक ताहिर हुसैन, प्रियंका, शैलेश कुमार व धारा बल्लभ आदि उपस्थित थे।

# आगे बढ़ने के लिए बच्चों को अच्छे संस्कार दें: डॉ. केशव

## अमृत विचार की ओर से हुए सम्मान समारोह में बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ.केशव अग्रवाल ने दिया संबोधन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डा. केशव कुमार अग्रवाल ने गुरुवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 10 वीं और 12वीं जीवन की पहली सीढ़ी है। अंक अच्छे आए हैं। इसके बाद भी हमें रुकना नहीं है। यह शुरुआत है। शुरुआती चमक को अंतिम पायदान तक बरकरार रखना है। आगे बढ़ने के लिए अभिभावक भी बच्चों को अच्छे संस्कार दें। बच्चे भी अपना लक्ष्य निर्धारित करें, मेहनत और संघर्ष से ही सफलता मिल सकती है। अमृत विचार की इस पहल से बच्चों का हौसला बढ़ेगा।

अमृत विचार की ओर से डेंटल कॉलेज रोड स्थित स्वर्ण फार्म में गुरुवार को समाचार पत्र वितरकों के हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के होनहार बच्चों के लिए प्रतिभा पुरस्कार - कल के सितारे, आज का सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मेधावी बच्चों को सम्मानित करने से पहले उन्हें संबोधित करते हुए डॉ. केशव ने कहा कि कंप्टीशन के दौर में मेहनत बहुत करनी होगी। अभी समय मेहनत करने का है। बाद में जिंदगी यह मौके नहीं देगी। मेधावियों से कहा कि अच्छे अंक के बावजूद अभी भी आपकी पहचान मां-बाप से है, इसलिए आने वाला कल ऐसा बनाएं जिससे उनकी वजह से माता-पिता की पहचान हो। अभिभावकों से कहा कि अच्छे संस्कार के साथ ही बच्चों को यातायात नियम और कानूनों का पालन करना सिखाएं। पढ़ाई के दौर में मोबाइल का उपयोग बहुत ही सीमित रखें। सोशल मीडिया को फोन और दिमाग से लॉग आउट ही नहीं, बल्कि हो सके तो बच्चे डिलीट कर दें। अमृत विचार की तरह सभी अपने विचारों को अमृत बनाए।

मेधावियों और उनके अभिभावकों से कहा कि बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में बीबीए, बीएससी समेत तमाम कोर्स हैं। महंगाई के इस दौर में बच्चों की फीस अभिभावकों को बहुत सताती है। आश्वस्त किया कि वह अमृत विचार से जुड़े हर सदस्य के साथ हैं। अभिभावक अपने बच्चों को यूनिवर्सिटी में दाखिला दिलाएं। बच्चों को स्कॉलरशिप से लेकर उनकी फीस में हर संभव मदद कराई जाएगी।

सीओओ पार्थो कुनार ने कहा कि शिक्षा का पहला गुण उत्साह है। इसे हमेशा बनाए रखना चाहिए। कम नंबर आना जीवन का अंत नहीं होता है। जीवन की कीमत नंबर से कई गुना ज्यादा है। मेधावियों से कहा कि वह देश का भविष्य हैं। आगे चलकर आप लोग ही देश के लिए बहुत कुछ बड़ा कार्य करेंगे, इसलिए अभी से लक्ष्य तय कर आगे बढ़ें। अपनी रुचि के हिसाब से कोर्स चुनें। आपके जीवन में बाधक कुछ नहीं बन सकता है। अमृत विचार से जुड़े सभी वितरकों से कहा कि पांच साल के सफर में अमृत विचार को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में उनकी भूमिका बखूबी रही है। शीघ्र ही प्रबंधन की ओर से सभी वितरकों को मेडिकल कार्ड दिए जाने की बात कही, ताकि स्वास्थ्य से जुड़ी किसी भी तरह की समस्या आने पर मदद मिल सके।

इससे पूर्व प्रतिभा पुरस्कार समारोह का शुभारंभ सीओओ पार्थो कुनार, स्थानीय संपादक नवीन गुप्ता, आईटी मैनेजर हरिओम गुप्ता, प्रसार प्रबंधक अभय गुप्ता, सीनियर मार्केटिंग मैनेजर मयंक तिवारी और समाचार पत्र वितरक संघ के अध्यक्ष विमल पांडेय ने मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सीबीएसई और यूपी बोर्ड के 10वीं और 12वीं के 33 मेधावियों को सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मान पाते देख अभिभावक भी उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में माइंड गेम खिलाकर बच्चों की प्रतिभा को निखारा गया। मेधावी और उनके साथ आए अभिभावकों के लंच की व्यवस्था भी अमृत विचार की ओर से की गई थी।



पीलीभीत बाईपास रोड स्थित स्वर्ण फार्म सालिटेयर हाल में आयोजित अमृत विचार प्रतिभा पुरस्कार–2025 समारोह में सम्मानित मेधावियों के साथ बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. केशव अग्रवाल व अमृत विचार के सीओओ पार्थो कुनार।

### समाचार पत्र वितरकों के बच्चों का सम्मान अमृत विचार की सराहनीय पहल

युवा का विपरीत है वायु। वायु यानि जीवन। ये आज के युवा कल हमारे देश में वायु बनकर प्रगतिशील भारत बनायेंगे। जब बात उस तबके के युवाओं की आती है जिनके अभिभावकों ने उन्हें अपनी नींद और सपने बेचकर तैयार किया हो तो इन युवाओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। ऐसे वितरक समाज के मेधावी बच्चे जिन्होंने शिक्षा के पहले पड़ाव हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो, उनके सम्मान से उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। अमृत विचार संस्थान की ओर से ऐसे युवाओं का सम्मान करना वास्तव में बहुत सरहनीय पहल है। **–विमल पांडेय,** अध्यक्ष, समाचार पत्र वितरक संघ, बरेली

# पहाड़ की ओर दोपहिया वाहनों की एंट्री रहेगी बैन

- पर्यटन सीजन, वीकेंड और ईद को देखते हुए पुलिस ने लिया फैसला
- 6 से 8 जून तक सुबह 7 से रात 10 बजे तक लागू रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बकरीद, पर्यटन सीजन और वीकेंड को देखते हुए पुलिस ने यातायात को लेकर सख्त कदम उठाया है। इसके तहत दो पहिया वाहन चालक पहाड़ की ओर नहीं जा पाएंगे। शहर में बाहरी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी होगी। यह व्यवस्था 6 जून से 8 जून तक सुबह 7 से रात 10 बजे तक लागू रहेगी। ऐसे यात्रा पर निकलने से पहले पुलिस का रूट प्लान जरूर देख लें।

पुलिस के मुताबिक बरेली रोड से पर्वतीय क्षेत्र को वाहन तीनपानी फ्लाईओवर से गौलापार, नारीमन तिराहा काठगोदाम होते हुए जाएंगे। रूद्रपुर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले पंतनगर तिराहा रुद्रपुर (दिनेशपुर मोड) से एनएच-109 नया हाईवे होते हुए लालकुंआ से तीनपानी फ्लाईओवर, गौलापार होते हुए जाएंगे। जबकि रामनगर, बाजपुर से पर्वतीय क्षेत्र को जाने वाले कालाढूंगी-नैनीताल तिराहा से मंगोली होते जाएंगे। इस अवधि के दौरान भारी वाहन प्रातः 7 बजे से रात्रि 10 बजे नहीं चल सकेंगे।

काठगोदाम क्षेत्र में यातायात का दबाव अत्यधिक होने पर समय सायं 3 बजे बाद नैनीताल और भवाली से मस्जिद तिराहा से मैदानी को जाने वाले समस्त पर्यटक वाहन नंबर 01 बैड व रूसी बाईपास द्वितीय से डायवर्ट होकर रूसी बाईपास प्रथम होते हुए कालाढूंगी से जाएंगे। पर्वतीय क्षेत्र से हल्द्वानी की ओर आने वाली रोडवेज, केमू की बसें व टैक्सी वाहन अपने निर्धारित रूट से आएंगे।

रामपुर रोड, बरेली रोड, चोरगलिया रोड, कालाढूंगी रोड से ईद मनाने के लिए पर्वतीय क्षेत्र (नैनीताल, भीमताल, भवाली, अल्मोड़ा, मुक्तेश्वर) को जाने वाले समस्त दोपहिया वाहनों को 6 जून से 8 जून तक विभिन्न चैकिंग प्वाइंट टांडा बैरियर, बेलबाबा, नारीमन तिराहा, भीमताल मोड़ व कालाढूंगी में नैनीताल तिराहा पर रोककर वापस किया जाएगा।

# गंगा दशहरा पर्व पर दिखा सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गुरुवार को शहर में गंगा दशहरा पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। गंगा दशहरा आत्मकल्याण और आत्मशुद्धि का पर्व है। इस दिन किए गए स्नान, दान और मंत्र जप से दस प्रकार के पापों का नाश संभव होता है। स्कंदपुराण के अनुसार, यह वही पावन तिथि है जब राजा भागीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। शहर के विभिन्न इलाकों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। उत्तराखंड की परंपरा के अनुसार लोगों ने घरों, मंदिरों और दुकानों के मुख्य द्वारों पर रंग-बिरंगे द्वार पत्र लगाए, जिन्हें नकारात्मक ऊर्जा से रक्षा का प्रतीक माना जाता है।

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा और सेवा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंदिरों में गुरुवार को विशेष पूजा-अर्चना और आरती के साथ धार्मिक आस्था का वातावरण बना रहा। इसी क्रम में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति ने कोतवाली के पास हनुमान मंदिर के समीप राहगीरों व आम नागरिकों को शरबत वितरित किया गया। इसका शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद के उपाध्यक्ष नवीन चंद्र वर्मा ने किया। अध्यक्षता समिति अध्यक्ष भुवन भास्कर पांडे और संचालन महामंत्री डीके पांडे ने किया। वितरण में लोकेश शर्मा, सुमित पांडे, त्रिलोक सिंह नगदली ने सहयोग किया।





लोगों को शरबत वितरित करते वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति के सदस्य।

### धूमधाम से मनाया गंगा दशहरा पर्व

**भवाली :** गंगा दशहरा पर्व भवाली में भी धूमधाम से मनाया गया। लोगों ने द्वार, घर, दुकानों पर गंगा दशहरा पत्र लगाया। कई जगहों पर गंगा पूजन भी किया गया। सनातन धर्म में गंगा दशहरा आस्था का पर्व है। यह हर वर्ष ज्येष्ठ माह की दशमी को मनाया जाता है। इसी दिन मां गंगा का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। द्वार पर लगने वाले गंगा दशहरा पत्र पहले से हाथ से बनाए जाते थे और कुलपुरोहितो द्वारा अपने जजमान को दिए जाते थे। आधुनिकता के चलते अब प्रिंट दशहरा पत्र बाजार में मिल रहे हैं। लोग खरीदकर कर इन पत्रों को ला रहे हैं। पुरोहित भी अब इन प्रिंटेड दशहरा पत्र वितरित कर रहे हैं।

## जीएनजी ने फाइनल में बनाई जगह

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** जिला नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से हो रही अंडर-16 बालक जिला क्रिकेट लीग के दूसरे सेमीफाइनल मैच में जीएनजी ने कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी को 7 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई। कोल्ट्स क्रिकेट अकादमी पहले बल्लेबाजी करते हुए 201 रन बनाकर आलआउट हो गई। जीएनजी की टीम ने 38में ओवर में ही 3 विकेट के नुकसान पर 202 रन बनाकर 7 विकेट से मैच जीत लिया। हर्षित पड़ियार को मैन ऑफ द मैच दिया गया।

### रियान और रंजीत टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचे

**कालाढूंगीः** आइटा मैंस ओपन टैनिस टूर्नामेंट के पहले सिंगल्स इवेंट सेमीफाइनल मैच में रियान शर्मा ने अमृत्युंजय मोहंती को 1-6,7-6 व 7-5 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। रंजीत वीएम ने आयुष शर्मा को सरलता से 6-1,6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। कोर्ट नंबर 2 पर डबल्स ईवेंट सेमीफाइनल मैच में चंद्रिल सूद व लक्षित सूद ब्रदर्स ने रियान शर्मा व वंश यादव की जोड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई।





## छात्रा की तलाश में भटक रहे परिजन

**रामनगर, अमृत विचारः** ग्राम टांडा मल्लू क्षेत्र से डेढ़ माह पूर्व लापता हुई 17 वर्षीय छात्रा का अभी तक कोई सुराग नहीं लग पाया है। परिजन उसकी तलाश में दर-दर भटक रहे हैं। उन्होंने पुलिस पर इस मामले में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। लापता छात्रा दीपिका पुत्री कमलेश चंद्रा बीते 15 अप्रैल की शाम को अचानक घर से गायब हो गई थीं। परिजनों का कहना है कि उन्होंने उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। बाद में उन्होंने पुलिस को तहरीर दी। उसके बाद उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर छात्रा को खोजने की अपील की, लेकिन 45 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी छात्रा का कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने बताया कि दीपिका 12वीं में पड़ती थीं और उसे किसी प्रकार का मानसिक तनाव भी नहीं था। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उधर, कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर छात्रा की तलाश के लिए कई टीमें गठित की गई हैं।

# ईद को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचारः** ईद उल जुहा पर्व को लेकर कोतवाली लालकुआं में आयोजित पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहार को शांतिपूर्वक मनाने पर जोर दिया गया।

इस दौरान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल ने मुस्लिम समुदाय के लोगों से समस्याएं जानीं। जिसमें पेयजल और विद्युत के साथ-साथ कुर्बानी के कूड़ा निस्तारण को लेकर विद्युत विभाग एवं जल संस्थान के अलावा नगर पंचायत के अधिकारियों से विस्तृत बातचीत की गई। अधिकारियों को बिजली व पानी के लिए ध्यान रखने को कहा गया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह लोटनी, जामा मस्जिद के सदर सफी अहमद, रोशन मस्जिद के सदर ख्वाज अहमद, अब्दुल हफीज, निसार अहमद आदि मौजूद रहे।



बैठक को संबोधित करते प्रभारी निरीक्षक। ● अमृत विचार

कवायद | तेलुगु भाषा में बन रही है फिल्म, सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता का दिया जाएगा संदेश

# प्रदेश में होगी हेलमेट मैन ऑफ इंडिया की शूटिंग

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** अब एक आम आदमी "हेलमेट मैन ऑफ इंडिया" की जीवन यात्रा पर भी एक तेलुगु भाषा में पैन इंडिया फिल्म बन रही है। दिसंबर माह में उत्तराखंड के विभिन्न हिस्सों में इसकी शूटिंग होगी।

हेलमेट मैन ऑफ इंडिया" के नाम से जाने जाने वाले राघवेंद्र कुमार ने बताया कि औदम्बरा एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के प्रोड्यूसर्स नंदकिशोर, पीएल प्रसाद और प्रियदर्शिनी ने इस फिल्म की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्दी ही तेलगु के जाने माने एक्टर को फाइनल किया जाएगा। धर्मेंद्र बघेल 1 साल से इस बायोपिक फिल्म पर कार्य कर रहे हैं। कुछ और रिसर्च के लिए भी वह बिहार जाने वाले हैं। फिल्म का एग्रीमेंट उन्होंने हैदराबाद की सड़कों पर पूरा किया है। बिहार के कैमूर जिले के रहने वाले राघवेंद्र कुमार के 2014 में एक दोस्त कृष्णा ठाकुर की दिल्ली में हुई बाइक दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। डॉक्टर्स के मुताबिक कृष्णा ने हेलमेट लगाया होता तो शायद वह जीवित बच सकता था। इसके बाद राघवेंद्र ने सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान शुरू करते हुए बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को मुफ्त हेलमेट बांटने और ट्रैफिक नियमों का पालन करने की सलाह देने का काम शुरू किया था। पिछले दस वर्षों में वह देश के 22 राज्यों में साठ हजार से भी अधिक हेलमेट बांट चुके हैं।

कई राज्यों के यातायात विभाग के ब्रांड एंबेसडर रहे राघवेंद्र भारतीय सेना के साथ मिलकर पांच राज्यों में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान भी चला रहे हैं, जो अगले माह से शुरू होगा। यह फिल्म सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता फैलाने के साथ ही उनकी प्रेरणादायक कहानी को दर्शाएगी। राघवेंद्र ने बताया कि दक्षिणी भारत के सिनेमा में विभिन्न सामाजिक विषयों पर फिल्म बनाने की पुरानी परंपरा है। सड़क दुर्घटना मुक्त सकारात्मक सामाजिक संदेश देने वाली इस फिल्म से बदलाव अवश्य देखने को मिलेगा।



राघवेंद्र कुमार के साथ मौजूद कलाकार। ● अमृत विचार

## वन अधिनियम के बारे में दी जानकारी

**रामनगर, अमृत विचारः** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के तत्वावधान में आईआईएमटी डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में वन अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि ललित मोहन तिवारी अध्यक्ष रामनगर बार एसोसिएशन ने वन अधिनियम के विषय में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वृक्षों का पातन गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है, इससे बचना चाहिए। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी प्रभात ध्यानी ने जल, जंगल और जमीन की सुरक्षा के लिए हमेशा जागरूक रहने की वकालत की। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकार मित्र जीवन सत्यवली ने प्राधिकरण के बारे में बताया। आईआईएमटी के निदेशक गिरीश घुघत्याल ने पौधों के संरक्षण पर जोर दिया। बाद में पौधरोपण भी किया गया।



काठगोदाम में रैली निकालने से पूर्व शपथ लेते मेयर गजराज सिंह बिष्ट, नगर आयुक्त ऋचा सिंह व अन्य। ● अमृत विचार



राजकीय कन्या विद्यालय फूलचौड़ में कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत को पौधा भेंट करते विद्यालय के पदाधिकारी।

# मेयर व नगर आयुक्त ने पर्यावरण संरक्षण की दिलाई शपथ

## सिंगल यूज प्लास्टिक का नुकसान बताया, शहर के विभिन्न बाजारों में जाकर कपड़े के थैले वितरित किए

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** नगर निगम ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर स्वच्छता व जागरुकता अभियान चलाया।

इस दौरान मेयर गजराज बिष्ट और नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने शहर में रैली निकाल कर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने के प्रति जागरुक किया। उन्होंने बाजार से खरीदारी कर पॉलीथीन में सामान ले जाने वाले लोगों को इसका प्रयोग नहीं करने की अपील की और कपड़े के बैग बांटे। अभियान के दौरान मेयर ने भी सड़क किनारे से कचरा निकाला। इस दौरान पूरी टीम हाथों में प्लास्टिक हटाओ, बीमारी भगाओ, प्लास्टिक छोड़ो और प्लास्टिक बैग को ने कहें, कपड़े का बैग अपनाएं आदि तख्तियां लेकर जागरुकता फैलाई। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अनुराग नेगी, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, मुख्य सफाई निरीक्षक अमोल असवाल आदि मौजूद रहे।



गौलापार जू में पौधरोपण में मौजूद डीएफओ हिमांशु बागरी व अन्य। ● अमृत विचार



एक पौधा मां के नाम मुहिम के तहत पौधरोपण करने जाते टैक्स बार एसोसिएशन के लोग।

### महिला डिग्री कॉलेज की छात्राओं ने रोपे पौधे

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज की नमामि गंगे इकाई, ईको क्लब, एनएसएस, एनसीसी, रेंजर, रेड क्रॉस, एंटी ड्रग के संयुक्त तत्वाधान में स्वच्छता अभियान, पौधारोपण एवं रचनात्मक गतिविधियां हुईं। इस दौरान परिसर में प्रभारी प्राचार्य प्रो. एके श्रीवास्तव ने पौधरोपण किया। छात्राओं ने रचनात्मक द्वार पत्र बनाए। इस मौके पर डॉ. रितुराज पंत, डॉ. शरद चंद्र आदि रहे।

### पोलिंग बूथ राइंका हल्द्वानी में रोपे गए पौधे

**हल्द्वानी :** सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी ने मतदान कर्मियों के साथ कालाढूंगी रोड स्थित जीजीआईसी में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि विस-59 क्षेत्र में आज से पौधरोपण का अभियान शुरू हुआ है जो हरेला तक चलेगा। सभी पोलिंग बूथों पर पौधरोपण किया जाएगा इसका रोस्टर तैयार किया गया है। इन पौधों की सुरक्षा के लिए बूथ अवेयरनेस ग्रुप एवं बीएलओ को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस दौरान तहसीलदार मनीषा बिष्ट, बीईओ तारा सिंह मौजूद रहे।

### यूथ भारती ने विंड एनर्जी स्टेशन में फलदार पौधे रोपे

**हल्द्वानी :** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस के अवसर पर यूथ भारती फाउंडेशन ने गौला रेंज के पनचक्की परिसर में हल्दू, शीशम, जामुन, नींबू आदि प्रजाति के सौ से अधिक पौधे रोपे। डीएफओ हिमांशु बागरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम के संकल्प के तहत राज्य सरकार ने इस अभियान का द्वितीय चरण प्रारंभ किया है। उन्होंने कहा यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस से शुरू होकर हरेला पर्व तक जारी रहेगा। फाउंडेशन संयोजक डॉ. गौरव गुप्ता ने पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। इससे पूर्व यूथ भारती ने स्वच्छता अभियान चलाकर सड़क किनारे से पॉलिथीन व कूड़ा एकत्र किया। इस दौरान फाउंडेशन के मीडिया प्रभारी अरविंद मलिक, एसडीओ संतोष पंत, रेंजर चंदन अधिकारी, सतीश कुमार, हरेंद्र भंडारी रहे।

### टैक्स बार के पदाधिकारियों ने भी लगाए पौधे

**हल्द्वानी :** टैक्स बार एसोसिएशन ने एक पौधा मां के नाम पर पौधरोपण किया। टैक्स बार पदाधिकारियों ने न सिर्फ पौधा रोपा बल्कि स्थानीय स्तर पर इसे आगे बढ़ाने का प्रस्ताव भी पारित किया। एसोसिएशन की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रत्येक अधिवक्ता अपनी मां या मातृतुल्य महिला के सम्मान में एक पौधा लगाएगा और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाएगा। यह पहल न केवल मां के प्रति भावनात्मक प्रेरणा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक गंभीर व सकारात्मक कदम भी है। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष एनके जोशी ने की। बैठक में सचिव हिमांशु कोठारी, उपाध्यक्ष अब्दुल कलाम, कोषाध्यक्ष दिनेश चंदौला, सह कोषाध्यक्ष पवन प्रीत सेठी, पूर्व अध्यक्ष संजय पांडेय, सुमित गुप्ता, दिनेश पांडे, आईपी सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता विनय टंडन, सुनील पाठक आदि थे।



गुरुवार को नैनीताल बैंक कर्मियों ने रैली निकाली। ● अमृत विचार

### नैनीताल बैंक ने निकाली रैली

**नैनीताल :** अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस नैनीताल बैंक के प्रधान कार्यालय की ओर से जागरूकता रैली और पौधरोपण किया गया। रैली का नेतृत्व बैंक के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार लाल ने किया। बैंक परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण हुआ। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर भी लगाया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक कुलदीप सिंह, सीओओ डॉ. दीपक पंत, सीएफओ महेश गोयल मौजूद रहे।



सेंचुरी मिल में पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी-कर्मी। ● अमृत विचार

### सेंचुरी मिले में रोपित किए 5 हजार पौधे

**लालकुआं :** संचुरी पल्प एंड पेपर मिल लालकुआं में पांच हजार पौधे रोपित किए गए। शुरुआत संस्थान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अजय कुमार ने पौधा रोपित कर की। मिल के सामाजिक वानिकी विभागाध्यक्ष नरेश चंद्रा ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस दौरान मुख्य संचालन अधिकारी अजय गुप्ता, महाप्रबंधक प्रशासन एवं कार्मिक एसके बाजपेई, प्रणव शर्मा, महेंद्र हरित, अमित गंगवार, संजय यादव, अमित सैनी आदि मौजूद रहे।



लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व विद्यार्थी।

### पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता पर दिया बल

**भीमताल :** लेक्स इंटरनेशनल स्कूल में पर्यावरण दिवस मनाया गया। छात्र प्रिंस थापा और छात्र दिवेंदु शर्मा ने पर्यावरण पर जागरुकता का संदेश दिया। हिंदी में कृतिका शुक्ला ने अंग्रेजी में कविता प्रस्तुत की। हंसिका भंडारी ने पर्यावरण को बचाने की आवश्यकता पर बल दिया। भक्ति पांडे ने पीपीटी व शिक्षिका श्रेया ने वृक्ष माता नाम से प्रसिद्ध कर्नाटक की 113 वर्षीय पर्यावरणविद सालूमरदा थिमक्का की वीडियो दिखाई। स्कूल में पौधरोपण किया गया। प्रधानाचार्य निदेशक एसएस नेगी आदि मौजूद रहे। संचालन अग्रिमा बिष्ट और हर्षिता पंत ने किया।



ज्योलीकोट में मौनपालन केंद्र पर किया पोधरोपण। ● अमृत विचार

### मौनपालन केंद्र में हुआ पौधरोपण

**ज्योलीकोट :** राजकीय मौनपालन केंद्र में एक पेड़ मां के नाम थीम पर पौधरोपण हुआ। इसका उद्देश्य मौनपालकों को मौनचर संबंधित पौधों के महत्व से अवगत कराना और उर्पयुक्त खाद्य स्रोतों की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम में पदम, च्यूरा, डोम्बिया, टिकोमा, जामुन, और जकरैड़ा जैसे पौधे लगाए गए। वरिष्ठ कीट वैज्ञानिक भावना जोशी ने बताया कि इन पेड़ों से मधुमक्खियों को मकरंद और पराग प्राप्त होता है, जो उनके पोषण और शहद उत्पादन के लिए आवश्यक हैं।

### नृत्य नाटिका प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**नैनीताल :** जीबी पंत जू में पौधरोपण और नृत्य नाटिका हुई। प्रथम सत्र में एक पेड़ मां के नाम तहत बांज, चिनार एवं पदम आदि के पौधे रोपित किए गए। द्वितीय सत्र में प्रश्नोत्तरी एवं नृत्य नाटिका प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम में टीआर बीजूलाल, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊं वृत्त मुख्य अतिथि रहे। नृत्य नाटिका में प्रथम स्थान पर मोहन लाल साह बाल विद्या मंदिर, द्वितीय स्थान पर विशप शौ इंटर कॉलेज, तृतीय स्थान पर भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय, चतुर्थ स्थान पर बिरला विद्या मंदिर एवं राजकीय कन्या इंटर कॉलेज को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महेश बोरा, जगदीश कोरंगा, नितिन मुकेश, आनंद सिंह, विक्रम रहे।



आयुक्त दीपक रावत ने कार्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया। उन्होंने कहा अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करता है। ● अमृत विचार

### पौधे रोपित कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी में वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान परिसर में टिकोमा, अमलतास, जेकेरेंडा, चम्पा, सीता व अशोक आदि के पौधे रोपित किए गए। वानिकी एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग में पोस्टर प्रतियोगिता हुई। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. एचसी जोशी ने पर्यावरण संरक्षण में आमजन की भागीदारी के महत्व, प्लास्टिक प्रदूषण से होने वाली हानि एवं जलवायु परिवर्तन पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रो. पीडी पंत, डॉ. कृष्ण कुमार टम्टा, डॉ. कमल देवलाल, डॉ. एस एन ओझा रहे।



जीजीआईसी हल्द्वानी में पौधरोपण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी व अन्य।

### पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

कालाढूंगी : विश्व पर्यावरण दिवस कालाढूंगी व कोटाबाग में पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कॉर्बेट ग्राम विकास समिति गदगदिया,कालाढूंगी रेंज के कर्मचारियों, नेचर गाइड, स्कूली बच्चों ने पौधे रोपित किए। राजकुमार पांडे, मोहन पांडे, मयंक गुप्ता, मनोज अधिकारी, इंद्र बिष्ट, दीपक शर्मा, मनोज बिष्ट, राकेश बेलवाल, रिहान, हरीश पुजारी, नरेंद्र बिष्ट, विक्रम सिंह, दीपिका, हर्षिता, सोहनी शाह, भास्कर पांडे, पंकज कत्यूरा, नेचर गाइड अध्यक्ष हरीश सिंह पुजारी, मंजीत सिंह, विक्रम सिंह, जगदीश गर्जोला मौजूद रहे। राउमावि चांदपुर कोटाबाग में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने भारतीय भाषाओं के ज्ञान के साथ पर्यावरण के बारे में जाना। इस दौरान प्रमोद कुमार, हेम चंद्र पांडेय, हरीश कांडपाल, देवेंद्र बौरा, उमा रावत, लक्ष्मी रावत मौजूद रहे। पीएमश्री राबाइंका कालाढूंगी की छात्राओं ने नगर में पर्यावरण संरक्षण के लिए रैली निकाली।



मोहान में स्वच्छता अभियान चलाते वन कर्मी व कार्बेट फाउंडेशन के लोग।



बालिका इंटर चोरगलिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व अन्य।

### पौधरोपण किया

**भीमताल :** हरमन माइनर डिग्री कॉलेज, भीमताल में पर्यावरण दिवस के मौके पर पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि कुमाऊं विशिवविद्यालय नैनीताल के प्रो. हरीश चंद्र सिंह बिष्ट ने विद्यार्थियों को पर्यावरण के बारे में बताया। शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने ढुगंसिल गांव में 50 फलदार व छायादार पौधें रोपित किए। इस दौरान प्राचार्या डॉ. मुक्ता, डॉ. बीना नेगी चौधरी, शीतल सिंह मौर्या, भारती बुधलाकोटी, डॉ. सुष्मा सिंह, डॉ. धीरज, डॉ. बिनीता राय, डॉ. पूनम मेहता, डॉ. मंजू, राजेंद्र सिंह आदि रहे।

### हर्षोल्लास से मनाया पर्यावरण दिवस

**रामनगर :** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विश्व पर्यावरण दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मोहान क्षेत्र में एक विशेष सामुदायिक कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना और समुदाय को प्लास्टिक प्रदूषण की समस्या से निपटने के लिए प्रेरित करना था। मंदाल रेंज (कॉर्बेट टाइगर रिजर्व) के वन अधिकारियों, स्थानीय ग्रामीणों, दुकानदारों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान प्लास्टिक कचरे को निर्धारित बोरों में एकत्र कर उसे निपटाने की व्यवस्था की गई। रेंज अधिकारी अजय सिंह रावत ने कार्यक्रम को संबोधित किया। द कॉर्बेट फाउंडेशन की जागरुकता कार्यक्रम अधिकारी शिखा पांडे ने प्लास्टिक कचरे की श्रेणियों, उनके पुन: उपयोग, और पुनर्चक्रण पर विस्तार से चर्चा की। रामनगर भवानीपुर पंजाबी में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इंदर सिंह रावत, शिशुपाल रावत, धर्मवीर शर्मा रहे।

### संरक्षण का दिया संदेश

**चोरगलिया :** राबाइंका चोरगालिया में भारतीय भाषा समर कैंप का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ विधिवत समापन किया गया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष भाजपा गौलापार चोरगालिया पान सिंह मेवाड़ी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। ईको क्लब के तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण भी किया गया। प्रधानाचार्या तनुजा जोशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य रितेश चंद्र बुधानी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक के विक्रम बिष्ट, इको क्लब प्रभारी ममता सुयाल, कैलाश भट्ट, अनिल आदि रहे।

### चोरगलिया

पर्यावरण दिवस के अवसर पर भाजपा गोलापार मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत बूथ संख्या 104 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पौधरोपण किया गया। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी चंदन अधिकारी, मंडल महामंत्री नवीन जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश बेलवाल, कमलेश संभल, दीपू संभल, प्रधान किशोर चुफाल, विक्रम बरगली, भूपेंद्र बिष्ट, वसंत कुमार आदि मौजूद रहे।

### हल्द्वानी

अंतरर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर बीएलएम अकेडमी में पर्यावरण के ऊपर स्लोगन लेखन हुआ जिसमें 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्य गायत्री कंवर, भारत विकास परिषद से दीपक बख्शी, मिताली, सौम्या अग्रवाल उपस्थित थे। इस दौरान अग्रसेन चौक पर भारत विकास परिषद ने कपड़े के बैग वितरित किए। इस मौके पर भगवान सहाय, भवानी शंकर, नीरज, दीपक बख्शी, निधि अग्रवाल, अमित अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, सीमा बख्शी, अभिषेक मित्तल, बालकिशन अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

### नैनीताल

जिला खेल विभाग के तत्वावधान में डीएसए मैदान में वॉक फॉर पर्यावरण रैली निकाली गई। जिसमें शहर के तमाम स्कूली छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान लक्की ड्रा का आयोजन किया गया। जिसमें कूपन से 10 विजेता खिलाड़ियों को चुना गया। पर्यावरण रैली में मोहनलाल साह बालिका विद्यालय, सेंट जॉन्स विद्यालय, डीएसबी के छात्र छात्राएं मौजूद रहे। इस दौरान राष्ट्रीय खिलाड़ी निर्वाण मुखर्जी, राशिका सिद्दीकी उपनिदेशक, क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, वरुण बेलवाल उप जिला क्रीड़ा अधिकारी, किशोर पाल, त्रिलोक आदि मौजूद रहे।

### भीमताल

सीडीओ अनामिका की अध्यक्षता में पर्यावरण की सुरक्षा और संरक्षण के लिए विकास भवन सभागार में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें सीडीओ ने पर्यावरण दिवस के बारे में जानकारी दी। इस दौरान प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त किए जाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी डॉ. मुकेश सिंह नेगी, जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी, सहायक परियोजना अधिकारी चंद्रा आदि रहे।



देहरादून में पौधरोपण करते सीएम पुष्कर सिंह धामी व उनकी पत्नी गीता धामी।

## मां के प्रति श्रद्धा रखें प्रकृति की सेवा करें

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में एक पेड़ मां के नाम के तहत सीता अशोक का पौधा लगाया। इस दौरान उनके साथ पत्नी गीता पुष्कर धामी भी मौजूद रहीं।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेश की जनता से भी आह्वान किया कि वे इस पावन कार्य में सहभागी बनें और अपनी मां के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए प्रकृति की सेवा करें। यह अभियान मातृ सम्मान एवं पर्यावरण संरक्षण को समर्पित है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को अपनी माता के नाम पर एक वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण मंत्री सुबोध उनियाल और मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने भी पौधारोपण किया और लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया।

## राज्यपाल ने रोपे पौधे

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (अप्रा) ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर गुरुवार को नैनीताल राजभवन परिसर में पौधरोपण किया। राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और संतुलित पर्यावरण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए आवश्यक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह एक स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे प्रकृति के अमूल्य उपहार जैसे वन, नदियां, पर्वत और जैव विविधता के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करें।



पौधरोपण करते गवर्नर। ● अमृत विचार



### स्वच्छता अभियान चलाया

**नैनीताल :** जिला न्यायाधीश महोदय/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल सुबीर कुमार के मार्गदर्शन में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर नैनीताल, बाह्य न्यायालय हल्द्वानी एवं रामनगर न्यायालय परिसर में पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान औषधीय और फलदार पोधे रोपित किए गए। कार्यकम में सुशील तोमर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय नैनीताल, विकम, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश, नैनीताल, रवि प्रकाश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नैनीताल, हर्ष यादव, सिविल जज (सीडि) नैनीताल, नेहा कुशवाहा, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नैनीताल, एवं बीनू गुलयानी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/सिविल जज (सीडि) नैनीताल आदि मौजूद रहे।



एमबीपीजी कॉलेज में पौधरोपण करते प्राचार्य एनएस बनकोटी व प्राध्यापक।

### एमबीपीजी के प्राचार्य ने किया पौधरोपण

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी कॉलेज में गुरुवार को 24 यूके गर्ल्स बटालियन एवं 78 यूके ने अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर कॉलेज में पौधरोपण किया। प्राचार्य प्रो. एनएस बनकोटी ने कॉलेज परिसर में पौधरोपण किया और एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस सेवियों, शिक्षक और कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण व संवर्द्धन की शपथ दिलाई। इस दौरान एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. ज्योति टम्टा, लेफ्टिनेंट डॉ. विनय चंद्र, सुरेंद्र रौतेला, महेश डंगवाल, अनुश्रुति, शोभा गंगोला, उर्मिला परिहार, साक्षी, पिंकी मटियाली, डिंपल, वंदना मेवाड़ी, अंजलि, अर्चिता, सौम्या, मनीष, पूजा, दीपशिखा, दिव्यांशी मौजूद रहीं।

## एक नजर

### रीति रिवाज के साथ पांच कन्याओं का कराया विवाह

**काशीपुर :** भारत विकास परिषद काशीपुर शाखा ने बांसियोवाला मंदिर प्रांगण में पांच कन्याओं के सामूहिक विवाह का आयोजन किया। पूरा कार्यक्रम धूमधाम से रीति-रिवाज के साथ संपन्न हुआ। परिषद के सदस्यों ने बताया कि भारत विकास परिषद सदैव ही समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी रहता है। साथ ही संगठन का उद्देश्य अंत्योदय की भावना जिससे समाज के सभी वर्गों का उत्थान और कल्याण हो सके के साथ कार्य करता है। आयोजन में नवदंपतियों को आशीर्वाद देने के लिए सांसद अजय भट्ट, पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा, पूर्व मेयर ऊषा चौधरी, भाजपा संगठन के प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, राम मेहरोत्रा, मनोज जोशी, योगेश कुमार जिंदल, सौरभ अग्रवाल, आदेश गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

### दुकान के बाहर खड़ी व्यापारी की बाइक चोरी

**बाजपुर :** दुकान के बाहर खड़ी व्यापारी की बाइक चोरी हो गई। आसपास खोजबीन करने पर भी बाइक का पता नहीं चला तो पीड़ित ने पुलिस चौकी में अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मकान नंबर-90 रजपुरा रानी काशीपुर निवासी शाहिद हुसैन ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि सुल्तानपुर पट्टी में उसकी दुकान है। रोजाना की भांति चार जून को भी उसने दुकान के बाहर बाइक खड़ी की थी। आरोप है कि सायं करीब चार बजे देखा तो बाइक गायब थी।

# साइबर ठगी गैंग का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

## चार फरार आरोपियों की तलाश तेज, 10 बदमाशों का है पूरा गैंग, ठगी 49.999 हजार की, करोड़ों के मिले रिकॉर्ड

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने एक ऐसे साइबर ठगी के शातिर गैंग का पर्दाफाश कर दिया है। जिन्होंने ट्रायल के तौर पर महज 49.999 हजार की साइबर ठगी को अंजाम दिया था। जब खुलासा हुआ तो 10 सदस्यीय गैंग के कारनामे बड़े निकले। प्रारंभिक जांच में खाते से करोड़ों के लेनदेन के साक्ष्य भी मिले हैं। पुलिस ने गिरफ्तार चार आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जबकि फरार चार साइबर ठगों की तलाश तेज कर दी है।

गुरुवार को पर्दाफाश करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि 29 मई 2025 को हरबंस लाल ने साइबर ठगों द्वारा 49 .999 हजार की ठगी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। देखने में तो यह साइबर ठगी की छोटी घटना लग रही थी, लेकिन जब कोतवाली पुलिस एवं एक्सपर्ट की संयुक्त टीम ने तफ्तीश की तो प्रारंभिक जांच में काशीपुर के रहने वाले मनोज सैनी और अजय सैनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साइबर ठगी के खेल में दो नहीं, बल्कि दस सक्रिय साइबर ठगों की सक्रियता है।

तफ्तीश के दौरान सूचना मिली कि 5 जून को मुरादाबाद निवासी पुष्पेंद्र उर्फ पोरस और सत्यपाल सिंह को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने आगरा निवासी रितिक सोलंकी और बिजनौर निवासी विशु राज मौर्या उर्फ ब्योम मौर्या को भी गिरफ्तार कर लिया। 49.999 हजार की ठगी प्रकरण में चार गिरफ्तारियां होने के बाद पुलिस ने ठगी में प्रयोग होने वाले कई उपकरण भी बरामद किए, जबकि पुलिस फरार मुरादाबाद निवासी रोहित कुमार, आगरा निवासी बसंत कुमार, ग्वालियर मध्य प्रदेश निवासी रोहित सोनी और शेरू चौहान की सरगर्मी से तलाश कर रही है।


साइबर ठगी के आरोपियों के साथ खुलासा करते एसएसपी। ● अमृत विचार

### फर्जी खाते खोलकर अपनाते थे हथकंडे

**रुद्रपुर :** कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि सत्यपाल, पोरस अपने साथी विशु राज मौर्य, रोहित व रितिक के साथ मिलकर लोगों के दस्तावेज लेकर खाता खुलवाते थे। फिर ऑनलाइन गेमिंग एवं ऑनलाइन ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा होने का प्रलोभन देकर साइबर ठगी को अंजाम देते थे। जिसकी एवज में लाखों की ठगी पर 90 हजार की कमीशन भी दी जाती थी।

### गैंग से बरामद हुए कई दस्तावेज

**रुद्रपुर :** 49 .999 हजार की साइबर ठगी प्रकरण में गिरफ्तार चार आरोपियों से पुलिस ने नौ मोबाइल, 15 सिम कार्ड, एक डोंगल एयरटेल, चार पासबुक, एक चेक, दो बैंक जमा पर्ची, दो एटीएम कार्ड, एक डायरी, दो किट एटीएम, चेक बुक व सिम, दो क्यूआर स्कैनर, एक बाइक और एक स्विफ्ट कार बरामद की है। बरामद उपकरणों से साफ है कि साइबर ठगी का यह संगठित गैंग कितना शातिर गिरोह है।

### तीन करोड़ के लेनदेन के मिले सबूत

**रुद्रपुर :** 30 मई को गिरफ्तार मनोज सैनी व अजय सैनी से हुई पूछताछ में पता चल गया था कि मनोज सैनी साइबर ठगी का पैसा मनोज सैनी के खाते में जाता था और अजय सैनी के माध्यम से पुष्पेंद्र व सत्यपाल को हस्तांतरित होता था। जांच में यह भी पाया कि कई खातों से तीन करोड़ से अधिक का लेनदेन हुआ है। जिसकी कमीशन के तौर पर मनोज सैनी को 70 हजार रुपये भी मिले थे।

### 15 प्रदेशों में कर चुके हैं साइबर अपराध

**रुद्रपुर :** खुलासे में बताया कि जिले में 49 .999 हजार की ठगी दस सदस्यीय गैंग ने साइबर ठगी पहली की थी। जब उनका आपराधिक इतिहास खंगाला तो पता चला कि पूरे नेटवर्क ने यूपी, असम, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना सहित 15 राज्यों में भी धोखाधड़ी की है और खातों में भी करोड़ों का लेनदेन हुआ है। जिनके खिलाफ इन सभी राज्यों में साइबर ठगी का मुकदमा भी पंजीकृत है।

# पहाड़गंज में मस्जिद निर्माण होगा ध्वस्त

- नोटिस के बाद भी गुपचुप तरीके से चल रहा था निर्माण कार्य
- प्रशासन ने निर्माण कार्य रोकने के साथ ही किया सील

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कहा कि पहाड़गंज में अवैध मस्जिद निर्माण कार्य को जल्द ध्वस्त किया जाएगा। इसके लिए संबंधित अधिकारियों को अवैध निर्माण को रोकने के निर्देश दे दिए गए हैं। जिस पर प्रशासन ने अवैध मस्जिद निर्माण के खिलाफ नोटिस जारी किया। बावजूद मस्जिद निर्माण का कार्य जारी रहा। जिस कारण प्रशासन ने निर्माण कार्य को रुकवा कर सील कर दिया है।


विधायक शिव अरोरा।

गुरुवार को विधायक अरोरा ने बताया कि पहाड़गंज में लैंड जिहाद के नाम पर अवैध मस्जिद निर्माण किया जा रहा था। मामला उनके संज्ञान में आया तो उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अवैध निर्माण को रोकने के निर्देश दिए। इसके बाद प्रशासन ने निर्माण कार्य को रोकने के लिए कहा और नोटिस भेजा। बावजूद अंदरखाने गुपचुप तरीके से निर्माण कार्य जारी रहा। जिस पर उन्होंने सख्ती दिखाते हुए पुनः प्रशासन के लोगो को अवैध निर्माण के खिलाफ कठोर कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य को रोकने के निर्देश दिए। इस बीच जिला विकास प्राधिकरण ने 31 मई 2025 को अवैध रूप से निर्माण की जा रही मस्जिद को सील के आदेश जारी कर दिए और आदेश के बाद मस्जिद निर्माण को सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि जल्द ही मस्जिद के निर्माण कार्य को प्रशासन ध्वस्त करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया रुद्रपुर क्षेत्र में लैंड जिहाद के नाम पर ऐसी कोई भी धार्मिक संरचना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा जो अपने आप को हिन्दू हृदय सम्राट कहलवाते थे वो विशेष वर्ग में अपनी खोयी हुई राजनीतिक जमीन तलाश रहे है। इतना ही नहीं अपने छुटभैये नेताओं के द्वारा प्रदर्शन कराकर उनकी छवि को धूमिल कर ओछी राजनीति कर रहे हैं। ऐसे नेताओं को उन्होंने ओछी राजनीति नहीं करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र में जनसंख्या असंतुलन व डेमोग्राफी चेंज का सुनियोजित षड्यंत्र चल रहा है। उसके खिलाफ भी जल्द बड़ा अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


शिविर में डॉक्टरों को सम्मानित करते संस्था के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन ने लगाया निःशुल्क नेत्र शिविर

**गदरपुर :** राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन के तत्वावधान में एक निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दर्जनों रोगियों की आंखों का नेत्र परीक्षण किया गया। गुरुवार को क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 में आयोजित शिविर में डॉक्टर सारो हेल्थकेयर को विनुस मसीह की पूरी टीम ने सम्मानित किया। डॉक्टर सारो हेल्थ केयर के द्वारा निशुल्क आंखों की जांच की गई। शिविर में दर्जनों रोगियों ने अपनी आंखों का निशुल्क प्रशिक्षण कराकर शिविर का लाभ उठाया। इस दौरान राष्ट्रीय मसीह विकास संगठन प्रदेश प्रचार प्रभारी ने बताया कि बढ़ती आंखों की बीमारियों को लेकर एक कैंप लगाया गया। उन्होंने कहा कि समय-समय पर अपनी आंखों का चेकअप कराना जरूरी है। इस मौके पर डॉक्टर अदनान ने सभी लोगों का चेकअप किया। शिविर में अमोस एनोस जॉनसन, अमित, आशीष, रेखा, बलराम, लक्ष्मी, सुमंत, गगन, जसप्रीत कौर, कुंवर पाल आदि मौजूद रहे।


गुरुद्वारा साहिब में लगे स्वास्थ्य शिविर में जांच कर उचित परामर्श देते चिकित्सक।

### शिविर में 150 लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**बाजपुर :** गुरुवार को उपजिला चिकित्सालय बाजपुर की ओर से नई उम्मीद, नई पहल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन गुरुद्वारा साहिब बाजपुर में किया गया जिसमें 150 महिला-पुरुषों की जांच की गई जिसमें 30 महिलाओं की स्तन कैंसर स्क्रीनिंग की गई और बीपी, शुगर, एनसीडी स्क्रीनिंग, आंखों की जांच कर दवाइयों का वितरण किया गया। इस कैंप में चंदन हास्पिटल हल्द्वानी से चिकित्सकों की टीम भी आई थी, जिसमें डा.शशांक बंसल (स्तन कैंसर स्क्रीनिंग), डा.हिमांश (पेट रोग विशेषज्ञ), डा.विकास सिंह (हार्ट सर्जन) शामिल रहे। इस मौके पर चिकित्सा अधीक्षक डा.पीडी गुप्ता, चीफ फार्मासिस्ट दलजीत सिंह (वर्ल्ड चैंपियन), डा.विनीत कोठारी, डा.अशोक सिंह तोमर, डा.नेहा भट्ट, डा.आकांशा, प्रेमकांत, अर्पित अग्रवाल, संजीव पाल, प्रकाश बचखेती, सुबोध सक्सेना, बृजबाला शर्मा आदि मौजूद रहे।

# हाइब्रिड कारों के टैक्स में छूट देने का स्वागत

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कुमायूं गढ़वाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष अशोक बंसल ने उत्तराखंड सरकार के हाइब्रिड कारों के वाहन टैक्स में छूट देने के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य के लिए दूरगामी लाभकारी सिद्ध होगा।


अशोक बंसल।

गुरुवार को प्रेस को जारी विज्ञप्ति में केजीसीसीआई के अध्यक्ष अशोक बंसल ने कहा कि हम उत्तराखंड सरकार के हाइब्रिड कारों के पंजीकरण शुल्क और वाहन टैक्स में छूट देने के ऐतिहासिक निर्णय का स्वागत करते हैं। यह कदम न केवल राज्य में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि प्रदेश के ऑटोमोबाइल सेक्टर को भी नई ऊर्जा देगा। हाइब्रिड कारें पारंपरिक पेट्रोल-डीजल वाहनों की तुलना में कम कार्बन उत्सर्जन करती हैं, जिससे राज्य में वायु गुणवत्ता में सुधार होगा और हरित परिवेश को बढ़ावा मिलेगा। टैक्स छूट से उपभोक्ताओं को 3.5 लाख से पांच लाख रुपये तक की सीधी बचत होगी, जिससे राज्य में हाइब्रिड कारों की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि की संभावना है। पहले उपभोक्ता टैक्स बचाने के लिए अन्य राज्यों में गाड़ियों का पंजीकरण कराते थे, जिससे उत्तराखंड को जीएसटी में नुकसान होता था। अब इस छूट के बाद राज्य को जीएसटी से अधिक राजस्व मिलेगा।

# हरविंदर बने अध्यक्ष, कपिल को बनाया महामंत्री

- छतरपुर व्यापार मंडल का हुआ विस्तार, नव मनोनीत पदाधिकारियों ने ली शपथ

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** जिला प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल ने छतरपुर व्यापार मंडल की कार्यकारिणी का विस्तार कर दिया है। इसमें सर्वसम्मति से हरविंदर सिंह विर्क अध्यक्ष, कपिल शर्मा को महामंत्री और देवेंद्र पाल को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

गुरुवार को आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश अरोरा, जिला महामंत्री निर्मल हंस पाल, जिला उपाध्यक्ष सरदार सुमुख सिंह विर्क, रुद्रपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा, महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव व डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष अंश अग्रवाल की मौजूदगी में पहले बैठक आयोजित हुई और फिर कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। साथ ही नव मनोनीत पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष भुड्डी ने कहा कि छतरपुर व्यापार मंडल का गठन व्यापारियों के हित को सुरक्षित रखने के लिए है। जब भी व्यापारी का उत्पीड़न होगा मंडल संगठित होकर संघर्ष करेगा। इस मौके पर बहादुर सिंह बिष्ट, शिवम बिरला कोटि, सागर रावत, सूरज राजपूत, चंद्र प्रताप सिंह, अनिल वर्मा, ईश्वर नेगी, अमर सिंह, बलवीर सिंह कोहली, भावना शर्मा, त्रिलोचन जोशी, संजय मंडल, रवि कुमार, दीपक गोस्वामी, शाहिद अंसारी, विशाल पुंडीर, वैद्यनाथ शर्मा, भावना शर्मा, सतबीर कौर, पार्वती शर्मा, हैप्पी धालीवाल, बलराज मौर्य, शैलेंद्र सिद्धू आदि मौजूद रहे।



नव मनोनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# विशेषज्ञों ने किसानों और ग्रामीणों को सिखाई उन्नत कृषि तकनीक

- खटीमा और नानकमत्ता ब्लॉक में किसानों के साथ किया संवाद
- महिलाएं कृषि में आगे आयें तो अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** विकसित भारत संकल्प यात्रा 2025 के तहत चल रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पंतनगर विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने खटीमा एवं नानकमत्ता ब्लॉक में किसानों और ग्रामीणों के साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने चंदेली, बनूसा और खेराना गांव के साथ बातचीत की।

गुरुवार को संवाद कार्यक्रम का आयोजन पंतनगर विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ.जितेंद्र क्वात्रा के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान कृषि संचार विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.अर्पिता शर्मा कांडपाल ने ग्रामीण महिलाओं की भागीदारी पर बल देते हुए कहा कि यदि महिलाएं कृषि में उद्यमिता के साथ आगे आएं तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मोबाइल ऐप, सोशल मीडिया और सामुदायिक रेडियो जैसे संचार माध्यमों के उपयोग से किसानों को जागरूक किया जा सकता है और उनके उत्पादों को बेहतर बाजार मिल सकता है। कीट विज्ञापन विभाग की प्राध्यापक डॉ. मीना अग्निहोत्री ने कहा कि जैविक कीट नियंत्रण की विधियां किसानों के लिए सस्ती, सरल और पर्यावरण के अनुकूल है। रासायनिक कीटनाशकों की जगह जैविक उपाय अपनाकर वे उत्पादन की गुणवत्ता और भूमि की उर्वरता दोनों बनाए रख सकते हैं।

विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित जानकारी दी और संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी किसानों को दी। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने वैज्ञानिकों द्वारा दी गई जानकारी की सराहना की और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से उन्हें नई तकनीकों को अपनाने का आत्मविश्वास मिलता है। इस अवसर पर विभागीय समन्वय नरपत सिंह, कुंदन सिंह मनोला आदि उपस्थित रहे।

### पारिवारिक कलह के चलते गाली-गलौज व मारपीट

**बाजपुर :** पारिवारिक कलह के चलते गाली-गलौज व मारपीट कर पति-पत्नी समेत बच्चों को घर से निकालने का आरोप जेठ एवं दो देवरों पर लगाते हुए पीड़िता ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम महुआडाली निवासी अनीता पत्नी मनोज ने पुलिस को बताया कि चार जून की सायं करीब 6 बजे उसकी गैरमौजूदगी में देवर ने गाली-गलौज करते हुए आठ वर्षीय बेटी की चप्पल से पिटाई लगा दी। इसकी जानकारी होने पर जब महिला ने विरोध किया तो जेठ व दो देवरों ने महिला के साथ भी गाली-गलौज एवं मारपीट शुरू कर दी। बीचबचाव करने पर उसके पति को भी पीटा गया। इतना ही नहीं आरोपितों ने मारपीट कर पति-पत्नी एवं बच्चों को घर से बाहर निकाल दिया। वहीं दूसरे पक्ष के सतीश ने भी पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में तहरीर देकर बताया कि वह अपने परिवार सहित अपने घर में मौजूद था। आरोप है कि तभी बड़ा भाई मनोज शराब पीकर घर में आया और मारपीट की।


काशीपुर में तैराकी प्रशिक्षण का शुभारंभ करते अतिथि। ● अमृत विचार

### पूजा अर्चना के साथ शुरू हुआ तैराकी का प्रशिक्षण

**काशीपुर :** स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैराकी प्रशिक्षण शिविर का पूजा अर्चना के बाद शुभारंभ किया गया। बुधवार की शाम तैराकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रभारी नीरज कुमार एवं पूर्व साईं कोच रमेश चंद खर्कवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। तैराकी कोच आनंद सिंह बोरा ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त करने आने वाले खिलाड़ियों को तैराकी खेल में प्रशिक्षित किया जाएगा। जिसके लिए 16 वर्ष तक की आयु के खिलाड़ियों को प्रतिमाह 15 सौ रुपये एवं 16 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ियों को दो हजार रुपये प्रतिमाह की दर से भुगतान करना होगा। यहां स्टेडियम प्रभारी व हॉकी प्रशिक्षक मोहित सिंह ,तैराकी प्रशिक्षक आनंद सिंह बोरा, मॉडर्न पेंथलॉन एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के सचिव दयाल सिंह फर्स्वाण, कांट्रेक्ट हॉकी कोच महिमा भंडारी, क्रिकेट कोच नितिन मनचंदा आदि मौजूद रहे।

**आयोजन** सीबीएसई जोनल फुटबॉल टूर्नामेंट में जीती ट्रॉफी, एमेनिटी स्कूल प्रांगण में आयोजित हुई प्रतियोगिता

# प्री-सुब्रतो फुटबॉल चैम्पियनशिप पर एमेनिटी का कब्जा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सीबीएसई द्वारा आयोजित जोनल प्री सुब्रतो फुटबॉल टूर्नामेंट में एमेनिटी स्कूल की अंडर-17, अंडर-15 और बालिका अंडर-17 की टीम चैंपियन रही। इसके बाद विद्यालय प्रबंधन ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गुरुवार को एमेनिटी स्कूल के एमडी सुभाष अरोरा ने बताया कि विद्यालय प्रांगण में एक जून से 5 जून तक सीबीएसई जोनल का फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ था। जिसमें 17 में 10, अंडर 15 में 12 टीमें और बालिका वर्ग अंडर 17 में तीन टीमों ने प्रतिभाग किया था। अंडर 17 बालक वर्ग के फाइनल में अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने एएसएन पब्लिक स्कूल द्वारका दिल्ली को 5-0, अंडर 15 बालक वर्ग में अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने मेरठ पब्लिक स्कूल को 8-0 और बालिका वर्ग के फाइनल में अमेनिटी पब्लिक स्कूल ने क्वींस पब्लिक स्कूल हल्द्वानी को 5-0 से हराकर चैंपियंस ट्रॉफी पर अपना कब्जा बरकरार रखा।



विजेता टीम को ट्रॉफी देते अतिथि। ● अमृत विचार

फाइनल मुकाबले की विजेता टीम को एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी ने ट्रॉफी देकर प्रोत्साहित किया। साथ ही विद्यार्थियों को खेलों के प्रति सजग रहने, मोबाइल व नशे से दूरी बनाने की सलाह भी दी।

सीबीएसई द्वारा नामित पर्यवेक्षक चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी ने बताया कि विजेता टीम 22 से 27 जून तक होने वाली प्री सुब्रतो राष्ट्रीय टूर्नामेंट होगा। जिसमें भारतवर्ष की टीमें प्रतिभाग करेगी और विजेता टीम दिल्ली में होने वाले अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में प्रतिभाग करेंगी।

# विवि की परंपरा को आगे बढ़ाएं छात्र


छात्र-छात्राओं के साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.एएस जीना व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** जीबी पंत विश्वविद्यालय साहित्य समिति की ओर से समिति के अंतिम वर्ष 2021-25 के विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की उपलब्धियों और योगदान को सम्मानित करना था। इस दौरान छात्रा विद्यार्थियों ने समिति में अपनी यात्रा का विवरण प्रस्तुत किया।

गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.आनंद सिंह जीना, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ.सुभाष चंद्रा और स्टाफ काउंसलर विश्वविद्यालय साहित्य समिति डॉ. अमित केसरवानी आदि उपस्थित थे। इस दौरान छात्रा आकांक्षा जोशी, देवेंद्र, अभिनव आर्या, नेहा पांडेय ने साहित्य समिति में अपनी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्निग्ध अवस्थी, अद्रिजा रावत, गरिमा राणा, हर्षित आर्या, शगुन बिष्ट, मंथन सडाना, ऋषभ जोशी, चिराग भाटिया, आराध्या कौशल, सार्थक जोशी, जाह्नवी गोस्वामी, हर्षिता तिवारी आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### जिले के दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में हुआ बदलाव

**रुद्रपुर :** एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने जिले के दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए नवीन तैनाती पर जाने का आदेश दिया है। जारी सूची में निरीक्षक बनने के बाद धीरेंद्र पंत को चौकी प्रभारी कलकता फार्म से पुलिस कार्यालय अटैच कर दिया है, जबकि दरोगा ओमप्रकाश को कोतवाली किच्छा से प्रभारी चौकी कलकता फार्म, दरोगा नरेंद्र कुमार चौकी प्रभारी स्कैनिया गदरपुर से थाना पंतनगर, दरोगा मुकेश मिश्रा को थाना गदरपुर से चौकी प्रभारी सकैनिया, दरोगा पवन जोशी को चौकी प्रभारी महतोष से थाना पुलभट्टा और महिला दरोगा नीमा बोहरा को कोतवाली काशीपुर से चौकी प्रभारी महतोष बनाया गया।

### ढाई क्विंटल प्रतिबंधित मांस के साथ चार गिरफ्तार

**काशीपुर :** गौ संरक्षण स्क्वायड की टीम ने एक घर में ढाई क्विंटल प्रतिबंधित मांस के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आईटीआई थाना क्षेत्र में हुई कार्यवाही से तस्करों में हड़कंप मच गया है। किच्छा स्थित कुमाऊं की गौ संरक्षण स्क्वायड टीम को मुखबिर के द्वारा काशीपुर में बकरीद से पूर्व भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस सप्लाई करने के लिए तस्करी कर लाए जाने की सूचना मिली थी। सूचना पर बृहस्पतिवार सुबह टीम ने आईटीआई थाना क्षेत्र के जसपुर खुर्द क्षेत्र की पाकीजा कॉलोनी में स्थित सरफराज नामक व्यक्ति के घर में छापा मारा। जहां से उत्तर प्रदेश के जिला मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा के मोहल्ला कुरेशियान के रहने वाले मतीन, अकबर अली और शोएब सहित सभी चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। टीम सभी आरोपियों को आईटीआई थाना ले आई। थाने में कानूनी कार्रवाई करने के बाद सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### तमंचे के साथ एक आरोपी हुआ गिरफ्तार

**काशीपुर :** कोतवाली पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को 315 बोर के तमंचे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। बुधवार की देर रात कोतवाली क्षेत्रांतर्गत हल्का नंबर एक चौकी में तैनात एसआई देवेंद्र सिंह सामंत टीम के साथ रात्रि गश्त पर थे। जब टीम आनंद नगर मालधन नंबर 7 से पहले पड़ने वाली पुलिया के पास पहुंची, तो एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। टीम के रोकने पर वह भागने लगा। जिसे कुछ दूरी पर दबोच लिया गया। टीम ने जब उसकी तलाशी ली, तो उसके कब्जे से एक 315 बोर का तमंचा बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कुलवंत सिंह उर्फ काली निवासी दुर्गापुर थाना कुंडा बताया। कहा कि वह जंगल में लकड़ियां काटने जाता है। इसलिए अपने पास तमंचा रखा हुआ है।

अंशधारकों के साथ किया धरना प्रदर्शन, घोटाले की सीबीआई जांच का उठाया मुद्दा, उग्र आंदोलन की चेतावनी

# टीडीसी खुर्दबुर्द किए जाने को लेकर किसान लामबंद

संवाददाता, रुद्रपुर



रुद्रपुर में डीएम कार्यालय गेट पर धरना देते किसान व अंशधारक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण की आड़ में टीडीसी को खुर्दबुर्द किए जाने और टीडीसी निविदा घोटाले की सीबीआई जांच नहीं होने पर तराई किसान संगठन और टीडीसी अंश धारकों ने एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने ऐलान किया कि यदि जल्द प्रदेश सरकार ने दोषियों और टीडीसी के अस्तित्व को बचाने की पहल प्रारंभ नहीं की तो महापंचायत कर उग्र आंदोलन होगा।

गुरुवार को तराई किसान संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष तजिंदर सिंह विर्क सहित किसान व टीडीसी अंशधारक डीएम कार्यालय के मुख्य गेट पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि टीडीसी का उन्नत बीज देश-विदेश में विख्यात है और भारत वर्ष के किसानों का पसंदीदा बीज होता है। जिससे टीडीसी को भी करोड़ों की आय होती है। बावजूद इसके कुछ भ्रष्ट अधिकारियों ने पंतनगर एयरपोर्ट की आड़ में टीडीसी के अस्तित्व को समाप्त करने की पटकथा लिखी और कई सौ करोड़ की ध्वस्तीकरण निविदा को महज 6.49 करोड़ में एक ही फर्म को नीलाम कर दी।

उन्होंने कहा कि सार्वजनिक निविदा की धनराशि से ही टीडीसी के अस्तित्व को बचाया जा सकता था, लेकिन विस्तारीकरण की आड़ में मटकोटा, बाजपुर तक का बीज विधायन संयंत्र को भी खुद बुर्द कर दिया। इस दौरान किसानों और अंश धारकों ने ऐलान किया कि यदि जल्द ही टीडीसी के अस्तित्व को पुनर्जीवित और निविदा घोटाले की सीबीआई जांच नहीं हुई तो महापंचायत कर आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर राजेंद्र मौर्य, हरेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह शाही, जगदीश सिंह, हरभजन सिंह, बल्ली सिंह चीमा, सुरेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# फायर हुआ मिस, बाल बाल बचा पूर्व पार्षद

संवाददाता, रुद्रपुर

- दो जून रात्रि साढ़े 10 बजे की है घटना
- पूर्व पार्षद ने पुलिस को सौंपी तहरीर मामले की जांच शुरू

**अमृत विचार:** 2 जून की रात्रि पहाड़गंज में पूर्व पार्षद की उस वक्त जान आफत में आ गई, जब एक सिरफिरे युवक ने सटाकर तमंचे से फायर कर डाला। गनीमत यह रही कि फायर मिस हो गया। वरना पूर्व पार्षद की हत्या हो सकती थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार वार्ड-15 पहाड़गंज निवासी पूर्व पार्षद कांग्रेसी नेता अबरार अहमद ने बताया कि 2 जून की रात्रि साढ़े 10 बजे वह घर पर था। इस दौरान सिरौली कला का रहने वाला आपराधिक प्रवृति का युवक आया और अभद्रता करते हुए बाहर निकलने के लिए ललकारा। आरोप था कि जैसे ही वह उसे समझाने के लिए बाहर आया। उस वक्त आरोपी ने तमंचा सटाकर फायर कर दिया, लेकिन फायर मिस हो गया।

आरोपी फिर जान से मारने की कोशिश जैसी धमकी देते हुए फरार हो गया। शिकायतकर्ता का आरोप था कि युवक आपराधिक प्रवृत्ति का है और कई मुकदमे भी दर्ज हैं। जिस कारण उसकी जान को खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# काशीपुर में पार्षदों ने पूर्व विधायक चीमा के बयान का किया विरोध

आरोप लगाया- पूर्व विधायक ने अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में काशीपुर में कुछ नहीं किया



काशीपुर के नगर निगम सभागार में प्रेस वार्ता करते पार्षद। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** पूर्व विधायक के बयान को गलत बताते हुए पार्षद लामबद्ध हो गये हैं। पार्षदों ने एकत्र होकर पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा के बयान का विरोध किया।

नगर निगम सभागार में बृहस्पतिवार को प्रेस वार्ता के दौरान पार्षदों ने कहा कि पूर्व विधायक को लगता है शहर का विकास हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने खुद तो अपने 20 वर्षों के कार्यकाल में कुछ किया नहीं और अब जब रुकी हुई विकास की गाड़ी को दीपक बाली तेजी से आगे बढ़ा रहे हैं तो यह पूर्व विधायक को नागवार लग रहा है। सभागार में पार्षद सतीश शर्मा, पुष्कर बिष्ट, अनिता कांबोज, अंजना, गुंजन प्रजापति, वैशाली गुप्ता, मोहम्मद मोनीष आशी, संदीप सिंह मोनू, अनिल कुमार, पार्षद पति प्रकाश नेगी आदि ने कहा कि 100 दिन में 63 करोड़ रुपये के काम चालू करा कर उन्होंने एक नया इतिहास रच दिया है। हर वार्ड में करोड़ों रुपये की लागत से सड़कें बन रही हैं। गैबिया और गूल की तलीझाड़ सफाई हो रही है। विकास कार्यों के चलते पार्षदों को भी जनता का भरपूर स्नेह और सम्मान मिल रहा है। दीपक बाली की कार्य प्रणाली बिल्कुल पारदर्शी है। चौराहों का नाम बदलने के लिए सामाजिक संस्थाओं ने मांग की थी और उन्हीं के आधार पर चौराहों के नाम बदलने और सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव पर समूचे बोर्ड ने चर्चा कर सहमति जताई थी। पूर्व विधायक जो भी बयान बाजी कर रहे हैं वह पूरी तरह से अनर्गल है। उन्हें सभी पार्षदों और मेयर की पीठ थपथपाकर हौसला बढ़ाना चाहिए। वहां पर पार्षद बीना नेगी, अनीता कांबोज, दीपा पाठक, अंजना, सुरेश सैनी, पुष्कर बिष्ट, वैशाली गुप्ता, संजय शर्मा, घनश्याम सैनी, अनूप सिंह, सीमा सागर, प्रिंस बाली, मयंक मेहता, गुंजन प्रजापति सहित बड़ी संख्या में पार्षद मौजूद रहे।

### पार्षद बोले-पार्टी के लोगों के नाम तक नहीं जानते पूर्व विधायक

**काशीपुर :** पार्षदों ने कहा कि पूर्व विधायक का यह कहना कि उनके यहां भीड़ नहीं होती, यह बात सही है, क्योंकि उनके यहां कोई जाता ही नहीं। जबकि नगर निगम में आए दिन जनता दरबार जैसी स्थिति होती है और समस्याओं का निराकरण भी तत्काल हो रहा है। महापौर शिलान्यास भी पार्षदों से कराते हैं। जहां तक संगठन का सवाल है शिलान्यास कार्यक्रमों में भी बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष और शक्ति केंद्र संयोजक तक को साथ रखते हैं। जबकि पूर्व विधायक 20 वर्ष तक विधायक रहने के बाद भी आज तक पार्टी के लोगों के नाम तक नहीं जानते। पार्षदों ने कहा कि पूर्व विधायक बिजली के खंभे तक उपलब्ध नहीं करवा पाते थे।

# हरिद्वार से दबोचा इकराम हत्याकांड का आरोपी राहुल

संवाददाता, रुद्रपुर

**25** हजार का था इनाम, फरवरी को हुई थी हत्या
एसटीएफ-हरिद्वार पुलिस ने की कार्रवाई

**अमृत विचार:** 28 फरवरी 2025 को हरिद्वार में हुए इकराम हत्याकांड के फरार 25 हजार का इनामी आरोपी राहुल को एसटीएफ व हरिद्वार की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। हत्यारोपी पिछले चार माह से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश भी कर दिया है।

एसटीएफ एसएसपी नवनीत भुल्लर ने बताया कि 28 फरवरी की शाम 6 बजे लंढौरा कस्बा में आपसी विवाद के चलते ओम खेड़ी मंगलौर हरिद्वार निवासी राहुल उर्फ रूपेश ने अपने साथियों के साथ मिलकर मातावाला हसन बाग मंगलौर निवासी इकराम को गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि ताजीम नाम का युवक घायल हो गया था। हत्याकांड में नौशाद की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया और तत्काल फरार मुख्य हत्यारोपी राहुल उर्फ रूपेश की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ कुमाऊं व हरिद्वार पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। एसटीएफ प्रभारी एमपी सिंह और मंगलौर थाना निरीक्षक शांति कुमार गंगवार को पांच मई को सूचना मिली कि मुख्य हत्यारोपी राहुल उर्फ रूपेश को हरिद्वार में देखा गया है। जिसके बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर मंगलौर इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।


एसटीएफ की गिरफ्त में इकराम हत्याकांड का मुख्य आरोपी। ● अमृत विचार

### राहुल पर दर्ज हैं कई आपराधिक मुकदमे

**रुद्रपुर :** इकराम हत्याकांड के मुख्य आरोपी राहुल उर्फ रूपेश का यह कोई पहला अपराध नहीं है, बल्कि थाना सदर सहारनपुर में एक, यमुनानगर सिटी में दो, हुडा सेक्टर में एक, थाना मंगलौर में दो मुकदमे दर्ज हैं। जिसमें हत्या के प्रयास सहित कई संगीन धाराएं लगी हैं। यही कारण है कि राहुल ने सरेराह इकराम हत्याकांड को अंजाम दे डाला।

### एक सप्ताह से कार्रवाई में लगी थी संयुक्त टीम

**रुद्रपुर :** इकराम हत्याकांड के मुख्य आरोपी राहुल की गिरफ्तारी के लिए एसटीएफ व हरिद्वार पुलिस की संयुक्त टीम को अथक प्रयास करना पड़ा और सात दिन की लगातार मेहनत के बाद आरोपी को दबोचा गया। इसके लिए संयुक्त टीम ने मोबाइल सर्विलांस, मैनुअल टीम और सुरागरसी के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी की।

# कांग्रेस के पूर्व आईटी सेल प्रभारी ने फांसी लगाई

संवाददाता, काशीपुर

- मृतक के कमरे से मिला सुसाइड नोट, पारिवारिक कारणों का दिया हवाला

**अमृत विचार:** कांग्रेस पार्टी के पूर्व आईटी सेल प्रभारी नितिन कौशिक ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस को मृतक के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। सुसाइड नोट में पारिवारिक कारणों से आत्महत्या करने की बात कही गई है।

दुर्गा कॉलोनी कृष्ण प्रणामी मंदिर के पास निवासी नितिन कौशिक (48) पुत्र देवेंद्र सिंह


नितिन कौशिक (फाइल फोटो)।

कौशिक ने बृहस्पतिवार की सुबह करीब दस बजे घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक दो बहनों का इकलौता भाई था। एक भाई की कई साल पहले ही मौत हो चुकी है। वह वर्षों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े हुए थे। उन्होंने बीते नगर निगम चुनाव में कांग्रेसी प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में अहम भूमिका निभाई थी। जानकारी के अनुसार शव के पास एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है। इसकी पुलिस जांच में जुटी है। वहीं महानगर अध्यक्ष मुशर्रफ हुसैन ने बताया कि नितिन आईटी सेल के प्रभारी भी रह चुके थे। अचानक उनके निधन से क्षुब्ध हूं। एडवोकेट संदीप सहगल, एडवोकेट सचिन नाडिग, राशिद फारूखी, अनीस अंसारी आदि ने शोक व्यक्त किया। वहीं अखिल ब्राह्मण उत्थान महासभा महानगर काशीपुर ने जगदीश प्रेरणा भवन में शोक सभा आयोजित की। इसमें ब्राह्मण सभा समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष पं. नितिन कौशिक के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख प्रकट किया। शोक सभा में प्रदेश महामंत्री उमेश जोशी, महानगर अध्यक्ष पं. शैलेंद्र कुमार मिश्रा, संदीप चतुर्वेदी, भास्कर त्यागी एडवोकेट, विमल गुड़िया, बसंत बल्लभ भट्ट, डॉ. रजनी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### पति व सास पर दहेज उत्पीड़न का आरोप

**बाजपुर :** पति व सास पर मायके से डेढ़ लाख रुपये लाकर देने का दबाव बनाने का आरोप लगा विवाहिता ने पुलिस चौकी सुल्तानपुर पट्टी में नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम रामजीवनपुर निवासी धर्मी ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी को तीन वर्ष हो चुके हैं और उसकी आठ माह की बेटी है। आरोप है कि चार जून की देर सायं करीब पांच बजे पति एवं सास द्वारा पूर्व की भांति परेशान कर मायके से डेढ़ लाख रुपये प्लाट खरीदने के लिए लाकर देने का दबाव बनाया गया, जबकि मायके वालों ने इन लोगों को इससे पहले भी 50 हजार रुपये दिए थे। बावजूद इसके अब और रुपयों की मांग की जा रही है और आए दिन उसके साथ मारपीट कर परेशान किया जा रहा है।

### बाइक की चपेट में आकर आशा कार्यकर्ता घायल

**बाजपुर :** बुध बाजार से ठेला लेकर घर जा रही एक आशा कार्यकर्ता बाइक की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे आनन-फानन में आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए उपजिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया है। बुधवार की देर रात करीब नौ बजे सुल्तानपुर पट्टी के बुध बाजार से मेन रोड सुल्तानपुर पट्टी निवासी (आशा कार्यकर्ता) रूपकिशोरी (40) पत्नी दिनेश सेब-परमल आदि का ठेला लेकर अपने घर जा रही थी। बताया जाता है कि इसी बीच सुल्तानपुर पट्टी में स्थित एक पेट्रोल पंप के नजदीक तेज रफ्तार बाइक सवार तीन युवकों ने रूपकिशोरी व ठेले को चपेट में ले लिया जिसमें वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।



सतर्कता | सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा, आपात स्थिति से निपटने का बनाया मैप

# दिल्ली से पहुंची एटीएस की टीम, डेरा डाला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** पहलगाम आतंकी हमला और वर्ष 2024 में नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख तरसेम सिंह हत्याकांड जैसे जघन्य अपराध के बाद अब दिल्ली की एटीएस ने रुद्रपुर में डेरा डाल लिया है। शहर के सभी धार्मिक स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर मौका मुआयना किया और आपात स्थिति में कैसे कार्रवाई करनी है उसका रोड मैप व रणनीति भी बनाई गयी। एटीएस का यह भ्रमण अति संवेदनशील जिलों में हो रहा है। ताकि आतंकी सूचना के बाद एटीएस तत्काल कार्रवाई कर सकें।


रुद्रपुर के गुरुद्वारे में कमेटी के पदाधिकारियों से वार्ता करती एटीएस की टीम।

गुरुवार को एएटीएस के एएसआई प्रकाश सिंह अपनी टीम के साथ कोतवाली पहुंचे और स्थानीय पुलिस को अवगत कराने के बाद मुख्य बाजार, आवास विकास के अलावा शहर के प्रमुख धार्मिक स्थल पहुंचे। जहां उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की कार्यक्षमता, सुरक्षा कर्मियों की तैनाती और आपातकालीन योजनाओं की समीक्षा की। कुछ धार्मिक स्थलों में सुरक्षा मानकों की कमी दिखे। जिसको संबंधित धार्मिक स्थल संचालकों को पूर्ण करने का भी आदेश दिया गया।

उधर, एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि रुद्रपुर एंटी टेररिस्ट सेल का आना एक रूटीन प्रक्रिया का हिस्सा है। एटीएस को अति संवेदनशील जिलों में भ्रमण कराया जाता है। कारण ऊधमसिंह नगर में बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड एक जघन्य अपराध था और शूटर पंजाब के पेशेवर अपराधी थे। इसके अलावा पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सभी प्रदेशों को अलर्ट भी जारी किया गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए एटीएस की टीम ने मौका मुआयना किया।

Admission Open
Session 2025-26
BIU COLLEGE OF PHARMACY BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

पंच त्वाऽनुगमिष्यन्ति यत्र यत्र गमिष्यसि ।
मित्राण्यमित्रा मध्यस्था उपजीव्योपजीविनः ॥

पाँच लोग छाया की तरह सदा आपके पीछे लगे रहते हैं । ये पाँच लोग हैं – मित्र, शत्रु, उदासीन, शरण देने वाले और शरणार्थी ।

## संपादकीय

# सतर्कता व तैयारी जरूरी

कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। संक्रमण में लगातार वृद्धि को नए वेरिएंट के प्रसार से जोड़ा जा रहा है, जिसमें एलएफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और हाल ही में पहचाने गए एनबी.1.8.1 सबवेरिएंट शामिल हैं। देश में गुरुवार को कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4866 तक पहुंच गई। संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 पहुंच गई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आए हैं। देश में कुल सक्रिय मामलों में सबसे अधिक 1487 केरल के हैं और दिल्ली में 562 दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा महाराष्ट्र में 526, गुजरात में 508, पश्चिम बंगाल में 538, कर्नाटक में 436, तमिलनाडु में 213, उत्तर प्रदेश में 198, राजस्थान में 103, हरियाणा में 63 और आंध्र प्रदेश में 50 सक्रिय मामले हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे चिंतित होने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्कता बरतना बहुत जरूरी है। भारत में 70 फीसदी से अधिक आबादी में कोरोना का टीकाकरण हो चुका है, लिहाजा विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना का मौजूदा वेरिएंट 'मौसमी फ्लू' से कुछ ही ज्यादा है। भारत में सिर्फ कोरोना का ही संकट नहीं है, लेकिन एच5एन1, डेंगू, चिकनगुनिआ, निपाह, जीका आदि खतरनाक वायरसों की घर-घर चर्चा है। ये संक्रमण भी फैलाते हैं और मौतें भी होती हैं। अभी तक जो मौतें हुई हैं, वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, निमोनिया, गुर्दे की पुरानी बीमारी, एक्यूट कोरोनरी सिंड्रोम आदि पहले से ही मौजूद बीमारियों के कारण हुई हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि कोरोना संक्रमण का असर कितना था।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने लोगों से कोरोना प्रोटोकोल का पालन करने की अपील की है और कहा कि घबराने की आवश्यकता नहीं हैं। कोरोना इस बार खतरा साबित न हो, लेकिन हम नहीं जानते कि कब, कहां और कौन-सा वायरस फैल सकता है। बहरहाल केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर इससे निपटने के लिए आवश्यक प्रबंध कर लेने चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने कहा है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के महामारी समझौते के हस्ताक्षरकर्ता भारत को सुनिश्चित करना चाहिए कि देश भर में पर्याप्त टीकों और जांच किट का भंडार बनाया और वितरित किया जाए। जिन राज्यों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है, वे बेहतर संसाधनों और स्वास्थ्य ढांचे वाले राज्य हैं, लिहाजा उनकी जिम्मेदारी अधिक है कि संक्रमण का न्यूनतम विस्तार होना चाहिए। ऐसे में घबराहट और चिंता करने की बजाय सावधानी और एहतियाती दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है।

# सामरिक जरूरतें और विरल धातुओं की कमी



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमश: वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्जा है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है।

एक खबर के मुताबिक महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के मामले में हम ही नहीं बल्कि अमरीका तक चीन पर बहुत हद तक निर्भर है। यह तो सिर्फ सोलर एनर्जी के लिए पेनल्स बनाने में इस्तेमाल होने वाले एक-दो विरल केमिकल एलिमेंट की ही बात है। विरल धातुओं और अधातुओं के खरीद-फरोख्त के लिए सबसे बड़ी मार्किट शंघाई मेटल मार्किट है। मेटल इंडस्ट्री की सबसे बड़ा डाटा इसी मार्किट के पास है और दाम निश्चित नहीं होते। यह एक स्ट्रेटेजिक मार्किट है।

सभी प्रकार के उन्नत सिस्टम्स में जिनमें हाई-टेक इक्विपमेंट, एनर्जी प्लांट्स के कंट्रोलर, युद्धक वायुयान और इनके कंपोनेंट्स, बैटल टैंक्स, मिसाइल्स, पनडुब्बियों की बॉडी और हुल से लेकर उन्नत इलेक्ट्रॉनिक या ऑप्टो-एलेक्ट्रोनिकी में विरल एलिमेंट्स का प्रयोग होता है। भारत को भी कम से कम 2900 टन विरल धातु हर वर्ष चाहिए। दुनिया के वे देश जैसेकि ब्राजील और दक्षिण अमरीकी महाद्वीप के देश जिनमें विरल धातुओं का विशाल भंडार है, इन्हें बेच कर अरबों रुपये की कमाई करते हैं।

विरल एलिमेंट्स और धातु दुनिया के ज्यादातर देशों में नहीं हैं, लेकिन चीन में इनके उत्पादन की वार्षिक मात्रा सर्वाधिक 1,86,000 टन है और यह वैश्विक उत्पादन का 86 प्रतिशत है। उत्पादन के हिसाब से इसके बाद क्रमशः वियतनाम, ब्राजील, रूस और फिर भारत का दर्जा है। भारत में विरल केमिकल एलिमेंट्स वाले खनिज का भण्डार 6.9 मिलियन टन है। चीन में यह भण्डार 44 लाख मिलियन टन आंका गया है। अमरीका भी इन धातुओं को हासिल करने के मामले में चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर ज्यादातर निर्भर है। अमरीका का सामरिक महत्व का डिफेन्स प्रोडक्शन 90 प्रतिशत तक चीन द्वारा की जाने वाली सप्लाई पर टिका है। चीन में विरल एलिमेंट्स की सबसे बड़ी खदान मंगोलिया में बयानओबो नामक स्थल पर है। विरल खनिजों के बिना दुनिया का कोई देश एडवांस्ड टेक्नोलॉजी में न तो रिसर्च कर सकता है और न ही इनसे कोई उत्पाद बना कर तकनीक में बढ़त हासिल कर सकता है। केमिस्ट्री की पीरियाडिक टेबल के अनुसार 17 विरल तत्व -सेरियम, डिस्प्रोसियम, अर्बियम, युरोपियम, गैडोलीनियम, होल्मियम, लैंथेनम, ल्यूटेटियम, नियोडिमियम, प्रेसियोडिमियम, प्रोमेथियम, समैरियम, स्कैंडियम, टेरबियम, थ्यूलियम, येटरबियम और येट्रियम हैं। प्रेसियोडिमियम सर्वाधिक मांग वाली विरल धातु है जिसका उपयोग आर्क-लाइटनिंग लैंप में इस्तेमाल होने वाले कार्बन इलेक्ट्रोड, कांच की पॉलिशिंग में उत्प्रेरक, पवन टर्बाइनों और मोटरों में मौजूद स्थायी चुम्बक, वेल्डर और ग्लास बॉल का निर्माण, विमान इंजन में इस्तेमाल होने वाली उच्च-शक्ति वाली कठोरतम धातुएं बनाने के लिए मैग्नीशियम के साथ मिश्र धातु एजेंट के रूप में, मिशमेटल के घटक के तौर पर एक ऐसी सामग्री बनाने में जिसका उपयोग लाइटर के लिए चकमक पत्थर बनाने और में मोशन पिक्चर उद्योग में कार्बन आर्क-लाइट, स्टूडियो लाइटिंग और प्रोजेक्टर लाइट के लिए किया जाता है। उच्च-तीव्रता वाले स्थायी चुम्बक जो हाइब्रिड कारों और पवन टर्बाइनों में इस्तेमाल होने वाले इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के लिए और हाइब्रिड ऑटोमोबाइल के लिए निकल मेटल हाइड्राइड रिचार्जेबल बैटरी में प्रेसियोडिमियम का इस्तेमाल किया जाता है। डिस्प्रोसियम वास्तव में ही रेयर अर्थ मेटल है। इसका उपयोग परमाणु नियंत्रण छड़ों में इसके उच्च तापीय न्यूट्रॉन क्रॉस-सेक्शन के लिए, डेटा भंडारण में इसकी उच्च चुंबकीय संवेदनशीलता और मैग्नेटोस्ट्रिक्टिव सामग्रियों में किए जाने के अलावा अवरक्त विकिरण के स्रोत के रूप में अन्य तत्वों के साथ जोड़ कर किया जाता है। आयनकारी विकिरण को मापने के लिए डोसिमीटर में और उच्च शक्ति वाले नैनोफाइबर बनाने के लिए इसका उपयोग जाता है। जाहिर है भविष्य में विरल धातुएं और अधातु जीवन-मरण का कारण बनेंगें।

हमें यह नहीं मालूम होता कि सोलर पेनल्स इन्स्टाल करने वाली भारत की बड़ी कंपनियां फोटोवोल्टेइक सैल्स खुद क्यों नहीं बनाती। आयात करके चीन को हम क्या एक बड़ा बिजनेस दे रहे हैं या विरल धातुओं के उसके खजाने के ख़त्म होने का इंतज़ार करना चाहते हैं? फोटोवोल्टेइक सैल्स के निर्माण में अरसे से सिलिकॉन का उपयोग किया जाता रहा है, लेकिन नए पदार्थों और तकनीक के इस्तेमाल के बाद थिन-फिल्म टेक्नोलॉजी के कारण अब नए फोटोवोल्टेइक सैल्स अधिक कुशल और कारगर पाए गएं हैं। सिलिकॉन निर्भरता को कम करने के लिए सामग्री विज्ञान में अमॉर्फस सिलिकॉन, कैडमियम टेल्यूराइड (सीडीटीई), कॉपर इंडियम गैलियम सेलेनाइड (सीआईजीएस और पेरोव्स्काइट्स का उदय नवाचार लाया है। भारत को चीन से रेयर अर्थ एलिमेंट्स की सप्लाई अभी बंद है। अधिकांश मात्रा में विरल एलिमेंट्स का भारत द्वारा आयात किया जाता है। चीन ने इनके निर्यात के लिए व्यापार लाइसेंस को अनिवार्य किया है और साथ में एक डिप्लोमेटिक नीति भी लागू की है कि किस देश को देना है और किस को नहीं। चीन की सरकार चाहती है कि आयातक देश इस बात का लिखित में आश्वासन दे कि इन विरल धातुओं का इस्तेमाल फ्रंटियर डिफेन्स टेक्नोलॉजी के विकास और निर्माण के लिए नहीं किया जाएगा। यह एक मुसीबतजदा शर्त है। हाल ही में इन तत्वों के लिए बढ़ती वैश्विक दौड़ के कारण यह हुआ है। भारत की वर्तमान खपत हालांकि कम है और व्यवधानों के कारण आपूर्ति अभी तक असुरक्षित है, लेकिन भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत की अनेक निर्णायक परियोजनाओं को पूरा करने के लिए विरल धातुओं और अधातुओं की मांग बढ़ने से आयात निर्भरता हमें जोखिम में डाल सकती है। इसीलिए कुछ वर्ष पहले ही कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ इंडियन इंडस्ट्री ने भारत सरकार से एक रेयर अर्थ डेवलपमेंट कारपोरेशन बनाने की मांग भी की थी। इसी के मद्देनज़र भारत सरकार ने सन 2012 में रेयर अर्थ्स एंड एनर्जी क्रिटिकल एलिमेंट्सः ए रोडमैप एंड स्ट्रेटेजी फॉर इंडिया', दस्तावेज तैयार किया था। इस रिपोर्ट में दिए गए सुझावों पर कैसा और कितना अमल हुआ है, ज्ञात नहीं है क्योंकि ऐसी जानकारी अक्सर क्लासिफाइड होती है। इन धातुओं के खनन, एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग के लिए स्पेशल स्किल्ड वर्कर्स और विशेष मशीनरी युक्त इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है। राष्ट्र की सुरक्षा और इकॉनोमिक डेवलपमेंट के लिए भारत ने 30 खनिज धातुओं और अधातुओं को महत्वपूर्ण माना है।

विरल धातुओं की सप्लाई को सुनिश्चित करने के लिए भारत ने आत्मनिर्भरता के लिए एक प्रभावी ढांचा स्थापित करने हेतु सन 2025 में राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन शुरू किया है। इसके तहत, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण को 2024 से 2031 तक 1200 अन्वेषण परियोजनाओं को पूरा करने के लिए नियुक्त किया गया है। पिछले तीन वर्षों के दौरान, जीएसआई ने विरल खनिजों की उपलब्धता और खनन करने के लिए 195 अन्वेषण परियोजनाएं शुरू की हैं। परमाणु ऊर्जा विभाग के तहत रेयर अर्थ्स इंडिया, लिमिटेड एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम भारत में दुर्लभ खनिज मोनाजाइट से उच्च शुद्ध ऑक्साइड के रूप में उत्पादन करने के लिए अधिकृत किया गया है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में तीन और आरक्षित भंडारों के दोहन के लिए आशय पत्र दिए जाने के साथ ही रेयर अर्थ एलिमेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने की योजना है ताकि इस खनिज से हमें अनेक विरल धातु एक साथ प्राप्त हो सकें। यह एक स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव है। आधिकारिक डेटा से पता चलता है फिलहाल दुर्लभ धातुओं का हमारा आयात 2270 टन है जिसमें से अधिकांश आयात चीन से और बाकी का जापान, रूस, कोरिया और अन्य देशों से हुआ। इसमें चीन से प्राप्त विरल धातुओं का हिस्सा 59 प्रतिशत है। भारत की यह निर्भरता वैश्विक विरल धातु खनन और प्रसंस्करण में चीनी प्रभुत्व के कारण है।

## प्रसंगवश

# भगदड़ में सतर्कता और समझदारी ही सुरक्षा



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

बेंगलुरु के चन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने से 11 लोगों की मौत दुखद और हृदय विदारक घटना है। वास्तव में भगदड़ की घटनाएं तब घटित होतीं हैं जब भीड़ अपना नियंत्रण खो देती है। बहुत बार अफवाहों के फैलने, खौफ,डर या घबराहट और सीमित जगह के कारण भी भगदड़ की घटनाएं घटित हो जातीं हैं। खराब भीड़ प्रबंधन जैसे कि पर्याप्त सुरक्षाकर्मी या निकास के लिए स्पष्ट मार्ग न होना भी भगदड़ का कारण बन जाता है। बेंगलुरु में जो घटना घटित हुई है, उसमें एक लाख से भी ज्यादा फ़ैंस रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत (18 साल बाद आईपीएल ट्रॉफी की जीत का जश्न मनाने के लिए) का जश्न मनाने के लिए स्टेडियम के बाहर जमा हुए थे। वास्तव में, जब यह हादसा हुआ, उस समय स्टेडियम का गेट नहीं खुला था और बड़ी संख्या में लोग एक छोटे से गेट को धक्का देकर तोड़ने की कोशिश कर रहे थे कि इसी दौरान अचानक भगदड़ मच गई। यह ठीक है कि किसी टीम की जीत पर दर्शकों का उत्साह स्वाभाविक ही होता है लेकिन बड़े आयोजन की तैयारियां बहुत ही माकूल होनी चाहिए। कहना ग़लत नहीं होगा कि यह पूरी घटना कहीं न कहीं प्रशासन की लापरवाही और भीड़ प्रबंधन में विफलता को ही दर्शाती है। यदि समय रहते भीड़ को नियंत्रित करने के वैकल्पिक उपाय, जैसे कि पर्याप्त वैरिकेडिंग, अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, आपातकालीन निकासी की व्यवस्था इत्यादि पहले से की गई होती तो ऐसी हृदयविदारक घटना को टाला जा सकता था। घटना के संदर्भ में मीडिया के हवाले से यह भी सामने आया है कि आरसीबी ने अपने प्रशंसकों को मुफ्त पास बांटे, जिसकी वजह से अचानक भीड़ इतनी बढ़ गई। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ की इस त्रासदी के दर्द ने जीत की ख़ुशी को ख़त्म कर दिया है। सच तो यह है कि लोग आरसीबी की आईपीएल में जीत के जश्न का गवाह बनने आए थे, लेकिन इस त्रासदी ने अनेक परिवारों को वह दर्द दिया है, जो वो शायद ही कभी भुला पाएंगे। हमारे देश में अब तक भगदड़ की अनेक घटनाएं सामने आ चुकीं हैं, लेकिन दुःख इस बात का है कि हम ऐसी त्रासदियों से सबक नहीं लेते हैं और लापरवाही के कारण बहुत बार बड़ी घटनाएं घटित हो जातीं हैं। कहना ग़लत नहीं होगा कि भगदड़ एक गंभीर खतरा है, जिससे बचने के लिए हमें सतर्क रहने और उचित उपाय करने चाहिए। कुछ समय पहले ही उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान मौनी अमावस्या के दिन मची भगदड़ में 30-40 लोगों की मौत हो गई थी। वास्तव में,भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। अक्सर भगदड़ मचने के पीछे जो कारण निहित होते हैं उनमें क्रमशः मनोरंजन कार्यक्रम, एस्केलेटर और मूविंग वॉकवे, खाद्य वितरण, जुलूस, प्राकृतिक आपदाएं, धार्मिक आयोजन, धार्मिक/अन्य आयोजनों के दौरान आग लगने की घटनाएं, दंगे, खेल आयोजन, मौसम संबंधी घटनाएं आदि शामिल होते हैं। बैरिकेड्स, अवरोध, अस्थायी पुल, अस्थायी संरचनाएं और पुल की रेलिंग का गिरना, दुर्गम क्षेत्र (पहाड़ियों की चोटी पर स्थित धार्मिक स्थल जहां पहुंचना मुश्किल है), फिसलन युक्त या कीचड़ युक्त मार्ग, संकरी गलियां एवं संकरी सीढ़ियां, खराब सुरक्षा रेलिंग, कम रोशनी वाली सीढ़ियां, बिना खिड़की वाली संरचना, संकीर्ण एवं बहुत कम प्रवेश या निकास स्थान, आपातकालीन निकास का अभाव भी बहुत बार भगदड़ के कारण बन सकते हैं। अप्रभावी भीड़ प्रबंधन तो भगदड़ मचने का कारण है ही। बहुत बार यह देखा जाता है कि किसी एक प्रमुख निकास मार्ग पर ही लोगों की निर्भरता होती है,जो भगदड़ का कारण बन जाती है। आज अक्सर यह भी देखने को मिलता है कि किसी कार्यक्रम विशेष के लिए क्षमता से अधिक लोगों को अनुमति दे दी जाती है। बहुत से स्थानों पर उचित सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का भी अभाव होता है, जिससे सूचना देने में दिक्कत आती है। भीड़ अनेक बार गैर-जिम्मेदाराना व्यवहार अपनाती है और सुरक्षा नियमों का ठीक से पालन नहीं करती है। वास्तव में सार्वजनिक आयोजनों के दौरान भीड़ को प्रबंधित करने के लिए पूर्व में ही गहन प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ भीड़ को प्रबंधित करने के लिए हमारे पास अच्छी योजनाएं भी होनी चाहिए।

# ड्रोन बना युद्ध का प्रमुख हथियार



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है।

ड्रोन ने दुनिया भर में युद्ध का तरीका बदल दिया है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया। भारतीय सेना ने पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकाने तबाह किए तो पाकिस्तानी सेना ने सैकड़ों की संख्या में ड्रोन भेजकर हमले किए। पाकिस्तान के ड्रोन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में खत्म कर दिया। इससे पहले इजरायल-गाजा और रूस-यूक्रेन वॉर में भी ड्रोन का जमकर इस्तेमाल किया गया। इससे एक बात साफ हो गई है कि ड्रोन अब सिर्फ तकनीक नहीं हैं, अब ये युद्ध की दिशा बदलने वाला हथियार हैं।

हाल ही में यूक्रेन ने रूस के काफी भीतर उसके 5 एयरबेस और 41 बॉम्बर, लड़ाकू विमानों को तबाह कर दुनिया को चौंका दिया है। बल्कि विश्व स्तब्ध है कि यूक्रेन के पास ऐसी जंगी प्रौद्योगिकी भी है, जो 2000 किमी. से 6000 किमी. की दूरी तक सफल, असरदार, विध्वंसक हमला कर सकती है। जो देश अभी तक यूक्रेन की आर्थिक और सैन्य मदद करते रहे हैं, वे भी हैरान हैं और आत्ममंथन कर रहे हैं। रूस के ये बॉम्बर ऐसे थे, जो परमाणु हथियार का इस्तेमाल करने में भी सक्षम थे। रूस ने इन्हीं विमानों के जरिए यूक्रेन के कई शहरों पर हवाई हमले किए थे और शहरों को खंडहर बना दिया था। इतिहास के पन्ने पलटे तो दूसरे विश्व युद्ध से पहले ब्रिटेन ने रिमोट से चलने वाली डीएच82बी क्वीन बी ड्रोन बनाया गया। 'ड्रोन' शब्द की उत्पत्ति इसी नाम से हुई है। यह किसी भी लक्ष्य की जानकारी लेने के लिए इस्तेमाल किया जाने लगा था। 'क्वीन बी' को दुनिया का सबसे पहला आधुनिक ड्रोन माना गया था। 'क्वीन बी' का उपयोग ब्रिटेन के रॉयल एयर फोर्सेस में किया गया था। इस ड्रोन की सफलता के बाद ही अमेरिका ने अपना ड्रोन प्रोग्राम शुरू किया था। अमेरिका ने ब्रिटेन में ड्रोन के सफल होने के बाद अपने यहां ड्रोन बनाने शुरू कर दिए। अमेरिका ने वियतनाम वॉर के दौरान पहली बार छोटे रिमोट कंट्रोल ड्रोन 'रयान एक्यूएम 91' का इस्तेमाल किया था। अमेरिकी आर्मी ने इसका इस्तेमाल बड़े पैमाने पर उत्तरी वियतनाम में दुश्मन की जासूसी करने के लिए किया था। 'रयान एक्यूएम 91' दो कैमरों से लैस था। 9/11 के बाद अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान में हेलफायर मिसाइल प्रीडेटर ड्रोन का बड़े लेवल पर इस्तेमाल किया। यह ड्रोन 24 घंटे उड़ान भरने में सक्षम था। एक समय तक ड्रोन तकनीक और ड्रोन इंडस्ट्री पर अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल का कब्जा था। साल 2015 के बाद ड्रोन तकनीक वैश्विक हो गई। दरअसल यूक्रेन ने जो ड्रोन्स इस्तेमाल किए, उन्हें एआई से संचालित किया गया। यह वैज्ञानिक नवाचार यूक्रेन का ही है अथवा किसी देश ने उसे मुहैया कराया है, यह रहस्य फिलहाल नहीं खुल पाया है, लेकिन इतना लगता है कि इन ड्रोन्स को 'एआई एलगोरिथ्म' पर प्रशिक्षित किया गया होगा! एल्गोरिथ्म कम्प्यूटर विज्ञान की भी एक अवधारणा है। यह किसी विशिष्ट कार्य को करने के लिए दिए गए निर्देशों की एक प्रक्रिया भी है, जिसने रूसी बॉम्बर विमानों की पहचान की और उन पर निर्णायक प्रहार कर उन्हें 'मिट्टी-मलबा' बना दिया। यूक्रेन के इस 'ऑपरेशन मकडज़ाल' ने स्पष्ट कर दिया है कि इस ड्रोन हमले ने युद्ध को बदल दिया है। हम किसी पक्ष की जीत या हार की भविष्यवाणी नहीं कर रहे, लेकिन यह एक भयानक सच है कि रूस-यूक्रेन युद्ध 3 साल 3 महीने से जारी है और यूक्रेन अभी पराजित होने की स्थिति में नहीं है। दोनों देशों के बीच समझौता-वार्ता हुई है, युद्धबंदियों को रिहा करने की बुनियादी सहमति बनी है, लेकिन युद्धविराम के लिए फिलहाल सहमति दूर-दूर तक नहीं दिखती। अब तो पृष्ठभूमि में ड्रोन हमला भी झलक रहा है। हालांकि रूस ने शुरुआत में दावा किया था कि युद्ध 7-10 दिन चलेगा और यूक्रेन पराजय स्वीकार कर लेगा। रूस पर यूक्रेन के इस हमले को 'पर्ल हॉर्बर' हमले के बराबर माना जा रहा है। अमेरिका पर उस हमले के बाद ही जापान के हिरोशिमा-नागासाकी शहरों पर अमेरिका ने एटम बम गिराए थे। विध्वंस का वह इतिहास सभी जानते हैं और अमेरिका को द्वितीय विश्व युद्ध में उतरने को विवश किया गया था। पुतिन के नंबर दो दिमित्री मेदवेदेव ने भी अब परमाणु हमले की धमकी दी है, लिहाजा पूरा विश्व चिंतित है। बहरहाल यदि वर्ष 2024 एफपीवी ड्रोन का था, तो 2025 के बीते सप्ताह तक 'फाइबर ऑप्टिक एफपीवी ड्रोन' का दौर था। ये ड्रोन रूसी सेनाओं का नवाचार था। यूक्रेन ने उसे भी पार कर लिया है और एआई संचालित ड्रोन्स का इस्तेमाल कर रूस पर बेहद घातक प्रहार किया है। साफ है कि आने वाले युद्ध एआई संचालित, स्वायत्त ड्रोन से ही लड़े जाएंगे। जिस भी देश की रक्षा प्रणाली में उन्नत तकनीक के ड्रोन भी शामिल हैं, उस देश की सेना कई गुना ताकतवर हो जाती है।

## सोशल फोरम

# संतुलित दृष्टिकोण जरूरी



डॉ सुधांशु के. मिश्रा
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

आज भारत जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें एक गहरी मानसिक और बौद्धिक बेचैनी दृष्टिगोचर होती है। एक ओर अतीत के गौरवगान में डूबा राष्ट्र है, तो दूसरी ओर वर्तमान की विफलताओं और भविष्य की अनिश्चितताओं से घिरा हुआ समाज। ऐसे में यह प्रश्न प्रासंगिक हो जाता हैः क्या भारत आत्ममुग्ध ऐतिहासिक चेतना में फंसा हुआ है? और क्या यह उसकी प्रगति में बाधा बन रही है? भारत का अतीत निस्संदेह सांस्कृतिक, दार्शनिक और बौद्धिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध रहा है। किंतु इस अतीत को देखने की दृष्टि में संतुलन का अभाव दिखाई देता है। अतिगौरव का मोहः हम विश्वगुरु थे, हमने शून्य खोजा, "हमारे वेदों में सब विज्ञान है-ऐसी घोषणाएं एक सांस्कृतिक आत्मविश्वास नहीं, बल्कि एक प्रकार की मनोवैज्ञानिक क्षतिपूर्ति बन जाती हैं। वे न तो वैज्ञानिक समीक्षा की कसौटी पर उतरती हैं, न भविष्य निर्माण के लिए व्यवहार्य कार्यक्रम बनाती हैं।

भारतीय शिक्षा प्रणाली ने न तो इतिहास का आलोचनात्मक बोध विकसित किया, न भविष्य की कल्पना करने की प्रेरणा दी। हमारी पाठ्यचर्या में अतीत या तो स्तुति के भाव में आता है, या औपनिवेशिक लज्जा में दबा रहता है। परिणामस्वरूप, युवा पीढ़ी या तो पश्चिमी आदर्शों की नकल करती है या पुनरुत्थानवादी मिथकों में अपनी पहचान खोजती है। जब समाज को वर्तमान में न्याय, रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाओं में निरंतर विफलता का सामना करना पड़ता है, तब वह सांस्कृतिक स्मृति में शरण लेता है। अतीत एक मनोवैज्ञानिक सुरक्षित स्थान बन जाता है, जो वर्तमान की कटुता से राहत देता है-भले ही वह राहत काल्पनिक हो। भारत को न तो अपने भूतकालीन सांस्कृतिक उपलब्धियों पर अति गौरव करना चाहिए, न अपनी ऐतिहासिक भूलों पर लज्जित और निरुत्साहित होना चाहिए। न ही उन गलतियों को तर्कों से छुपाना चाहिए। भारत को चाहिए कि वह-अतीत से प्रेरणा ले, पर उसमें फंसे नहीं,अपनी भूलों से सीखे, पर उनमें गुलाम न हो जाए, और अपने वर्तमान की समस्याओं को सुलझाते हुए, भविष्य का एक न्यायपूर्ण, बौद्धिक और सृजनशील मार्ग बनाए।

**-फेसबुक वॉल से**

# क्या डगमगाएगा भारत का ईवी सपना



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

भारत को क्या होगा नुकसान : टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण।

'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत भारत सरकार इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को मजबूत बनाने की दिशा में कई प्रयास कर रही है, लेकिन इन प्रयासों को झटका तब लगा जब विश्व की अग्रणी ईवी निर्माता कंपनी टेस्ला ने भारत में उत्पादन संयंत्र स्थापित करने में रुचि नहीं दिखाई। वहीं दूसरी ओर, चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नई पाबंदियां लगाकर भारत के ऑटो उद्योग के सामने एक नई चुनौती खड़ी कर दी है। इन दोनों घटनाओं का भारत के ईवी बाजार, निवेश माहौल और राजस्व संभावनाओं पर गहरा असर पड़ेगा।

टेस्ला क्यों नहीं चाहती भारत में बनाना वाहनः टेस्ला के सीईओ एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि भारत में उच्च आयात शुल्क के चलते वह अपनी कारें भारत में बेचना लाभकारी नहीं समझते। भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों पर 60प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक का आयात शुल्क लगता है। टेस्ला चाहती थी कि सरकार पहले आयात पर छूट दे जिससे कंपनी बाजार को परख सके, जबकि भारत सरकार की नीति साफ थी- 'भारत में बनाओ तभी टैक्स छूट पाओ'। इसी मतभेद के चलते टेस्ला ने फिलहाल भारत में निवेश से किनारा कर लिया और इंडोनेशिया जैसे देशों की ओर रुख कर लिया, जहां बैटरी मटेरियल्स की सुलभता, सरकारी प्रोत्साहन और बाजार की लचीलता अधिक है।

भारत को क्या होगा नुकसानः टेस्ला के आने से भारत को जो लाभ मिल सकते थे, उनमें सबसे अहम था विदेशी निवेश और तकनीकी स्थानांतरण। अनुमान के अनुसार, अगर टेस्ला भारत में गीगाफैक्ट्री खोलती, तो अगले 10 वर्षों में करीब 50,000 करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष राजस्व उत्पन्न होता। लाखों रोजगार बनते और भारत की इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक में एक बड़ा उछाल आता। इसके अलावा, टेस्ला की मौजूदगी विदेशी निवेशकों के लिए भारत को अधिक आकर्षक बनाती। अब टेस्ला के ना आने से ये संभावनाएं फिलहाल धूमिल हो गई हैं। टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनी की अनुपस्थिति में टाटा मोटर्स, महिंद्रा, ओला इलेक्ट्रिक और एमजी मोटर्स जैसी भारतीय कंपनियों को बाजार में थोड़ी राहत जरूर मिल सकती है, लेकिन ये राहत ज्यादा लंबी नहीं चलेगी। उपभोक्ताओं की तकनीकी अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और यदि भारत को वैश्विक ईवी मानचित्र पर अपनी मजबूत पहचान बनानी है, तो उसे वैश्विक तकनीकों और प्रतिस्पर्धा का सामना करना ही होगा।

टेस्ला की दूरी के बीच भारत के ईवी उद्योग को एक और झटका तब लगा जब चीन ने रेयर अर्थ मिनरल्स के निर्यात पर नियंत्रण कड़ा कर दिया। लैंथेनम, नीओडिमियम, टेरबियम, और डिस्प्रोसियम जैसे खनिजों का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहन बैटरियों, मोटर मैग्नेट्स और अन्य इलेक्ट्रिक घटकों में होता है। चीन दुनिया में रेयर अर्थ खनिजों का लगभग 60 प्रतिशत उत्पादन करता है। ऐसे में उसकी ओर से निर्यात सीमाएं भारत जैसे देशों के लिए चिंता का कारण बन जाती हैं।

फिलहाल भारत अपनी रेयर अर्थ जरूरतों का एक बड़ा हिस्सा चीन से ही आयात करता है। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत अपने आंतरिक संसाधनों की ओर ध्यान दे। आंध्र प्रदेश, झारखंड और राजस्थान में इन खनिजों की उपस्थिति पाई गई है। इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक खनन और प्रोसेसिंग इकाइयों की स्थापना के लिए सरकार को प्राथमिकता देनी होगी।

साथ ही, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और वियतनाम जैसे देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी करके भारत को अपने आयात स्रोतों में विविधता लानी होगी। वहीं भारतीय अनुसंधान संस्थानों और स्टार्टअप्स को बैटरी रीसाइक्लिंग, सॉलिड-स्टेट बैटरियां और सोडियम-आयन जैसी नई तकनीकों पर भी ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि चीन की निर्भरता कम हो सके।

क्या यह संकट भारत को आत्मनिर्भर बना सकता हैः टेस्ला का न आना और चीन की पाबंदियां निश्चित रूप से भारत के ईवी मिशन के लिए एक बड़ी चुनौती हैं, लेकिन हर चुनौती में एक अवसर छिपा होता है। यदि भारत इस मौके को सही रणनीति से साध ले-जैसे टेक्नोलॉजी में निवेश, खनिज संसाधनों का उपयोग, और विदेशी सहयोग- तो यह संकट भारत के लिए एक बदलावकारी मोड़ बन सकता है। आने वाले समय में भारत को यह तय करना होगा कि वह इन वैश्विक दबावों के आगे झुकेगा या आत्मनिर्भरता के रास्ते पर मजबूती से आगे बढ़ेगा। यदि सरकार और उद्योग जगत मिलकर काम करें, तो भारत न केवल एक सशक्त ईवी बाज़ार बन सकता है, बल्कि वैश्विक निर्यात केंद्र के रूप में भी उभर सकता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते डीएम। ● अमृत विचार



एएनझा कॉलेज में पौधरोपण करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व अन्य। ● अमृत विचार



सीएमओ कार्यालय परिसर में पौधरोपण करते प्रभारी सीएमओ व अन्य।

एक नजर

## प्रकृति का पोषण करें, जीवन का पोषण करें

**सितारगंज :** विश्व पर्यावरण दिवस पर आईबीडी सेंटर सितारगंज में एक जागरूकता गोष्ठी एवं रैली का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षण केंद्र के बच्चों ने रैली निकालकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। मुख्य वक्ता वरिष्ठ समाजसेवी महेश मित्तल ने कहा कि "हरी पृथ्वी, स्वच्छ पृथ्वी" हम सभी की जिम्मेदारी है-प्रकृति का पोषण ही जीवन का पोषण है। उन्होंने कहा कि भोजन, पानी और जीवन की अन्य आवश्यकताएं हमारे पर्यावरण पर ही निर्भर करती हैं, और यदि हमने इसे सुरक्षित न रखा तो इसका दुष्प्रभाव समस्त जीव-जंतुओं पर पड़ेगा। युवाओं को इस दिशा में आगे आकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम के अंत में रामलीला मैदान में नीम के पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर संभाग सचिव लाल सिंह दायमा, आईबीडी अध्यक्ष महेश मित्तल, संच अध्यक्ष गीता गड़कोटी, कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र राणा, ट्रेनर अंकुर पाल, एकल ग्राम संगठन महामंत्री शीतल सिंघल, कोषाध्यक्ष भीमसेन गर्ग, रामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष संदीप गुप्ता, सुमन राय आदि उपस्थित रहे। सभी को पर्यावरण दिवस की बधाई दी गई।

# पर्यावरण दिवस पर धरा को हरा-भरा करने का लिया संकल्प

## जिला कार्यालय और ईवीएम वेयर हाउस परिसर में हुआ पौधरोपण, डीएम ने लोगों से की पौधों के संरक्षण की अपील, जिले भर में किए गए कार्यक्रम

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पांडेय, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत ने जिला कार्यालय परिसर व ईवीएम वेयर हाउस में फलदार पौधों का रोपण किया। साथ ही सभी को पर्यावरण दिवस की बधाई दी।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे हमें शुद्ध हवा और पानी देते हैं। पर्यावरण, जल संरक्षण के लिए भी महत्वपूर्ण है। इसलिये हम सभी को अधिक से अधिक पौधारोपण करना चाहिए और पौधों का संरक्षण भी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरेला पर्व व वर्षाकाल में वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। पौधरोपण अभियान ग्राम पंचायत से लेकर न्याय पंचायत, ब्लॉक स्तर व जिला स्तर तक चलाया जाएगा। जिसमें सभी जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह, स्कूली बच्चों के साथ ही जनसहभागिता होगी।

उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करने की शपथ दिलाई। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत सभी निर्वाचनों में मतदान करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में पर्यावरण व निर्वाचन पर विभिन्न स्कूलों में निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिताओं के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। साथ ही वृद्ध मतदाता सेहरू निशा, संजीदा, शीला देवी, दिव्यांग मतदाता अरविंद चौधरी, अनिल मालाकार व युवा मतदाता हीना, हसन, सैफ अली को जूट के बैग देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, जिला पंचायत राज अधिकारी महेश कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध, जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन, अर्जुन पुरस्कार विजेता व स्वीप आइकॉन मनोज सरकार, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी समेत कलेक्ट्रेट के सभी स्टाफ व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**एएनझा कॉलेज में निकाली गयी जागरूकता रैली : रुद्रपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के नेतृत्व में अटल उत्कर्ष एएनझा राजकीय इंटर कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका विषय विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करना था। इस दौरान पौधरोपण के साथ जागरूकता रैली निकाली

**अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प : रुद्रपुर।** सीएमओ कार्यालय परिसर में पौधरोपण के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रभारी सीएमओ डॉ. डीपी सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए वातावरण को शुद्ध रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। इस अवसर पर डॉ. एसपी सिंह, दुर्गेश मर्तोलिया, गीता आर्या, फैमिना, हिमांशु मुस्युनी, डीएस भंडारी, डॉ. श्वेता कुमारी, उमेश पाल, आमिर खां, मनोज कुमार आर्या आदि मौजूद रहे।



लेक पैराडाइस में योग करते लोग। ● अमृत विचार

### लेक पैराडाइस में हरित योग का भव्य आयोजन

**रुद्रपुर।** जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ऊधम सिंह नगर डॉ. आलोक कुमार शुक्ला के निर्देशन में लेक पैराडाइस रुद्रपुर में हरित योग का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान 125 साधकों के साथ कॉमन योगा प्रोटोकॉल का अभ्यास किया गया एवं मानव श्रृंखला का गठन कर लोगों को योग के विषय में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से योग को प्रकृति के साथ जोड़ने का प्रयास किया गया। इस मौके पर डॉ. बिरेंद्र सिंह रौतेला, डॉ. राकेश चिलाना, डॉ. मीना अधिकारी, डॉ.धर्मेंद्र सोनी, आरती किमोठी, राहुल पुरोहित, मशरूफ अहमद, शीनम, तरुण, कविता, राजकुमार अनेजा आदि उपस्थित रहे।

### संजय वन में सांसद अजय भट्ट ने किया पौधरोपण




**रुद्रपुर, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नैनीताल रोड स्थित संजय वन में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी हिमांशु बागरी के साथ रुद्राक्ष, वट, पाखड़, कृष्ण वट, पुत्रजीवा, आंवला, इमली आदि के पौधे लगाए। गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान सांसद अजय भट्ट ने कहा कि संजय वन को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। संजय वन में पर्यटकों के लिए शीघ्र ही आधुनिक शौचालय, कैंटीन की सुविधा, हट्स भी बनाए जाएंगे। संजय वन के सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग की ओर से 46 लाख का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अमित नारंग, सांसद प्रतिनिधि योगेश वर्मा, हेमराज बिष्ट, एसडीएम मनीष बिष्ट, सीईओ केएस रावत, डीईओ हरेंद्र मिश्रा, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमन अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।




सितारगंज में पौधे लगाते आईबीडी के सदस्य। ● अमृत विचार



श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते शिक्षक।

### श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में पौधरोपण किया

**सितारगंज :** श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी प्रतिभा कोहली व स्कूल की प्रधानाचार्या संतोष नेगी की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर कोहली ने पर्यावरण संरक्षण हेतु जनजागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्कूल के ए.ओ. पुष्कर सिंह नेगी, इंचार्ज कुलदीप कौर, स्वच्छ भारत अभियान के सदस्य शोएब व विद्यालय के समस्त अध्यापक-अध्यापिकाओं ने भाग लिया।



सितारगंज में विश्व पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण करते भाजपाई। ● अमृत विचार

### एक पेड़ मां के नाम के तहत अभियान चलाया

**सितारगंज :** भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल के नेतृत्व में "एक पेड़ मां के नाम" पौधरोपण अभियान के तहत जिला उप चिकित्सालय आवासीय परिसर एवं नगरपालिका परिसर में आम, अमरूद, आंवला, पीपल, सहजन, बांस आदि पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने बताया कि अपने घर के पास एक पौधा अवश्य लगाएं। नगर पालिका अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने कहा कि लगातार बढ़ते तापमान और जलवायु परिवर्तन को देखते हुए यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अधिक से अधिक पौधे लगाएं और आने वाली पीढ़ी को भी इसके लिए प्रेरित करें।

# बाजपुर में अधिक से अधिक पौधे लगाने पर जोर

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर गुरुवार को विभागीय आदेश पर राजकीय बालिका इंटर कालेज की छात्राओं ने पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। शिक्षिकाओं एवं छात्राओं द्वारा जीजीआईसी की प्रधानाचार्या मीता बोस के निर्देशन में विद्यालय परिसर में लगे पेड़ों की सफाई कर उनमें पानी डाला गया तथा कुछ नए पौधे भी लगाए गए। गोष्ठी में अध्यापिकाओं द्वारा अपने घरों के आसपास अधिकतम पेड़-पौधे लगाने पर जोर दिया। इस मौके पर एसएमसी अध्यक्ष शहादत खान, परमजीत कौर सैनी, सुनीता डोभाल, डा.शशि जोशी, सुनीता कंबोज, ममता, डा.मीना आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। वहीं कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में उपजिलाधिकारी डा.अमृता शर्मा के नेतृत्व में पौधारोपण कर पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा, मंडी निरीक्षक शिवमूर्ति सिंह, रमेश चंद्र, संजय कुमार, गोविंद बल्लभ पांडे, सुंदर सिंह, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे। वहीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊधम सिंह नगर के सचिव योगेंद्र कुमार सागर के निर्देशन में उपजिला चिकित्सालय बाजपुर में सीएमएस डा.पीडी गुप्ता के नेतृत्व में पौधारोपण किया गया। इस मौके पर मोहम्मद शहीद, डा.तैयब, डा.महेंद्र सिंह जयसवाल, रीना, रंजीत, गीता शर्मा, डा.आकांक्षा, प्रकाश बचखेती आदि मौजूद रहे।



बाजपुर के पीएमश्री जीजीआईसी में पौधारोपण करतीं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार




किच्छा स्थित जीजीआईसी में मौजूद छात्राएं एवं शिक्षिकाएं। ● अमृत विचार

### किच्छा में पर्यावरण सुरक्षा का लिया गया संकल्प

**किच्छा :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर के कई क्षेत्रों में पौधारोपण कर पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया गया। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में लोगों ने ग्राम किशनपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया। मौके पर ब्रह्मानंद पुरोहित, विशाल चौहान, ठाकुर राजपाल सिंह, संजय यादव, धनंजय सिंह, राम नक्षत्र वर्मा, कमलेश दुबे आदि मौजूद रहे। इधर नगर स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में एनएसएस, एनसीसी, इको क्लब एवं समर कैंप से जुड़ी छात्राओं ने प्रधानाचार्य अंजू सक्सेना के नेतृत्व में विद्यालय परिसर में पौधारोपण किया। छात्राओं द्वारा फलदार, फूलदार तथा औषधिय पौधों का रोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। सेक्सी गांव एवं दर्जनों छात्राओं ने पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में जन जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर नीलिमा शर्मा, वीणा पाठक, रीता पनेरु, रीटा आर्य आदि मौजूद रहे।

अवसर | नानकमत्ता के गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन

# स्वयंसेवियों ने पहले की सफाई फिर रोपे पौधे

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** गुरुनानक देव स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवियों ने गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इन्दुबाला के नेतृत्व में महाविद्यालय परिसर में सफाई करने के बाद पौधरोपण किया। इससे पूर्व सभागार में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीता मेहता एवं डॉ. इंदुबाला, प्राध्यापक डॉ. मनोज जोशी, डॉ. नीतू, काजल वर्मन तथा डॉ. किरन ने पर्यावरण दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में डॉ. गोपाल सिंह, संगणक सहायक पंकज सिंह बोहरा, पूनम राणा, आरती राणा, प्रगति राणा, ईशा गुप्ता मौजूद रहे।



नानकमत्ता में पौधरोपण करते शिक्षक-शिक्षकाएं व स्वयंसेवी। ● अमृत विचार



काशीपुर में पौधरोपण करते लोग। ● अमृत विचार

### काशीपुर में भी पौधरोपण

**काशीपुर।** उदय राज हिंदू इंटर कॉलेज में एसडीएम अभय प्रताप सिंह और तहसीलदार पंकज चंदोला ने पौधरोपण किया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी धीरेंद्र साहू, प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता, मेजर मुनीष कांत शर्मा, रोशन लाल शर्मा, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दीपक शर्मा, कौशलेश गुप्ता समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं मुरादाबाद रोड स्थित प्रकाश पाइप लिमिटेड पैकेजिंग एमडी कान्हा अग्रवाल के सौजन्य से लगभग 200 पौधों का रोपण किया गया। इस दौरान दीपक गर्ग, अरुण सिंह, रुद्रनाथ, दिनेश, विकास यादव, सुमित आदि मौजूद रहे। राधेहरि डिग्री कॉलेज में प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में वनस्पति विज्ञान विभाग व इको क्लब के छात्र-छात्राओं द्वारा पौधरोपण किया गया।

# सुल्तानपुर पट्टी में निकाली स्वच्छता जागरुकता रैली

संवाददाता, सुल्तानपुर पट्टी

**अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस पर नगर पंचायत की ओर से स्वच्छता व पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में विशेष पहल की गई। नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी व अधिशासी अधिकारी गीता चौधरी ने पर्यावरण मित्रों एवं सभासदों के साथ स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली। इसके साथ ही नगर के विभिन्न वार्डों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव भी कराया गया, ताकि मच्छरों व बीमारियों को रोका जा सके। इसके बाद सभी पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क पहुंचे, जहां पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। उधर, नगर के जीजीआईसी इंटर कॉलेज परिसर में तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट ने प्रधानाचार्य मंजू नेगी एवं महिला समूह की सदस्यों के साथ मिलकर पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कॉलेज की छात्राओं व शिक्षकों ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए नगर में एक रैली भी निकाली। पीएमश्री एसएन शर्मा राजकीय इंटर कॉलेज में ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन राजीव कुमार सैनी एवं अति प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. एसपी सिंह रहे। उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग प्रशिक्षकों के नेतृत्व में आयोजित इस सत्र में करीब 112 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वहीं योगाभ्यास के बाद कॉलेज के प्रधानाचार्य जीतेन्द्र गौतम के नेतृत्व में सभी ने मिलकर विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया।



सुल्तानपुर पट्टी में जागरुकता रैली निकालते पर्यावरण मित्र व सभासद। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप



किच्छा में शिक्षकों की मौजूदगी में प्रमाण पत्र दिखाते प्रतिभागी छात्र। ● अमृत विचार

### कुमाउनी गीत एवं वाद्य यंत्र की दी गई जानकारी

**किच्छा :** नगर स्थित पीएम श्री राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य माधवेंद्र कुमार सारस्वत ने बताया कि 10 दिवसीय कैंप में छात्रों ने कुमाउनी भाषा का परिचय, कुमाउनी शब्दावली, संवाद व बातचीत, कुमाउनी प्रार्थनाएं, कुमाउनी गीत, वाद्य यंत्र व कुमाउनी भजन के बारे में भौतिक व ऑडियो वीडियो के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शिविर के अंतिम दिन विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर छात्रों ने पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु प्रतिज्ञा लेते हुए सामूहिक साफ सफाई, पौधारोपण एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान में भागीदारी निभाते हुए पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया। इस दौरान शिविर की अवधि में प्रतिभागी बच्चों को पीएम पोषण से भोजन उपलब्ध कराया गया तथा प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मौके पर देवेंद्र सिंह चौहान, हेमंत कुमार पांडे, चिदंबर जोशी, हेमा पांडे, जीवनचंद पाठक, सुरेंद्र कुमार, सूर्य प्रकाश, उमेश शर्मा, रमेश लाल आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में सत्संग के दौरान मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### तीन दिवसीय सत्संग का भंडारे के साथ समापन

**काशीपुर :** एक तू सच्चा तेरा नाम सच्चा धर्मार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय सत्संग समारोह के अंतिम दिन रामलीला के बड़े सभागार में सतपुरुष बाबा फुलसंदे वालों ने अपने प्रवचनों के दौरान कहा कि तुम्हारा व्यवहार एक ऐसी सीढ़ी है, जिससे तुम दूसरों के दिल में भी उतर सकते हो और दिल से भी उतर सकते हो। इस दौरान तीन दिवसीय सत्संग का भंडारे के साथ समापन किया गया। गुरुवार को सत्संग के दौरान बाबा फुलसंदे वालों ने बताया कि गुरु दरबार के सेवक ना भिक्षा मांगते हैं, ना किसी तरह की रसीद काटते हैं। किसी भी प्रकार का कोई चंदा नहीं करते। उन्होंने कहा कि अपने समाज को संगठित करो सच्चाई और ईमानदारी से धन कमाओ अपने घर को तपोवन जैसा पवित्र और उच्च संस्कारों से परिपूर्ण बनाओ। कहा कि सत्य का आचरण करो, माता पिता का आदर करो और अपने जीवन साथी को धोखा मत देना। कहा कि किसी प्रकार का नशा ना करें व मांस का सेवन न करें। सत्संग के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग का समापन का कार्यक्रम पूर्व मेयर उषा चौधरी द्वारा किया गया। वहां प्रदीप कुमार मिश्रा, ऋषिपाल सिंह बैरागी, राजीव राठी, विजेंद्र पाल सिंह एडवोकेट, मनोज चौधरी, राजेंद्र सिंह, मुकेश चौधरी, हरीराज शर्मा, संध्या मिश्रा, कुसुम राठी, शशि चौधरी, कंचन पुष्कर, पायल त्यागी आदि मौजूद रहे।

### गंगा दशहरा पर किया स्नान, भंडारे का आयोजन

**सुल्तानपुर पट्टी :** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर पट्टी कला घोसीपुरा स्थित कोसी नदी के तट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही आसपास के गांवों व नगर क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालु कोसी नदी पहुंचे और विधिवत स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। मान्यता है कि इस दिन गंगा में स्नान करने से समस्त पापों का नाश होता है। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद तट पर दीप दान कर भगवान शंकर और मां गंगा का आह्वान किया। स्नान के पश्चात श्रद्धालु कोसी शिव मंदिर पहुंचे, जहां श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। मंदिर में जलाभिषेक के साथ भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प, फल व दूध अर्पित कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान कोसी शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। मंदिर परिसर भजन-कीर्तन और धार्मिक जयकारों से गूंजता रहा, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर के पुजारी रामअवतार गिरी द्वारा मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में पूड़ी, सब्जी, हलवे का वितरण किया गया। भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया।

### पारुथी बने एलायंस क्लब के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर

**खटीमा :** एलायंस क्लब खटीमा के अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी एलायंस क्लब के वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर चुने गए हैं। पीलीभीत के निजी प्रतिष्ठान में आयोजित इंस्टॉलेशन और



जितेंद्र पारुथी।

अवॉर्ड सेरेमनी समारोह में क्लब की पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर मधु कुमार ने बताया कि जितेंद्र पारुथी की निस्वार्थ सेवा, उनकी कार्यशैली और प्रेरणादायक नेतृत्व को देखते हुए उनको डिस्ट्रिक्ट 144 में यह अति महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। पारुथी के मनोनयन पर क्लब सचिव बादल सक्सेना, कोषाध्यक्ष कमल गहतोड़ी, घनश्याम अग्रवाल, पंकज टम्टा, रावेन्द्र रवि, विश्वजीत पाल, नवनीत अरोरा, मनोज कन्याल, अशोक भटनागर, गुरपवन सिंह, गुरप्रीत सिंह, अंशदीप गंभीर, राहुल शर्मा, राकेश कुमार रॉक्सी, कुलदीप राणा, डॉ. अशोक सक्सेना, विमल कुमार ने बधाई दी है।

### ग्राम प्रधान ने डीएम से की मार्ग निर्माण की मांग, ज्ञापन

**खटीमा :** ग्राम पंचायत भड़ाभुड़िया की ग्राम प्रधान सुमन राणा ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर टीएसपी और राज्य योजना के तहत गांव में पिछले 16 साल से परेशान ग्रामीणों के लिए मार्ग निर्माण की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने भड़ाभुडिया से बिसौटा की ओर इंटरलॉकिंग टाइल्स मार्ग निर्माण के साथ ही भड़ाभुडिया की ऊंची पुलिया से फुलैया की ओर मार्ग के नवनिर्माण की भी मांग की है। इस मार्ग निर्माण के संबंध में हरीश राणा जिलाध्यक्ष अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भी ज्ञापन सौंपा गया था। प्रशासक सुमन राणा ने अभिलंब मार्ग निर्माण की मांग की है।

# नगर पालिका बोर्ड की बैठक में 40 करोड़ का अनुमानित बजट पास

## गृहकर में 20 प्रतिशत होगी बढ़ोतरी, 30 लाख प्रतिमाह आय के संसाधन जुटाने पर बल

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के बोर्ड की दूसरी बैठक में 40 करोड़ का अनुमानित बजट पारित हुआ है। बैठक में प्रतिमाह 30 लाख की आय के संसाधन जुटाने, व्यवसायिक प्रतिशत के रूप में उपयोग में लिए जा रहे आवासों पर टैक्स लगाने, 20 प्रतिशत गृहकर बढ़ाने सहित कई प्रस्ताव पारित किए गए। पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी ने सभासदों से विकास कार्य संपन्न कराने में हर संभव सहयोग की अपील की।

पालिकाध्यक्ष जोशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में गृहकर, तह बाजारी, होर्डिंग्स, विज्ञापन आदि के रेट बढ़ाने हेतु उप नियमावली बनाने का निर्णय लिया है। नगर सीमा के अन्दर उन सभी स्लैब को तोड़ने पर सहमत बनी कि जो अतिक्रमण की जद व नाली सफाई में व्यवधान पैदा करते हैं। सफाई व्यवस्था ठेका प्रथा से कराने, वेंडर जोन आरक्षित वन क्षेत्र के ऑक्सीजन पार्क के समीप बनाने, ट्रंचिंग ग्राउंड निर्माण कराने, सफाई उपकरण व्यवस्था दुरुस्त करने पर सहमति बनी। नगर में सौंदरीकरण तेजी से कराने, प्रत्येक वार्ड में जनसंपर्क केंद्र स्थापित करने, यूजर चार्ज की वसूली ठेका प्रथा से कराने का निर्णय लिया। संचालन अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला ने किया। बैठक में रामपाल, मनीषा गोस्वामी, खुशबूद्दीन, विजय राणा, सह नजर सलमानी जेई, सफाई निरीक्षक विजय कुमार, सभासद विश्वनाथ यादव, गोकुल ओली, द्रौपदी देवी, मुखरजीत राणा, सिद्धांत सिंह, प्रकाश शर्मा, आशीष कुमार, जीशान अहमद, रमेश चंद, रईस अहमद, बसंती सामंत, दौलत सिंह राणा, लईक अहमद, नफीस अंसारी, शारिक हुसैन, असलम अंसारी, लक्ष्मण सिंह भंडारी, स्मिता राणा, निशा देवी, दीपा दरियाल आदि मौजूद थे।



खटीमा में पालिका बोर्ड की बैठक में शामिल पालिकाध्यक्ष और सभासद। ● अमृत विचार

### रेलवे क्रॉसिंग से चौक तक बनेगा डिवाइडर

**खटीमा :** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में मेलाघाट रोड पर दिन में कई बार लगने वाले घंटों जम से आम जनता को निजात दिलाने के तहत रेलवे क्रॉसिंग से मुख्य चौराहे तक फुटपाथ हटाकर डिवाइडर लगवाने का निर्णय लिया। बता दें जीटी सप्ताह इस मार्ग के व्यापारियों ने फुटपाथ को हटाने की मांग की थी

### यूजर चार्ज अधिक वसूलने के मामले की होगी जांच

**खटीमा :** नगर पालिका बोर्ड बैठक में सभासदों ने सवाल उठाया कि हर घर पर लगने वाले 30 रुपए यूजर चार्ज के बजाय 50 रुपए प्रति घर वसूल जा रहा है। जिसपर निर्णय लिया गया कि इस मामले की जांच की जाएगी।

# जीआईसी सैजना व राणा प्रताप में समर कैंप संपन्न

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** राणा प्रताप इंटर कॉलेज में चल रहे दस दिवसीय भाषाई समर कैम्प संस्कृत के साथ-साथ कुमाउनी भाषा में आयोजित किया गया।

नोडल अधिकारी सुनीता गंगवार ने बताया कि प्रथम बार आयोजित समर कैम्प में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने अनेक विधाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों को संस्कृत भाषा में बोलना, व्याकरण की समझ पैदा करने के लिए कविता, कहानी , स्लोगन, लेखन आदि विषयों पर खेलकूद के माध्यम से गतिविधियां संचालित की गई। संदर्भदाता देवकीनंदन परगाई, हरीश चंद्र मठपाल और दीपक चन्द्र गहतोड़ी ने बच्चों के पांच ग्रुप बनाकर गतिविधियों में प्रतिभाग करवाया। क्विज प्रतियोगिता में आशीष, फलों के नाम में आराध्या, सब्जियों के नाम में आशीष, गिनती में रिदिमा ने प्रथम स्थान हासिल किया। गीताराम बंसल प्रधानाचार्य रविन्द्र प्रकाश पंत, हरीश जोशी,रामबचन सिंह, सुरेन्द्र अग्रवाल, ललित मोहन जोशी , डी एस राजपूत, रश्मि सिंह, हेमलता काण्डपाल, महेश जोशी आदि उपस्थित रहे। इधर जीआईसी सैजना में समर कैंप का धूमधाम से समापन हुआ। यहां खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा, प्रकाश पांडे, पूर्व शिक्षक अभिभावक समिति के आसाराम, सूरज आदि रहे। समापन पर थारू होली सहित विभिन्न लोक गीत प्रस्तुत कर समां बांधा। "एक पेड़ मां के नाम" कार्यक्रम के साथ खंड शिक्षा अधिकारी, प्रधानाचार्य एवं नोडल शिक्षा अधिकारी सुभाष सिंह राणा, महेंद्र प्रताप पाण्डेय ने विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्य किया। प्रधानाचार्य सुभाष सिंह राणा, दीपा पांडे, ओमप्रकाश कुशवाहा चूड़ामणि, शरद सिंह मौजूद रहे।




खटीमा के राणा प्रताप इंटर कॉलेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार



काशीपुर में मजार को ध्वस्त करती जेसीबी। ● अमृत विचार

### नहर की भूमि पर बनी मजार को प्रशासन ने किया ध्वस्त

**काशीपुर :** नहर की भूमि पर बनी मजार को प्रशासन ने जेसीबी से ध्वस्त करवा दिया है। पूर्व में अवैध अतिक्रमण को लेकर नोटिस भी जारी किया गया था। इसके बाद प्रशासन की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। कुंडेश्वरी के ग्राम ढकिया नंबर एक में बृहस्पतिवार को ढकिया नहर के दाएं तरफ नहर की भूमि पर अतिक्रमण कर बनाई गई मजार को ध्वस्त कर दिया गया है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय, तहसीलदार पंकज चंदोला, सहायक अभियंता केशव, प्रभारी निरीक्षक अनिल जोशी की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। बता दें कि सिंचाई विभाग ने नहर की भूमि पर 177 वर्गफीट क्षेत्र में अवैध रूप से बनाई गई मजार को पूर्व में चिन्हित किया था। इसके बाद सिंचाई खंड के जिलेदार ने मजार प्रबंधक को इसे हटाने के लिए नोटिस भी प्रेषित किया था। इसके बाद प्रशासन की टीम ने मौके पर जाकर जेसीबी से मजार को ध्वस्त कर नहर की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवा दिया। टीम ने बताया कि अन्य स्थानों पर भी अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है, जल्द ही कार्यवाही की जाएगी।

# खटीमा में पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर विभिन्न विभागों के साथ ही स्कूल कॉलेजों में पौधारोपण किया गया और पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी संचिता वर्मा की निर्देशन में वन क्षेत्राधिकारी सुरई रेंज, खटीमा रेंज के वन दरोगा भैरव सिंह बिष्ट, धन सिंह अधिकारी के नेतृत्व में खटीमा मेलाघाट मोटर मार्ग पर सड़क के दोनों और सफाई अभियान चलाया गया।

डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म में एयर विंग कैडेटों द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। जिसमें कैडेटों के मध्य अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। वहीं प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले समस्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों से पृथ्वी पर व्याप्त प्रदूषण, ग्लोबल वॉर्मिंग, पानी की कमी और अन्य संकटों से बचाने में एक अहम भूमिका निभाने को कहा। इस अवसर पर डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू आदि रहे। राजकीय इंटर कॉलेज, चारुबेटा में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राम नारायण वर्मा, रावेंद्र रवि, हरिओम पारखी आदि मौजूद रहे।




खटीमा के कोर्ट परिसर में पौधरोपण करते अपर सिविल जज अमित भट्ट।



दिनेशपुर के थाना परिसर में पौधरोपण करते थानाध्यक्ष व भाजपाई। ● अमृत विचार

### पर्यावरण संरक्षण को करें पौधरोपण: रावत

**दिनेशपुर :** भाजपा मंडल पदाधिकारी व शिक्षण संस्थाओं ने अलग-अलग टीम बनाकर सार्वजनिक स्थानों पर पौधों का रोपण किया। गुरुवार को थाना परिसर में फलदार पौधों का रोपण किया। इस दौरान थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत ने कहा ने कि पर्यावरण की सुरक्षा दुनिया की सुरक्षा है। हम सब को एक-एक पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाना चाहिए। नगर पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष मनजीत कौर व सभासदों ने संयुक्त रूप से नगर के सार्वजनिक स्थानों पर पौधरोपण किया। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, महामंत्री दीपा चुफाल, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश नारंग, भाजपा जिला मंत्री कविता नेगी, भाजपा युवा नेता योगेश पानू, सत्यजीत विश्वास आदि मौजूद रहे।

# मुकदमा वापस लेने को लेकर हमला किया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** पूर्व में दर्ज हुई रिपोर्ट को वापस लेने का दवाब बनाते हुए आरोपियों ने कंपनी से ड्यूटी कर घर लौट रही महिला पर हमला बोल दिया। घटना में पीड़िता गंभीर रूप से घायल हो गई।

लालपुर चौकी पुलिस को दी शिकायत में पुलभट्टा थाना अंतर्गत ग्राम पटेरी निवासी पीड़िता निर्मला पत्नी ओमपाल ने बताया कि उसकी माता सोमवती द्वारा कुछ दिनों पूर्व सुभाष नगर, बंगाली कॉलोनी, किच्छा निवासी छत्रपाल के खिलाफ जान से मारने की धमकी तथा मारपीट किए जाने का मुकदमा दर्ज कराया था जो कि न्यायालय में विचाराधीन है। पीड़िता के अनुसार 4 जून की शाम करीब 5:30 बजे वह ग्राम लालपुर स्थित मिक फार्मा कंपनी से ड्यूटी कर ग्राम निवासी व्यक्ति के साथ स्कूटी पर घर लौट रही थी। इसी दौरान लालपुर टोल प्लाजा के निकट बंगाली कॉलोनी आजाद नगर, किच्छा निवासी अजय सहित तीन चार अन्य लोगों ने उन्हें घेर लिया और गाली गलौज करते हुए लोहे की रॉड, चाकू आदि हथियारों से हमला कर पीड़िता को घायल कर दिया। बताया कि इस दौरान आरोपियों द्वारा पीड़िता से उसकी मां द्वारा छत्रपाल के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे को वापस लेने की मांग करते हुए रिपोर्ट वापस न लेने की दशा में परिवार सहित जान से मारने की धमकियां दी गई। पीड़िता के अनुसार मौके पर राहगीरों द्वारा बीच बचाव कर पीड़िता की जान बचाई गई। पुलिस को दी शिकायत में पीड़िता ने आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

### वर्ग पहेली- 453

**बाएं से दाएं**

2. सबसे छोटी उंगली, कनिष्ठिका, कनिष्ठा, कानी उंगली।
4. 1. राशि, ढेर 2. वह स्थान जहां जलाने की लकड़ी बिकती हो; टाल।
5. 1. वह जिसने जंभाई ली हो 2. प्रसारित 3. प्रस्फुटित 4. चेष्टित।
8. सम्मन तामील करने वाला कर्मचारी या चपरासी।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. किसी वस्तु, जैसे- कंकड़, धूल आदि का बहुत छोटा टुकड़ा या कण 2. अप्रिय अनुभव, हेठीख् अपमान।
3. भारत के दक्षिण-पश्चिम में स्थित एक राज्य।
4. 1. किसी के पास जाना, पहुंच 2. प्रवेश।
6. 1. घरेलू काम-काज तथा सेवा करने वाली नौकरानी, बाई 2. ग्वालिन नामक पक्षी।
7. यूरोपीय संघ के सत्ताईस में से सोलह राष्ट्रों की आधिकारिक मुद्रा।




### वर्ग पहेली -452 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 अ | क | थ | ■ | ■ | 2 कृ |
| व | ■ | ■ | 3 पे | ■ | पा |
| 4 डे | ढ़ी | ■ | 5 गं | धा | लु |
| र | ■ | ■ | ब | ■ | ■ |
| ■ | 6 झिं | गा | र | 7 ना | ■ |
| 8 पू | ■ | ■ | ■ | जु | ■ |
| ती | ■ | 9 रे | खां | क | न |

### सुडोकू -177

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | | | | | | 8 | |
| 9 | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | 7 | | | | | | |
| 3 | | | | | | 1 | | |
| | | | 4 | | | | | 8 |

### सुडोकू - 176 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 7 |
| 2 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 | 2 | 3 | 9 |
| 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 2 | 4 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 6 |
| 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 1 |
| 3 | 5 | 6 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 6 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- एकादशी 7 जून 04 .47 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म। चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल- अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद। नक्षत्र- हस्त 06 .34 तत्पश्चात चित्रा।

**मेष:** आज आपका स्वास्थ्य काफी अच्छा रहेगा। अपनी योजनाओं को गुप्त रखें। नए विषयों के अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। भावनात्मक रूप से काफी कमजोर महसूस करेंगे। घर की साफ-सफाई में व्यस्त हो सकते हैं।

**वृष:** आज अपने आत्मविश्वास के कारण अधिकारियों से प्रसन्न रहेंगे। आपको रिश्तेदारो से कुछ अच्छे समाचार मिल सकते हैं। जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। दांपत्य जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। व्यापारिक यात्राओं के लिए दिन उत्तम है।

**मिथुन:** आज पूरा ध्यान अपने काम पर ही रखें। किसी बड़े कार्य की योजना बनायेंगे। अपनी गलतियों पर सुधार करें। घर में मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बच्चों के ऊपर किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। परिवार के किसी सदस्य को लेकर थोड़ी परेशानी होगी।

**कर्क:** आज कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। नौकरी में पदोन्नति मिलने की संभावना बन रही है। घर में अचानक मेहमान आ सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में उत्तम सफलता मिल सकती है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह:** आज आपका स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है। शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए। संतान के करियर और भविष्य को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परेशानी का अनुभव होगा। क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**कन्या:** आज जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करेंगे। गुमी वस्तु आज आपको वापस मिल सकती है। विद्यार्थियों को करियर में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में कड़ी मेहनत का लाभ मिलेगा। आपके जनसम्पर्क का दायरा मजबूत होगा। घर का माहौल अत्यन्त अनुशासित रहने वाला है।

**तुला:** आज कार्यक्षेत्र में आपको कठिनाई होगी। बेवजह के खर्चों से आपको बचना चाहिए। क्रोध के बजाय शान्तिपूर्वक कार्य करें। सोच-विचार में अधिक समय व्यर्थ न गंवायें। दोपहर के बाद रुके हुए कार्य प्रारम्भ होंगे। वैवाहिक जीवन का तनाव दूर होगा।

**वृश्चिक:** आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त अनुशासित रहने वाली है। मित्र आपकी काफी सहायता करेंगे। व्यापार में नये अनुबंध हो सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ने वाली है। लोग आपके विचारों को काफी महत्व देंगे। शाम को आपके कार्यों में बाधा आ सकती है।

**धनु:** आज आप कार्यक्षेत्र में काफी सक्रिय रहेंगे। मान-सम्मान में कमी आ सकती है। जोखिम भरे कार्यों से दूरी बनाकर रखें। लेकिन आपके कार्य बाधा के साथ पूर्ण होंगे। अनुसंधान पूर्ण कार्यों में आप रुचि लेंगे। दुष्ट प्रवृत्ति के लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं।

**मकर:** आज नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन काफी रोमांचक रहने वाला है। आपको इच्छित जगह पर स्थानान्तरण मिल सकता है। धार्मिक गतिविधियों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अविवाहित लोगों को वैवाहिक प्रस्ताव मिलने की संभावना है।

**कुंभ:** आज दिन की शुरुआत कुछ नकारात्मक हो सकती है। नया कार्य शुरू करने में कठिनाइयां हो सकती हैं। विरोधियों के सामने आपको सावधान रहना चाहिए। दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। परिजनों के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी।

**मीन:** आज प्रभावशाली लोगों के मध्य आप अत्यधिक लोकप्रिय रहेंगे। व्यापार में नए प्रयोग करने से बचें। जीवनसाथी की सेहत को लेकर कुछ चिन्ता हो सकती है। सभी काम रुक-रुककर पूर्ण होंगे। प्रेमी जन आपकी किसी बात का विरोध कर सकता है।


अल्मोड़ा में गुरुवार को पर्यावरण दिवस पर साइकिल रैली में भागीदारी करते युवा। ● अमृत विचार



टनकपुर नगर पालिका के ईओ के नेतृत्व में चलाया गया जागरुकता अभियान। ● अमृत विचार

# अल्मोड़ा में धरा को हरा-भरा बनाने की ली गई शपथ

## जिलेभर में गुरुवार को उत्साह पूर्वक मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, लोगों ने जगह-जगह रोपित किए पौधे

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा जनपद में विश्व पर्यावरण दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर पनुवानौला, दन्या, रानीखेत, द्वाराहाट, चौखुटिया, भिकियासैंण, भैंसियाछाना, बाड़ेछीना, स्यालीधार, धौलछीना, सोमेश्वर, सल्ट, देघाट सहित अन्य इलाकों में प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारी से लेकर आमजन ने पौधरोपण कर धरा को हरा बनाने का संकल्प लिया। वहीं, बच्चों ने रैली निकालकर लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

गुरुवार को ईवीएम वेयर हाउस स्यालीधार में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम आलोक कुमार पांडे ने किया। इस मौके पर उन्होंने सभी को मतदाता जागरूकता की भी शपथ दिलाई। उन्होंने कहा पर्यावरण का संरक्षण सभी का दायित्व है। मानव जीवन के लिए पर्यावरण संरक्षण बेहद जरूरी है। कहा वृक्षों का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। ये हमें ऑक्सीजन देते हैं, फल देते हैं, छाया प्रदान करते हैं। हम सब को अधिक के अधिक पौधे लगाने चाहिए व पर्यावरण को सुरक्षित रखना चाहिए। उन्होंने लोगों से पौधरोपण कर उनकी देखभाल करने की अपील की।

इधर, नगर के मल्ला महल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी ने लोगों को पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक से मुक्ति की शपथ दिलाई। वहीं, विभिन्न प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें प्रतिभागियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। उधर, अल्मोड़ा रेंज के कफड़खान अनुभाग ने राइंका डीनापानी में पौधरोपण अभियान चलाया। यहां एसडीएम संजय कुमार, डीडीओ एसके पंत, जिला क्रीड़ा अधिकारी महेशी आर्य, जिला पर्यटन विकास अधिकारी प्रकाश सिंह खत्री, पुरातत्व अधिकारी चंद्र सिंह चौहान, जनमेजय तिवारी, पार्षद अमित साह, हरीश कनवाल, तहसीलदार ज्योति धपवाल, विनोद कुमार राठौर, विपिन जोशी, बृजमोहन सिंह बिष्ट आदि रहे।


राइंका डीनापानी में वन विभाग ने पौधरोपण अभियान चलाया।


एसएसबी मुख्यालय में पौधरोपण के दौरान मौजूद महिलाएं।

### साइकिल रैली व क्रॉस कंट्री आयोजित

पर्यावरण दिवस के मौके पर जिला खेल विभाग की ओर से प्लास्टिक मुक्त और हरित अल्मोड़ा के संकल्प को लेकर साइकिल रैली का भी आयोजन किया गया। रैली को मुख्य अतिथि मेयर अजय वर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वहीं, बालक-बालिकाओं की अलग-अलग श्रेणियों में क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन कर पर्यावरण को बचाने और अपने आसपास अधिक से अधिक पौधों का रोपण करने का संदेश दिया गया।

### पर्यावरण बचाने का संदेश दिया

विश्व पर्यावरण दिवस पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने जिला एवं विकासखंड मुख्यालयों पर जागरुकता रैलियों का आयोजन किया। बच्चों ने हाथों में स्लोगन वाली तख्तियां लेकर 'प्लास्टिक हटाओ जीवन बचाओ', 'वृक्ष लगाओ पर्यावरण सजाओ' जैसे संदेशों के माध्यम से आम नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित किया। इसके अलावा नगर निगम की ओर से विशेष सफाई अभियान भी चलाया और विभिन्न चौड़ी पत्ती वाले प्रजातियों के पौधों का रोपण किया।

### पौधरोपण व स्वच्छता अभियान चलाया

**रानीखेत, अमृत विचार :** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के साथ अधिवक्ताओं ने पौधरोपण व स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं सीमांत मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल रानीखेत में सांदीक्षा अध्यक्ष नियमिका वर्मा के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर न्यायालय परिसर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अंजलि नौलियाल के नेतृत्व में अधिवक्ता संघ के समस्त सदस्यों में पौधरोपण किया। साथ ही उन्होंने परिसर क्षेत्र में स्वच्छता अभियान भी चलाया। नियमिका ने कहा कि रानीखेत इकाइयों द्वारा वर्ष 2025 में अधिक से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने सभी को पर्यावरण के प्रति जागरूक भी किया। इस अवसर पर सशस्त्र सीमा बल के अधिकारी व जवान तथा परिजन मौजूद रहे।

### पौधे लगाओ, धरा बचाओ

**बैरती ( अल्मोड़ा) :** विश्व पर्यावरण दिवस पर आज क्षेत्र में भी लोगों ने धरती को हराभरा रखने के संकल्प के साथ विभिन्न जगहों पर पौधरोपण किया। पौधरोपण अभियान में उलैनी में आंगनबाड़ी कार्यकत्री चंपा बिष्ट और ककनर में श्रीमद्भागवत कथा में आए व्यास पंडित रामकृष्ण वाजपेयी ने भी शिरकत की। इस अवसर पर सेवानिवृत्त चीफ फार्मासिस्ट चन्द्र किरण त्रिवेदी आदि भी मौजूद थे।


पौधरोपण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्री चंपा बिष्ट, रामकृष्ण वाजपेयी व अन्य।

# पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा की शपथ ली


चम्पावत में पौधरोपण करते डीएम नवनीत पांडेय। ● अमृत विचार

संवाददाता, चम्पावत/टनकपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी नवनीत पांडेय के निर्देशन में जनपद चम्पावत में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण व मतदाता जागरूकता को एक साथ जोड़ते हुए पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य कार्यक्रम राजकीय नर्सिंग कॉलेज कुलेठी में संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्वीप आइकन शांभवी मुरारी द्वारा लोगों को मतदाता शपथ दिलाते हुए लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने का संकल्प दिलाया गया।

इधर, एसपी अजय गणपति के निर्देशन और सीओ शिवराज सिंह राणा के नेतृत्व में पुलिस लाइन चम्पावत में वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को रोकने तथा कार्यालयों में स्वच्छता बनाए रखने के लिए शपथ भी ली गई। इस दैरान प्रभागीय वनाधिकारी नवीन चंद्र पंत, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, समस्त जिलास्तरीय अधिकारी, एसएसबी के जवान, डिग्री कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज व विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

वहीं, टनकपुर और बनबसा में जगह-जगह पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा की शपथ ली गई। नगर पालिका के पर्यावरण मित्रों द्वारा नगर क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।

पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत नगर पालिका के ईओ भूपेंद्र प्रकाश जोशी द्वारा कर्मचारियों, पर्यावरण मित्र, सभासदों और जनप्रतिनिधियों को स्वच्छता के साथ पर्यावरण सुरक्षा की शपथ दिलाई गई तथा फलदार, छायादार और औषधि पौधों का रोपण किया गया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के कान्ति बल्लभ जोशी की अध्यक्षता में गोष्ठी आयोजित कर छायादार को फलदार वृक्ष रोपित किए गए। जिए पहाड़ सिटीजन समिति ने भी जिला समन्वयक अनिल चौधरी पिंकी के नेतृत्व में कर्मचारी कॉलोनी के आर्य समाज परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। इधर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर गांव फागपुर के पंचायत भवन में वृक्षारोपण कार्यक्रम कर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि दीपक चन्द रजवार, विशिष्ट अतिथि ग्राम प्रधान हर्ष बहादुर चन्द, अपार संस्था के भगवान सिंह बोहरा, जितेंद्र चन्द, पीएलवी विजेंद्र अग्रवाल, सोनी सिंह, शमशाद बानो, रीता कनौजिया, प्रियंका पचौली, सोनी जहां, इजहार अली आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### पौधरोपण आंदोलन 335वें दिन भी रहा जारी

**पिथौरागढ़ :** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2025 को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन आज 335वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधरोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आइए, पौधरोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत उत्तराखंड टूर एंड ट्रेवल संस्था के माध्यम से आदि कैलाश की यात्रा में जा रहे यात्रियों को हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर संस्था के निदेशक लोकेश चंद उपस्थित रहे।


अल्मोड़ा में गुरुवार को कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। ● अमृत विचार

### हरिद्वार की घटना पर कांग्रेसियों में उबाल, पुतला फूंका

**अल्मोड़ा :** हरिद्वार की घटना को लेकर कांग्रेसियों में उबाल है। गुरुवार को कांग्रेसियों ने सरकार का पुतला फूंक जमकर नारेबाजी की। कहा कि हरिद्वार में भाजपा की पूर्व नेत्री ने अपनी ही नाबालिग बेटी के शारीरिक शोषण कराया जो निंदनीय है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि भाजपा जिस तरह से बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का नारा देती है। आज उसी के राज में भाजपा की पूर्व नेत्री द्वारा ही अपनी पुत्री का गैंग रेप करवाया गया। कहा कि इससे भाजपा का चाल चरित्र और चेहरा उजागर हो गया है। पुतला फूंकने वालों में नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, उपाध्यक्ष विनोद वैष्णव, आनंद सिंह बिष्ट, नारायण दत्त पांडे, पूरन रौतेला, हेम चंद्र तिवारी, महेश आर्या, परितोष जोशी, कार्तिक साह, बीके पांडे, गोविंद मेहरा, भैरव गोस्वामी, अमन अंसारी, दीपक कुमार, अनूप भारती, ललित सतवाल, गोपाल आदि मौजूद रहे।

### सास ने लिखाई बहू के लापता होने की गुमशुदगी

**टनकपुर :** टैक्सी स्टेंड निवासी एक महिला ने अपनी बहू के घर से बिना बताए लापता होने की गुमशुदगी लिखवाई है। कहा कि उनकी बहू दो जून दोपहर घर से बाजार की ओर निकली और वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन करने पर भी उसका सुराग नहीं लग रहा है। कोतवाल चेतन रावत ने बताया कि सास गंगा देवी की सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर बहू की खोजबीन शुरू कर दी है।

### पुलिस ने किए दो स्मैक तस्कर गिरफ्तार

**बनबसा :** बनवसा पुलिस और एसओजी की संयुक्त कार्रवाई में 31.65 ग्राम स्मैक के साथ 2 अभियुक्त मय मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी प्रकाश सिंह साउद और सागर सिंह साउद निवासी अमरगढ़ी दडेल धुरा महाकाली जिला कंचनपुर नेपाल के खिलाफ पुलिस में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।


टनकपुर के शारदा घाट में स्नान को पहुंचे श्रद्धालु।। ● अमृत विचार

### शारदा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**टनकपुर :** गंगा दशहरा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने टनकपुर के पवित्र शारदा नदी में स्नान कर पूजा अर्चना की। इस पर्व पर सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम और पड़ोसी देश नेपाल के महेंद्रनगर व ब्रह्मदेव मंडी स्थित सिद्धनाथ मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। गंगा दशहरा पर्व पर गुरुवार को सुबह से ही टनकपुर, बनबसा, चकरपुर, खटीमा के अलावा उत्तर प्रदेश के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु टनकपुर के शारदा घाट में स्नान के लिए पहुंचे। इसके अलावा पूर्णागिरि मार्ग के बूम स्थित शारदा नदी में भी श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचे। शारदा घाट में सुरक्षा के साथ तैराक पुलिस टीम और नगर पालिका द्वारा सफाई व्यवस्था, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थी। इस पर्व पर पुरोहितों द्वारा दिए गए गंगा दशहरा द्वार पत्र को यजमानों ने अपने घरों में सुख समृद्धि के लिए लगाया।

# एक करोड़ की धोखाधड़ी का आरोपी एमपी से दबोचा

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** द्वाराहाट के बग्वालीपोखर में चिट फंड कंपनी के नाम पर निवेशकों से एक करोड़ की धोखाधड़ी करने वाला आरोपी चेयरमैन को पुलिस ने मिसरोद मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले पांच साल से फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी पर पांच हजार का ईनाम भी रखा था।

फरवरी 2021 में चमना छानागोलू निवासी प्रकाश सिंह ने द्वाराहाट थाने में तहरीर सौंपी थी। तहरीर में कहा कि साई राम बिलटेक लिमिटेड, श्री राम मल्टी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड और अनन्या आरटीएम सैल एण्ड मार्केटिक प्राईवेट लिमिटेड कंपनी ने वर्ष 2014 में मेन मार्केट बग्वालीपोखर में अपना कार्यालय खोला। आरोपी संजय सिंह मेवाड़ा पुत्र बहादुर सिंह मेवाड़ा, निवासी ढावलाधीर (ढावलामाता) थाना-काला पीपल शाजापुर मध्य प्रदेश ने कंपनी के दस्तावेज और रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र दिखाकर लोगों को निवेश के लिए प्रेरित किया। अगस्त 2017 में कंपनी ने सॉफ्टवेयर बंद कर दिया। तब जाकर उन्हें ठगी का एहसास हुआ। मुकदमा होने के बाद आरोपी के तलाश में जुटी हुई थी।

# कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** अल्मोड़ा नगर निगम मेयर अजय वर्मा ने गुरुवार को सिंचाई विभाग की ओर से नगर के गोपालधारा में किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। कहा कि समय पर और गुणवत्ता के साथ काम किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मेयर वर्मा ने कहा कि निगम का मुख्य उद्देश्य जनहित को सर्वोपरि रखते हुए पारदर्शी और टिकाऊ विकास कार्यों को बढ़ावा देना है। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही और मानकों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आवश्यकतानुसार कार्यों की तीसरी पार्टी से गुणवत्ता जांच कराई जाएगी। इधर, मेयर ने स्थानीय जनता संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना और समाधान का आश्वासन दिया। लोगों ने मेयर से निर्माण काम को तेजी से कराने के लिए कहा। लोगों ने कहा कि निर्माण काम की धीमी गति से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। यहां पार्षद अमित साह मोनू, अर्जुन बिष्ट, श्याम पांडे आदि मौजूद रहे।


गोपालधारा में हो रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते मेयर अजय वर्मा। ● अमृत विचार

## श्रद्धालुओं से चालक ने की अभद्रता

**टनकपुर अमृत विचार:** मां पूर्णागिरि के दर्शन को आए दो श्रद्धालुओं के साथ अभद्रता करने का मामला फिर से सुर्खियों में आ गया है।

भैरव मंदिर क्षेत्र में टैक्सी चालक जाहिद पुत्र नत्थु मिय्या, निवासी वर्मालाइन, वार्ड नंबर तीन टनकपुर ने वाहन में सवार दो श्रद्धालुओं संग अभद्रता की। दोनों श्रद्धालु टनकपुर से टैक्सी में सवार होकर पूर्णागिरि जा रहे थे। वीडियो इंटरनेट में वायरल होने के बाद पुलिस प्रशासन ने संज्ञान लिया और चालक का मोटर वाहन अधिनियम के तहत एक हजार का चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक चेतन सिंह रावत ने बताया कि श्रद्धालुओं के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# आग से आवासीय भवन खाक

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** दौलाघट के ग्राम पंचायत ओडला गोविंदपुर में बुधवार देर रात एक आवासीय भवन में अचानक आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची फायर सर्विस की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान भवन में रखा सारा सामान जलकर स्वाह हो गया है।

मिली जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत ओडला गोविंदपुर में गंगा देवी के आवासीय भवन में बुधवार देर शाम अचानक आग धधक गई। घर के लोग जब तक कुछ समझ पाते आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। मकान में रह रहे लोगों ने बमुश्किल भाग कर जान बचाई। इस दौरान हो हल्ला सुन आसपास के लोग भी मौके पर एकत्र हो गए। जिसके बाद आग पर काबू पाने के साथ ही फायर सर्विस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर सर्विस टीम व स्थानीय लोग आग बूझाने में जुट गई। घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन आग पर काबू पाने से पहले ही सारा सामान जलकर खाक हो गया था। अग्निकांड में 10 लाख रुपये के करीब नुकसान का अनुमान बताया जा रहा है।


गोविंदपुर के ओडला में बुधवार रात धधकी आग से जलता आवासीय भवन।

# गांव चलो अभियान फिर होगा शुरू

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** धर्म निरपेक्ष युवा मंच का गांव चलो अभियान एक बार फिर शुरू होगा। अभियान के तहत गांवों की तमाम समस्याओं को शासन-प्रशासन के समक्ष रख उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। यह बात गुरुवार को प्रेस वार्ता के दौरान मंच से संस्थापक विनय किरौला ने कहीं।

अल्मोड़ा प्रेस क्लब सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में किरौला ने कहा कि गांव चलो अभियान के दूसरे चरण में हर शनिवार और रविवार को गांवों का भ्रमण किया जाएगा। गांव में उपलब्ध संसाधनों के जरिए गांव में रोजगार और स्वावलंब लाने के लिए दूसरे चरण की शुरुआत की गई है। जिससे की गांव में उपलब्ध मानव व प्राकृतिक संसाधन गांव के स्वावलंबन के साथ जुड़ सके और सरकारी विकास योजनाओं का ग्रामीण अधिक से अधिक लाभ ले सके। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पहले चरण में अल्मोड़ा के 200 से अधिक गांवों में पहुंचे थे।

पहले चरण में भ्रमण के दौरान पाया कि गांव सड़क, पानी जैसे मूलभुत सुविधाओं से जूझ रहे हैं। जानवरों के आंतक ने खेती बाड़ी चौपट कर दी है। यहां सूजीत टम्टा, जीवन सिंह बिष्ट, रोहित मेहता, निरंजन पांडे, विजय खंपा आदि मौजूद रहे।


अल्मोड़ा में प्रेस वार्ता करते धर्म निरपेक्ष युवा मंच के संस्थापक। ● अमृत विचार

# राज्यपाल ने किया कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर का भ्रमण

सवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने गुरुवार को रानीखेत स्थित कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर का भ्रमण किया। रानीखेत पहुंचने पर जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडेय, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा सहित कुमाऊं रेजिमेंट के अधिकारियों ने राज्यपाल का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल ने कुमाऊं रेजिमेंट सेंटर में अधिकारियों, जवानों एवं प्रशिक्षु अग्निवीर जवानों से भेंट वार्ता करने के साथ-साथ वीर नारियों का सम्मान किया। इस अवसर पर सेंटर के कमांडर ब्रिगेडियर एसके यादव ने राज्यपाल को प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सेंटर की वर्तमान गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी।

प्रस्तुतीकरण के उपरांत राज्यपाल ने सेंटर द्वारा किए जा रहे 'आउटरीच प्रोग्राम्स' के अंतर्गत सैनिकों एवं उनके परिवारों के लिए कौशल विकास कार्यक्रमों, दस्तावेजों के डिजिटलीकरण और उच्च शिक्षा संस्थानों से समन्वय के प्रयासों की सराहना की। राज्यपाल ने कहा कि कुमाऊं रेजिमेंट का इतिहास गौरवशाली रहा है और यहां के सैनिकों एवं जवानों ने समय-समय पर राष्ट्र की रक्षा हेतु अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय थलसेना की सबसे बड़ी इन्फैंट्री रेजिमेंट्स में से एक है, जिसमें वर्तमान में 23 बटालियनें कार्यरत हैं। इस दौरान राज्यपाल ने सैन्य प्रशिक्षण केंद्रों की कार्यप्रणाली का अवलोकन करते हुए 'डिजिटलीकरण', 'स्मार्ट फायरिंग सिमुलेटर', 'आईटी एवं ऑनलाइन कोर्सेज', 'जेसीओ हेतु ऑनलाइन परीक्षा केंद्र' तथा 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' जैसी नवाचार पहलों की सराहना की।

भ्रमण के दौरान राज्यपाल ने रानीखेत स्थित मां झूला देवी मंदिर में पहुंचकर परिवार सहित पूजा-अर्चना की तथा प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।


कुमाऊं रेजीमेंट सेंटर में अधिकारियों व जवानों के साथ राज्यपाल गुरमीत सिंह। ● अमृत विचार

## साहसिक पर्यटन को बनाएं कार्ययोजना

**पिथौरागढ़ :** जिले में साहसिक पर्यटन (पैराग्लाइडिंग) की गतिविधियों को बढ़ावा देने को लेकर डीएम विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें साहसिक पर्यटन से जुड़े अधिकारियों, स्टेक होल्डर्स, एटीसी आर्मी के अधिकारियों ने भाग लिया। डीएम ने पैराग्लाइडिंग की गतिविधियां शुरू करने के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को चार विकासखंडों गंगोलीहाट, बेड़ीग, मुनस्यारी और पिथौरागढ़ में पैराग्लाइडिंग की गतिविधियां शुरू करने की दिशा में प्रयास करने को कहा।

## एक नजर

### फ्लिपकार्ट को रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिला

**नई दिल्ली।** वालमार्ट समर्थित ई-कॉमर्स मंच फ्लिपकार्ट ने बताया कि उसे भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज देने का लाइसेंस मिल गया है। सूत्रों ने बताया कि इस कदम से फ्लिपकार्ट के लिए ग्राहकों को सीधे ऋण देने का रास्ता साफ हो सकता है। उन्होंने ऐसे विशिष्ट उदाहरणों का उल्लेख किया, जिनमें ग्राहक कई बार अपने द्वारा चुने गए उत्पादों के भुगतान के लिए ईएमआई मॉडल चुनते हैं।

### मई में 211 करोड़ से अधिक आधार प्रमाणीकरण लेनदेन

**नई दिल्ली।** आधार धारकों ने मई 2025 में 211 करोड़ से अधिक प्रमाणीकरण लेनदेन किए, जिससे ऐसे लेनदेन की स्थापना के बाद से अब कुल संख्या 15,223 करोड़ से अधिक हो गई है। इसके अतिरिक्त मई 2025 में 15.49 करोड़ फेस प्रमाणीकरण लेनदेन दर्ज किए गए। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने इस संबंध आंकड़े जारी करते हुए कहा कि मई में आधार प्रमाणीकरण लेनदेन पिछले महीने की तुलना में अधिक हैं।

# रेपो दर में 0.25% कटौती की उम्मीद

## रियल एस्टेट कंपनियों ने कहा- इससे मकानों की मांग बढ़ने की संभावना

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● क्रेडाई और नारेडको का दावा- रेपो रेट घटने कई कई क्षेत्रों पर पड़ेगा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष प्रभाव

आरबीआई की मौद्रिक नीति समीक्षा से पहले रियल एस्टेट कंपनियों ने प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कटौती की उम्मीद जताई है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय क्रेडाई और नारेडको का कहना है कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को रेपो दर में कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती कर सकता है। उद्योग संगठनों ने कहा कि इससे मकानों की मांग बढ़ने के साथ क्षेत्र को गति मिलेगी।

आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई। रियल एस्टेट संगठनों के शीर्ष निकाय क्रेडाई के राष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर पटेल ने कहा, "हम रेपो रेट में 0.50 प्रतिशत की कटौती की उम्मीद कर रहे हैं। इससे आवास मांग में काफी बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा कि कम से कम 0.25 प्रतिशत कटौती होनी चाहिए। पटेल ने कहा, पिछले तीन महीनों में आवास की मांग थोड़ी धीमी रही है। इसलिए, दर में कटौती से बिक्री में सुधार करने में काफी मदद मिलेगी।

आरबीआई ने फरवरी और अप्रैल की मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर में 0.25-0.25 प्रतिशत की कटौती की है। नारेडको के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी हरि बाबू ने कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र हमेशा आरबीआई की मौद्रिक नीति पर कड़ी नजर रखता है, क्योंकि इसका आवास की मांग पर प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि रियल एस्टेट अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण चालक है, जिसका सीमेंट और इस्पात से लेकर फर्नीचर और साज-सज्जा तक 200 से अधिक क्षेत्रों से संबंध है।

हरिबाबू ने कहा, इसलिए रेपो दर में कटौती से न केवल आवास की मांग बढ़ेगी, बल्कि समग्र आर्थिक वृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा होगा।" अंसल हाउसिंग के निदेशक कुशाग्र अंसल ने कहा, आवास कर्ज की ईएमआई पर ब्याज दर में कटौती का सीधा असर पड़ता है। अगर आरबीआई फिर से कटौती करता है तो मध्यम वर्ग के लिए घर खरीदना और आसान हो जाएगा।

### गवर्नर मल्होत्रा आग पेश करेंगे मौद्रिक नीति समीक्षा

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण उत्पन्न व्यापार तनाव के बीच आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लगातार तीसरी बार प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत या इससे अधिक की कटौती की उम्मीद है। आरबीआई की दर तय करने वाली मौद्रिक नीति समिति की तीन-दिवसीय बैठक चार जून को शुरू हुई थी। रिजर्व बैंक ने बृहस्पतिवार को बताया कि मल्होत्रा छह जून दिन शुक्रवार को सुबह 10 बजे मौद्रिक नीति की घोषणा करेंगे। अधिकांश विशेषज्ञों का मानना है कि आरबीआई इस बार भी रेपो में 0.25 प्रतिशत कटौती करेगा। हालांकि, एसबीआई की शोध रिपोर्ट में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती की बात कही गई है।

## दूसरे दिन भी सेंसेक्स 444 अंक ऊपर चढ़ा

**मुंबई।** विदेशी पूंजी के ताजा प्रवाह और मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच बृहस्पतिवार को आईसीआईसीआई बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी आने से स्थानीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुए। सेंसेक्स में करीब 444 अंक और निफ्टी में 131 अंक की तेजी रही।

विश्लेषकों ने कहा कि रिजर्व बैंक की तरफ से नीतिगत ब्याज दर में एक और कटौती किए जाने की उम्मीद में निवेशकों की सकारात्मक धारणा ने भी बाजार को तेजी दी। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 443.79 अंक यानी 0.55 प्रतिशत चढ़कर 81,442.04 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 912.88 अंक बढ़कर 81,911.13 पर पहुंच गया था लेकिन मुनाफावसूली हावी होने से बढ़त सीमित हो गई।

# एआई इंजन 'नमस्ते' देगा होटल उद्योग की प्रामाणिक जानकारी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● एडीबी ने किया 80 करोड़ डॉलर की मदद का अनुमोदन, भारत ने जताई दुरुपयोग की आशंका

होटल एवं आतिथ्य क्षेत्र के बारे में मनचाही जानकारी जुटाने के एक मंच के तौर पर कृत्रिम मेधा (एआई) पर आधारित सर्च इंजन 'नमस्ते' पेश किया गया है। इसकी मदद से कुछ सेकंड में ही आतिथ्य उद्योग से जुड़े किसी भी सवाल का जवाब जुटाया जा सकता है।

इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईआईएचएम) और कोलकाता स्थित वैश्विक गहन-प्रौद्योगिकी समाधान प्रदाता एन्टिओवी टेक्नोलॉजीज ने बुधवार को इसे राष्ट्रीय राजधानी में पेश किया। इसका उद्देश्य एआई का इस्तेमाल कर सीखने, निर्णय लेने और नवाचार को सशक्त बनाना है, ताकि आतिथ्य बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में एक नए युग की शुरुआत हो।

आईआईएचएम के चेयरमैन सुबर्नो बोस ने इस बारे में कहा, यह आतिथ्य के बारे में सीख देने के तरीके और भविष्य में आतिथ्य व्यवसाय के संचालन के तरीके को बदलने जा रहा है। 'नमस्ते जीपीटी' छात्रों, शिक्षकों और आतिथ्य व्यवसाय चलाने वालों के लिए एक अविश्वसनीय सहायक साबित होगा। उन्होंने इसे आतिथ्य क्षेत्र का भविष्य बताते हुए कहा कि यह काम को अधिक कुशल, व्यवस्थित और सुगठित बना देगा। इसके अलावा यह मौजूदा समय में कार्यों पर खर्च किए जाने वाले समय को आधे से भी कम कर देगा।

# रेटिंग में सीमा पर तनाव का रखेंगे ख्याल

**नई दिल्ली, एजेंसी**




● मूडीज ने वित्त मंत्रालय के अफसरों से मुलाकात के दौरान की घोषणा

अमेरिकी रेटिंग एजेंसी मूडीज भारत की रेटिंग का मूल्यांकन करते समय भारत-पाकिस्तान के बीच हाल के संघर्ष पर भी विचार करेगी। एक सूत्र ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

रेटिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों ने यहां वित्त मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात के दौरान यह बात कही। मूडीज ने इस समय भारत को स्थिर दृष्टिकोण के साथ 'बीएए-3' रेटिंग दी हुई है जो सबसे कम निवेश ग्रेड रेटिंग है। एक सूत्र ने कहा, "रेटिंग एजेंसी अपने सरकारी रेटिंग मूल्यांकन में भारत-पाकिस्तान संघर्ष को भी ध्यान में रखेगी।" जम्मू कश्मीर के पहलगाम में भीषण आतंकवादी हमले के बाद भारतीय सेना ने पाकिस्तान के नियंत्रण वाले इलाकों में मौजूद आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर' चलाया था।

मूडीज ने पिछले महीने कहा था कि दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ने से भारत में कोई बड़ा आर्थिक गतिरोध नहीं आएगा। लेकिन यह पाकिस्तान के लिए एक झटका होगा क्योंकि इसका विदेशी मुद्रा भंडार दबाव में आ सकता है और वृद्धि को प्रभावित कर सकता है। मूडीज को इससे भारत की आर्थिक गतिविधि में बड़े व्यवधान की आशंका नहीं है क्योंकि इसके पाकिस्तान के साथ आर्थिक संबंध बहुत कम हैं। हालांकि, मूडीज ने पिछले महीने वर्ष 2025 के लिए भारत के जीडीपी वृद्धि अनुमानों को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था।

## शुल्क पर स्थगित वार्ता के बीच ट्रंप ने की शी चिनफिंग से बात

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने बृहस्पतिवार को बातचीत की। यह वार्ता ऐसे समय हुई है, जब दोनों देशों के बीच शुल्क वार्ता स्थगित होने से वैश्विक व्यापार में अनिश्चितता की स्थिति उत्पन्न हुई है। चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत की पहल की। अमेरिका की तरफ से फिलहाल इस पर कोई टिप्पणी नहीं आई है। ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि चिनफिंग के साथ किसी समझौते पर पहुंच पाना मुश्किल है। ट्रंप ने बुधवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था, मैं शी को हमेशा पसंद करता हूं, करता रहा हूं और करता करूंगा। लेकिन वह बहुत सख्त हैं और उनके साथ कोई समझौता कर पाना बेहद मुश्किल है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार वार्ता, 12 मई को दोनों देशों के बीच शुल्क दरों को कम करने के समझौते के तुरंत बाद कुछ समय के लिए रुक गई थी। हालांकि अन्य मुद्दों पर वार्ता जारी रही।

# भारत-किर्गिस्तान के बीच द्विपक्षीय संधि लागू

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● नई संधि ने जून 2019 में बिश्केक में हुए बीआईटी की जगह ली

● टिकाऊ वृद्धि पर जोर, पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना प्रमुख विशेषता

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और किर्गिस्तान के विदेश मंत्री झीनबेक कुलुबाएव मोल्दोकनोविच ने बृहस्पतिवार को द्विपक्षीय निवेश संधि को लागू करने के एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस संधि से भारत और किर्गिस्तान के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने और सीमापार निवेश को प्रोत्साहित करने में मदद मिलेगी।

भारत सरकार और किर्गिज गणराज्य की सरकार के बीच 14 जून, 2019 को बिश्केक में द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) पर हस्ताक्षर किए गए थे। अब यह संधि पांच जून, 2025 से प्रभावी हो गई है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि नई निवेश संधि 12 मई, 2000 को लागू पिछले समझौते की जगह लेगी।

मंत्रालय ने कहा, भारत-किर्गिज बीआईटी द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने और सुरक्षित एवं पूर्वानुमानित निवेश परिवेश को बढ़ावा देने में एक मील का पत्थर है। बीआईटी का उद्देश्य दूसरे देश के क्षेत्र में किसी भी देश के निवेशकों के हितों को बढ़ावा देना और उनकी रक्षा करना है।

बीआईटी की कुछ विशेषताओं में टिकाऊ वृद्धि पर जोर देना और सबसे पसंदीदा राष्ट्र की पहचान हटाना शामिल है। द्विपक्षीय निवेश संधि में कुछ अपवाद भी हैं। इसका मतलब है कि सरकारें कुछ मामलों में अपनी नीतियों को लागू करने के लिए स्वतंत्र रहेंगी। इनमें पर्यावरण, लोगों का स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, सार्वजनिक नैतिकता और व्यवस्था बनाए रखने जैसे अपवाद शामिल हैं। इसके अलावा निवेशकों और सरकार के बीच कोई विवाद होने पर पहले स्थानीय स्तर पर मामले को सुलझाने की कोशिश की जाएगी।



## एक नजर

### आईबीसीए प्रमुख को क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड

**नई दिल्ली।** 'इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस' (आईबीसीए) के महानिदेशक एसपी यादव को भारत में 'बंगाल टाइगर' की आबादी को विलुप्ति के कगार से बचाने में उत्कृष्ट योगदान पर 'क्रिस्टल कॉम्पस अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया है। इस पुरस्कार को 'भूगोल का ऑस्कर' कहा जाता है जिसे 2012 में रूसी भूगोल सोसायटी ने स्थापित किया था। यादव को यह पुरस्कार 29 मई को 'मास्को इंटरनेशनल हाउस ऑफ म्यूजिक' में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया।

### 21वीं मंजिल से कूदकर महिला ने की आत्महत्या

**पुणे।** पुणे में एक आवासीय इमारत की 21वीं मंजिल से कूदकर 25 वर्षीया महिला आईटी पेशेवर ने आत्महत्या कर ली। एक अधिकारी ने बताया कि अभिलाषा भाऊसाहेब कोथिंभिरे ने 31 मई को हिंजवडी इलाके में आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के करीब 4:30 बजे महिला दोपहिया वाहन से क्राउन ग्रीन सोसाइटी पहुंची, इसके बाद वह 21वीं मंजिल पर अपने दोस्त के घर गई और वहां से छलांग लगा दी। महिला ने एक सुसाइड नोट छोड़ा, जिसमें लिखा है, मेरी जीने की इच्छा खत्म हो चुकी है। मैं अब नहीं जीना चाहती।

### कोरोना संक्रमण से सात और मरीजों की मौत

**नई दिल्ली।** देशभर में कोराना संक्रमण धीरे-धीरे बढ़ रहा है। कुल सक्रिय मामलों की संख्या गुरुवार सुबह बढ़कर 4866 पहुंच गई। पिछले 24 घंटों में इसके संक्रमण से सात और मरीजों की मौत होने से मृतकों की संख्या 51 हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार एक जनवरी से अब तक 51 लोगों की मौत हुई है। पिछले 24 घंटों में कोराना संक्रमण के कुल 1245 मामले सामने आये हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले केरल में दर्ज किए गए हैं।

### स्कूल में बाउंसर रखने पर हाईकोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बृहस्पतिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारका को शुल्क विवाद के कारण अपने परिसर में छात्रों के प्रवेश को रोकने के लिए बाउंसर का इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थान में इस तरह की प्रथा का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने कहा कि वित्तीय चूक के कारण किसी छात्र को सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा करना और डराना न केवल मानसिक उत्पीड़न है, बल्कि इससे बच्चे के मानसिक स्वास्थ्य और आत्मसम्मान को भी ठेस पहुंचती है।

# हाईकोर्ट कराए भगदड़ की जांच: भाजपा

## कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष ने कहा- आरसीबी की विक्ट्री परेड में हादसे के लिए सरकार जिम्मेदार

**बेंगलुरु, एजेंसी**



● भीड़ नियंत्रित करने को नहीं थी कोई तैयारी, मृतकों के परिवार को 50 लाख रुपये दे सरकार

भाजपा ने गुरुवार को आईपीएल विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की जीत के जश्न से पहले एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर हुई भगदड़ की घटना की मौजूदा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश से न्यायिक जांच करवाने और प्रत्येक मृतक के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विजयेंद्र येदियुरप्पा ने भगदड़ के लिए कांग्रेस शासित कर्नाटक सरकार को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराया।

उन्होंने कहा कि यह घटना शासन की आपराधिक विफलता दर्शाती है। विजयेंद्र ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस सरकार पर घोर लापरवाही के ज़रिए जश्न को तबाही में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, यह कोई दुर्घटना नहीं थी, इसे टाला जा सकता था और ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि राज्य सरकार अपने लोगों की सुरक्षा करने के अपने मौलिक कर्तव्य में विफल रही। जब दो लाख से ज्यादा प्रशंसक जमा हुए थे, तब भीड़ को नियंत्रित करने, पुलिस की कोई तैयारी नहीं थी और कोई सुरक्षा प्रोटोकॉल भी नहीं था।

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि जब स्टेडियम में अराजकता फैली हुई थी, तब मुख्यमंत्री सिद्दारमैया, उनके डिप्टी डीके शिवकुमार और अन्य कैबिनेट सहयोगी विधान सौध के पास आईपीएल खिलाड़ियों के साथ सेल्फी लेने में व्यस्त थे। उन्होंने कहा, ऐसे समय में जब मौतों की खबरें पहले से ही आ रही थीं, मंत्री फोटो सेशन में व्यस्त थे। यह असंवेदनशीलता की पराकाष्ठा है।

मुख्यमंत्री के इस बयान पर गंभीर आपत्ति जताते हुए कि यह त्रासदी स्टेडियम में हुई थी, न कि सरकार की सीट के पास विजयेंद्र ने कहा, यह जिम्मेदारी से बचने का प्रयास है। जब लाखों लोग जश्न एकत्र हुए, तो पुलिस को विधान सौध के आसपास वीआईपी क्षेत्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। राज्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रहा।

### सरकार शोक में, भाजपा कर रही राजनीति: डीके

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जश्न के दौरान हुई भगदड़ की घटना को व्यक्तिगत- पारिवारिक त्रासदी' बताते हुए कहा कि इस घटना से राज्य सरकार गहरे सदमे और दुख में है। किसी ने भी इतनी भारी भीड़ की उम्मीद नहीं की थी। उन्होंने कहा, भाजपा और जद-एस हमेशा राजनीति करते हैं। शिवकुमार ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री सदमे में हैं। गृह मंत्री सदमे में हैं। पूरी सरकार शोक में है। कुछ मिनट पहले मैं रो रहा था। ये हमारे लोग थे। नुकसान हमारा है। कर्नाटक और बेंगलुरु की छवि को नुकसान पहुंचा है। परिवारों को नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार इस दुर्घटना की नैतिक जिम्मेदारी लेती है और वह इस चूक की पूरी जांच करेगी।

### रेलयात्रियों की आधार आईडी का सीआरआईएस करेंगे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) को यात्री की पहचान स्थापित करने के लिए उसके आधार आईडी को सत्यापित करने के लिए अधिकृत किया है। 27 मई को जारी गजट अधिसूचना में कहा गया है, रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड, अधिसूचित करता है कि सीआरआईएस को हां/नहीं या ईकेवाईसी प्रमाणीकरण सुविधा का उपयोग करके टिकट जांच कर्मचारियों, चालक दल के सदस्यों और यात्रियों की पहचान स्थापित करने के लिए स्वैच्छिक आधार पर आधार सत्यापन की अनुमति दी जाती है। इसके एक सप्ताह बाद, चार जून 2025 को, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किया, "भारतीय रेलवे जल्द ही तत्काल टिकट बुक करने के लिए ई-आधार सत्यापन का उपयोग करना शुरू करेगा।

# उत्तरी सिक्किम में फंसे 59 पर्यटकों को किया एयरलिफ्ट

**गंगटोक, एजेंसी**

● मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किया गया बचाव अभियान

मौसम साफ होने के बाद फिर शुरू किए गए बचाव अभियान के तहत अत्यधिक बारिश से प्रभावित उत्तरी सिक्किम से 59 पर्यटकों को बृहस्पतिवार सुबह गंगटोक वापस लाया गया। ये लाचुंग में करीब एक सप्ताह से फंसे तकरीबन 109 पर्यटकों में शामिल थे।

मौसम साफ होने के बाद सुबह गंगटोक के पास पाकयोंग हवाई अड्डे से दो एमआई-17वी5 हेलीकॉप्टर उत्तरी सिक्किम के चातेन रवाना हुए। अधिकारियों ने बताया कि एक हेलीकॉप्टर से 39 पर्यटक लौटे, दूसरे हेलीकॉप्टर से 20 को लाया गया। इनमें दो विदेशी शामिल हैं। सिक्किम राष्ट्रीयकृत परिवहन ने इन पर्यटकों को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी पहुंचाने के लिए बसें तैनात की हैं। जो लोग हवाई मार्ग से सिलीगुड़ी के निकट बागडोगरा जाना चाहते हैं, उनके लिए पाकयोंग हवाई अड्डे पर अतिरिक्त हेलीकॉप्टर रखा गया है। दो हेलीकॉप्टर एनडीआरएफ और बिजली कर्मियों तथा एयरटेल के इंजीनियरों के साथ रवाना हुए। बिजली महकमे और एयरटेल के इंजीनियर आवश्यक सेवाओं को बहाल करने के लिए वर्षा प्रभावित क्षेत्र में काम करेंगे।

## सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में माओवादियों का नेता ढेर

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 40 लाख रुपये के इनामी माओवादी नेता नरसिंह चालम उर्फ सुधाकर को मार गिराया है। पिछले महीने बस्तर क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू को मार गिराए जाने के बाद इस कार्रवाई से माओवादियों को एक और बड़ा झटका लगा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र के जंगल में उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाबलों का एक संयुक्त दल नक्सलियों के वरिष्ठ कैडरों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के आधार पर नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था।

# निर्वाचन आयोग की नई प्रणाली के जरिए तेज होगी चुनाव बाद आंकड़ों की रिपोर्टिंग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने चुनाव के बाद विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए अपनी प्रणाली को एक उन्नत तंत्र के जरिए सुव्यवस्थित किया है, जो पहले की उस व्यवस्था की जगह लेगा जिसमें ज्यादा समय लगता है।

आयोग का कहना है कि स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाते हुए नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है। 'इंडेक्स कार्ड' एक गैर-वैधानिक, चुनाव के बाद का सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है जिसे चुनाव संबंधी डेटा हासिल करने के लिए विकसित किया गया है। इसे कई आयामों में डेटा का प्रसार करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, मसलन, उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी-वार और उम्मीदवार-वार मत प्रतिशत, लिंग-आधारित मतदान रुझान, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन।

### नए सीमा प्रहरी



देश की सेना को बृहस्पतिवार को सीमाओं की रक्षा के लिए अग्निवीरों का नया बैच मिला। श्रीनगर के जेएकेएलआई रेजिमेंटल सेंटर में गुरुवार को हुई पासिंग आउट परेड में शामिल अग्निवीर। एजेंसी

# सुप्रीम निर्देश: जल्द निपटाए जाएं मकान मालिक और किराएदारों के विवाद

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● शीर्ष कोर्ट ने कहा- विवादों में देरी से दोनों पक्षों को होता है नुकसान

सुप्रीम कोर्ट ने बंबई हाईकोर्ट से जुड़े एक मामले की सुनवाई करते हुए संपत्ति मालिकों-किराएदारों के बीच विवाद में फैसला होने में देरी पर चिंता जताई है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने बंबई हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से वहां लंबित ऐसे मामलों की समीक्षा करने का अनुरोध किया है।

सुप्रीम कोर्ट प्रति वर्ग फुट दर पर विवाद से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के विरुद्ध अपीलों पर सुनवाई कर रहा। यह मामला हिंदुस्तान ऑर्गेनिक केमिकल्स लिमिटेड द्वारा मुंबई स्थित हरचंद्राय हाउस को किराए पर लेने से संबंधित है। पीठ ने कहा कि कुछ मामलों में वादियों को विवादों के निपटारे के लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है। जब मकान मालिक-किराएदार विवाद की बात आती है तो एक पक्ष के संपत्ति के लाभ से वंचित होने और दूसरे पक्ष के ऐसी संपत्ति के स्वामित्व से प्राप्त होने वाले मौद्रिक लाभ से वंचित होने का पहलू भी शामिल होता है। अदालतों का कर्तव्य है कि सुनिश्चित करें कि उनके कारण किसी भी पक्ष को परेशानी न हो।

अदालत ने कहा कि ऐसे विवादों में देरी से दोनों पक्षों को खामियाजा भुगतना पड़ता है। कुछ मामलों में मकान मालिक को संपत्ति नहीं मिलने के कारण नुकसान उठाना पड़ता है, या उससे मिलने वाली मौद्रिक राशि नहीं मिल पाती है। किरायेदार को यह नुकसान होता है कि अंतिम निर्णय आने पर उसे थोड़े समय में बड़ी रकम चुकाने का निर्देश दिया जाता है।

## पीएम मोदी की यात्रा से पहले जम्मू-कश्मीर में कड़ी सुरक्षा

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर यात्रा के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। अधिकारियों ने बताया कि इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री कश्मीर रेल लिंक का उद्घाटन करेंगे और कटरा में 46,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर पूरे जम्मू-कश्मीर में उच्च सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया है और पुलिस, अर्द्धसैनिक बलों, सेना और खुफिया एजेंसियों के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आयोजन स्थलों के आसपास भारी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं और कड़ी निगरानी के लिए ड्रोन समेत नवीनतम उपकरण तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि घुसपैठ और राष्ट्रविरोधी तथा विध्वंसक तत्वों की आवाजाही रोकने के लिए सीमाओं और अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है।

# संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को दोहरी जिम्मेदारी मिलने पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● पवन खेड़ा ने कहा- ये हमारी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां

कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र में दो जिम्मेदारियां मिलना भारतीय विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है। वैश्विक समुदाय पाकिस्तान की ओर से आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराना कैसे जारी रख सकता है।

पाकिस्तान को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख की जिम्मेदारी मिली है। कांग्रेस के मीडिया विभागके प्रमुख पवन खेड़ा ने एक्स पर पोस्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 9 मई को आईएमएफ ने पाकिस्तान को एक अरब डॉलर दिए। ऑपरेशन सिंदूर के तुरंत बाद विश्व बैंक ने 40 अरब डॉलर देने का फैसला किया। 3 जून को एडीबी ने 80 करोड़ डॉलर दिए। उन्होंने कहा कि अब 4 जून को पाकिस्तान को यूएनएससी तालिबान प्रतिबंध समिति के अध्यक्ष और यूएनएससी आतंकवाद विरोधी समिति के उप प्रमुख के रूप में चुना गया। उन्होंने कहा, बेशक, यह हमारी अपनी विदेश नीति के पतन की दुखद दास्तां है लेकिन वैश्विक समुदाय पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद के प्रायोजन को लगातार वैध ठहराने की अनुमति कैसे दे सकता है।

# दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर



नॉर्थम्पटन, एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी। भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा।

शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं। राहुल ने 58 टेस्ट में 33 . 57 की औसत से रन बनाये हैं लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्ष क्रम में मिली है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साइ सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था लेकिन आईपीएल के कारण नहीं खेल सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले पहले टेस्ट से पूर्व सिर्फ टीम के भीतर अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा। टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करूण नायर ने पहले मैच में रन बनाये थे। ऐसी संभावना है कि रूतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जाये। तेज गेंदबाज हरफनमौला के लिये शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा नहीं खेल सके थे। अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिये तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिये तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे जिन्हें पहले टेस्ट के लिये इंग्लैंड टीम में जगह दी गई है। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गुस एटकिंसन भी पहले टेस्ट से बाहर रह सकते हैं ।

### भारत ए से इंग्लैंड लायंस का आखिरी टेस्ट मैच

**भारत ए :** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतिश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुतार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, रूतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे।

**इंग्लैंड लायंस :** जेम्स रियू (कप्तान), फरहान अहमद, जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स। **मैच दोपहर 3.30 बजे से**

### भारत-इंग्लैंड में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला, पहला मैच 20 जून से होगा शुरू

# पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीम में वोक्स

लंदन, एजेंसी

तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की श्रृंखला के पहले मैच के लिए गुरुवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। अब तक 57 टेस्ट में 181 विकेट लेने के अलावा 1970 रन बनाने वाले 36 साल के वोक्स ने 2018 में हुई श्रृंखला के दौरान लाड्र्स टेस्ट में भारत पर इंग्लैंड की बड़ी जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

वोक्स ने उस मैच में नाबाद 137 रन बनाने के अलावा 4 विकेट चटकाए, जिससे इंग्लैंड ने पारी और 159 रन से जीत दर्ज की। वोक्स के अलावा तेज गेंदबाज जोश टंग को इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने 20 जून से शुरू हो रहे टेस्ट से पूर्व तैयारी करने को कहा है। इसलिए ये दोनों खिलाड़ी नॉर्थम्पटन में शुक्रवार से भारत ए के खिलाफ शुरू हो रहे इंग्लैंड लॉयन्स के दूसरे अनौपचारिक



टेस्ट में खेलेंगे। जून 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट पदार्पण करने के बाद जेमी ओवरटन को पहली बार टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। उन्हें हालांकि बर्मिंघम में वेस्टइंडीज के खिलाफ 29 मई को पहले वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दाएं हाथ की छोटी अंगुली में चोट लगी थी। ईसीबी ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि हाल में संपन्न आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स से खेलने वाले 31 साल के ओवरटन की चोट की इंग्लैंड की चिकित्सा टीम रोजाना आकलन और समीक्षा करेगी।

### भारत की कप्तानी करेंगे गिल

भारत अपना इंग्लैंड दौरा 20-24 जून तक हेडिंग्ले में होने वाले पहले टेस्ट से शुरू करेगा जबकि दूसरा टेस्ट 2-6 जुलाई तक एजबेस्टन में, तीसरा टेस्ट 10-14 जुलाई तक लॉर्ड्स में, चौथा 23-27 जुलाई ओल्ड ट्रैफर्ड में और पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से 4 अगस्त तक ओवल में होगा। बदलाव से गुजर रहे भारत की कप्तानी शुभमन गिल करेंगे क्योंकि टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के बिना खेल रही है, जिन्होंने मई में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लिया था। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पिछले साल टेस्ट को अलविदा कह दिया था। मोहम्मद शमी को इस दौरे में नहीं हैं।

इंग्लैंड की टीम की कमान बेन स्टोक्स के हाथों में होगी। टीम में शोएब बशीर के रूप में एकमात्र स्पिनर है। आईपीएल चैंपियन आरसीबी से खेलने वाले युवा बल्लेबाज जैकब बेथेल और तेज गेंदबाज सैम कुक, तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स और वारविकशर के जैकब बेथेल और क्रिस वोक्स भी टीम में है।

## खेल डायरी

### दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में 1.21 करोड़ की पुरस्कार राशि

**नई दिल्ली।** दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा, दिल्ली जीएम ओपन ने पिछले दो दशक से भारतीय शतरंज की नींव को मजबूत करने में मदद की है।

### शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट पहले पायदान पर पहुंची

**भोपाल।** पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया। दोनों निशानेबाज हालांकि फाइनल में चौथे स्थान पर रहे। गनीमत 60 निशाने की निर्णायक श्रृंखला में 40वें निशाने के बाद बाहर हो गईं और उन्होंने कुल 32 सही निशाने लगाये। अभय ने फाइनल में 35 सटीक निशाने लगाये। ओलंपियन अनंतजीत सिंह नरुका ने शानदार प्रदर्शन के साथ पुरुष वर्ग का खिताब जीता।

### मैच फिक्सिंग में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके दोषी

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है। उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिये एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिये हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

### भारतीय तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

**अंताल्या (तुर्किये)।** भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और गुरुवार को तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को रोमांचक मुकाबले में निचली रैंकिंग वाली चीनी ताइपे ने मात्र एक अंक से 242-241 हराया। मधुरा धमनगांवकर, ज्योति सुरेखा वेन्नम और चिकिथ तनमपर्थी की महिला कंपाउंड टीम भी कांस्य पदक मैच में हार गयी।

### अगले ओलंपिक में मेरा निशाना शीर्ष पायदान पर: कुसाले

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। 2021-22 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा, मेरा बड़ा लक्ष्य अगला ओलंपिक है।

# सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में

## इंडोनेशिया ओपन : पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हारकर हुईं बाहर

जकार्ता, एजेंसी

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं।

2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने रासमुस गेम्के और फ्रेड्रिक सोगार्ड की डेनमार्क की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चोंग और काई वुन टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी।

सात्विक ने कहा कि आज के दिन ऐसा लगा जैसे हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि यह रणनीति गलत होने के बारे में नहीं था, हम बस अंक गंवा रहे थे। हमने लगभग 15 से 20 अंक अपनी गलतियों से गवांए। वे अंक नहीं जीते - हमने



उन्हें सौंप दिए। सात्विक ने कहा कि पहले गेम में स्कोर 15-15 था और फिर अचानक यह 21-15 पर आ गया। मुझे लगा कि हम पर्याप्त रूप से एकाग्र नहीं थे। लेकिन फिर भी हमें भरोसा कायम रखा और एक समय में एक अंक लेते रहे।

इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधू को आठवें नंबर की खिलाड़ी थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। निर्णायक गेम में एक समय 15-11 से आगे चल रहीं सिंधू को मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम के लिए यह निराशाजनक दिन रहा जब सतीश करुणाकरन और आद्या वरियथ की मिश्रित युगल जोड़ी के अलावा गायत्री गोपीचंद और त्रीशा जॉली की महिला युगल जोड़ी भी हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गई। सतीश और आद्या को देचापोल पुआवारानुक्रो और सुपिसारा पेइवसाम्प्रान की थाईलैंड की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सिर्फ 25 मिनट में 7-21, 12-21 से हार झेलनी पड़ी। गायत्री और त्रीशा को कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो की जापान की जोड़ी के खिलाफ 46 मिनट में 13-21, 22-24 से शिकस्त मिली।

### मैं अपने प्रदर्शन से काफी खुश हूं: सिंधू



सिंधू ने कहा कि मुझे लगता है कि मुझे इसे जीत में बदलना चाहिए था। मैं तीसरे गेम में 16-13 से आगे थी लेकिन मुझे लगता है कि वहां से भी खेल थोड़ा तेज था इसलिए मुझे और अधिक नियंत्रण बनाना पड़ा। वहां से उसने बढ़त बना ली और मुझे लगता है कि मैंने स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया। उस समय कोई भी जीत सकता था। लेकिन कुल मिलाकर मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं। अगर मैं आज इसे जीत में बदल पाती तो यह अच्छा होता। हां, इस मैच और इस टूर्नामेंट से बहुत कुछ सीखने को मिला, सिंधू ने पहले गेम में 10-16 से पिछड़ने के बावजूद इसे जीता, लेकिन दूसरा गेम गंवा दिया। निर्णायक गेम में भी भारतीय खिलाड़ी 15-11 से आगे थी लेकिन इसके बाद उन्होंने लगातार गलतियां की जिसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ा। चोचुवोंग ने इसका फायदा उठाया और लगातार पांच अंक के साथ मुकाबले में अपनी पकड़ मजबूत की और फिर मैच जीत लिया।

# कीस को हराकर गाफ सेमीफाइनल में पहुंची



**फ्रेंच ओपन**

- वाइल्ड कार्डधारी बोइसों से होगा सामना, पुरुष वर्ग में जोकोविच और सिनेर भी सेमीफाइनल में पहुंचे

पेरिस, एजेंसी

दूसरी वरीयता प्राप्त कोको गाफ ने अमेरिका की ही मेडिसन कीस को 6-7, 6-4, 6-1 से हराकर फ्रेंच ओपन महिला युगल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना फ्रांस की वाइल्ड कार्डधारी लोइ बोइसों से होगा जिन्होंने छठी वरीयता प्राप्त मिर्रा आंद्रीवा को 7-6, 6-3 से हराया।

बाईस वर्ष की बोइसों 1989 के बाद अपने पदार्पण ग्रैंडस्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी बन गई। उस समय मोनिका सेलेस और जेनिफर कैप्रियाती ने यह कमाल किया था। वह 1999 विम्बलडन में एमेली मोरेस्मो के बाद ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली सबसे युवा फ्रेंच खिलाड़ी हैं।

पुरुष वर्ग में नोवाक जोकोविच और नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनेर का सामना सेमीफाइनल में होगा। जोकोविच ने तीसरी रैंकिंग वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 4-6, 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई। वहीं सिनेर ने गैर वरीय अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-1, 7-5, 6-0 से हराया।

# अगले आईपीएल में करूंगा दोगुना बेहतर प्रदर्शन : वैभव

मुंबई, एजेंसी

अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे। सूर्यवंशी ने अप्रैल में जयपुर में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 38 गेंद में सात चौकों और 11 छक्कों से 101 रन की पारी के दौरान किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे तेज शतक (35 गेंद में) का रिकॉर्ड बनाया था।

इस तूफानी पारी के दौरान सूर्यवंशी आईपीएल में दूसरा सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम करने के अलावा 14 साल और 32 दिन की उम्र में पुरुष टी20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए। आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए सपने जैसा है और मुझे पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं। रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन का पुरस्कार दिया गया।

सूर्यवंशी ने कहा कि अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने गलतियां कीं और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। पहले सत्र से मिली सीख के बारे में सूर्यवंशी ने कहा, मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा, जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे



### पाटीदार के भीतर सफलता के लिए ज्वालामुखी : खुरासिया

**नई दिल्ली।** आरसीबी को आईपीएल में पहली बार खिताब दिलाने वाले कप्तान रजत पाटीदार की तारीफ करते हुए जूनियर दिनों के उनके कोच अमय खुरासिया ने कहा कि संकल्प को पूरा करने की उनकी मजबूत इच्छाशक्ति उन्हें खास बनाती है। भारतीय टीम के पूर्व खिलाड़ी खुरासिया लंबे समय तक इंदौर में मध्य प्रदेश क्रिकेट संघ (एपीसीए) के अकादमी के मुख्य कोच रहे हैं और उनके मार्गदर्शन में पाटीदार ने अपनी बल्लेबाजी और नेतृत्व कौशल में काफी सुधार किया है। खुरासिया ने पाटीदार को मजबूत इच्छाशक्ति वाली खिलाड़ी करार देते हुए कहा कि वह बाहर से बेहद सौम्य और शांत दिखते है लेकिन उनके अंदर सफलता के लिए ज्वालामुखी जैसे आग है।

सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के कई प्रारूप के दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया। सूर्यवंशी ने कहा कि यह नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि वहां खेल कैसे चलता है।

# डब्ल्यूपीएल, प्रदेश लीग से भी मिल सकता है राजस्व : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी बल्लेबाज स्मृति मंधाना का मानना है कि डब्ल्यूपीएल और विभिन्न प्रादेशिक लीग ने साबित कर दिया है कि देश में महिला क्रिकेट सुरक्षित हाथों में है और आर्थिक रूप से मजबूत भी।

मंधाना पहली महिला महाराष्ट्र प्रीमियर लीग में रत्नागिरी जेट्स की कप्तान होंगी। उन्होंने टीम द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि महिला क्रिकेट को इस तरह का मंच मिलना अद्भुत है। प्रदेश संघों और डब्ल्यूपीएल ने भी इसमें काफी मदद की है। इससे साबित होता है कि महिला क्रिकेट राजस्व बना सकता है जो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि लोग अब महिला क्रिकेट में पैसे लगाने को तैयार हैं। खेल जितना पेशेवर होगा, उतना ही बेहतर होगा खासकर जमीनी स्तर के



क्रिकेटरों के लिए। भारत में इस समय महिला क्रिकेट में निवेश आ रहा है जिससे खिलाड़ी को निखरने में मदद मिल रही है। हमारे कैरियर में हमें काफी देर से फिटनेस और इन चीजों के महत्व के बारे में पता चला था। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे यकीन है कि क्लब और बाकी पहल से इन खिलाड़ियों को इसकी बेहतर जानकारी होगी और वे अच्छी तैयारी से आएंगे।

# गुकेश समेत 15 भारतीय ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन डी गुकेश, अर्जुन एरिगैसी, आर प्रज्ञानानंदा, आर वैशाली और कोनेरू हम्पी समेत 15 भारतीय खिलाड़ियों ने उज्बेकिस्तान के समरकंद में 3 से 16 सितंबर तक होने वाले 2025 फिडे ग्रैंड स्विस और महिला ग्रैंड स्विस के लिए क्वालीफाई कर लिया है। फिडे ग्रैंड स्विस (ओपन) में गुकेश, एरिगैसी और प्रज्ञानानंदा के अलावा आठ अन्य भारतीय हिस्सा ले रहे हैं। इसमें अरविंद चिदंबरम,



विदित गुजराती, पेंटाला हरिकृष्णा, निहाल सरीन, रौनक साधवानी, मुरली कार्तिकेयन, अभिमन्यु पौराणिक और आर्यन चोपड़ा शामिल है। वैशाली और हम्पी के साथ महिला ग्रैंड स्विस में हरिका द्रोणावल्ली और दिव्या देशमुख भी शामिल होंगी। वंतिका अग्रवाल इस टीम की रिजर्व खिलाड़ी है। शतरंज कैलेंडर में सबसे महत्वपूर्ण आयोजनों में से एक फिडे ग्रैंड स्विस खिलाड़ियों को कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में जगह बनाने का सीधा रास्ता देता है।

### कोहली ने मानसिक अस्पष्टता से टेस्ट को अलविदा कहा: ग्रेग

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला उनके कौशल में गिरावट से नहीं बल्कि कुछ वर्षों में खेल के कारण उन पर पड़े असर की वजह से है। चैपल ने कहा कि कोहली ने उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक मानसिक स्पष्टता की कमी से संन्यास लिया है। चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो पर लिखा, उनका फैसला कौशल में कमी की वजह से नहीं बल्कि इस बढ़ते एहसास की वजह से था कि अब वह उस मानसिक स्पष्टता को हासिल नहीं कर सकते, जिसने उन्हें इतना मजबूत बनाया था। उन्होंने स्वीकार किया कि उच्चतम स्तर पर जब तक दिमाग तेज और निर्णायक नहीं हो तब शरीर लड़खड़ाता है। कोहली ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 123 टेस्ट में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 30 शतक की मदद से 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए।



# गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी पर करना होगा काम : पोंटिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेटर रिकी पोंटिंग का मानना है कि शुभमन गिल को अपनी टेस्ट बल्लेबाजी पर काम करना होगा और इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की अतिरिक्त जिम्मेदारी के बीच उसे बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत के लिए चौथे नंबर पर बल्लेबाजी को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं।

पोंटिंग ने कहा कि कप्तानी के शुरूआती दौर में गिल इस क्रम पर उतर सकते हैं। गिल का सफेद गेंद के प्रारूप में फॉर्म जबर्दस्त है। उसे टेस्ट बल्लेबाजी में काम करना होगा। अगर आप नए कप्तान हैं तो यह आसान नहीं होता। नए कप्तान के लिए अपनी बल्लेबाजी को लेकर सोचना आसान नहीं होता। भारत ने गिल को कप्तान बनाकर सही फैसला लिया है। दो बार के विश्व कप विजेता कप्तान ने कहा कि



- बोले- इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी के बीच बल्लेबाजी क्रम में चौथे नंबर पर उतरना चाहिए

गिल लंबे समय तक कप्तानी करेंगे। पिछले सत्र में जब रोहित ने सिडनी टेस्ट नहीं खेलने का फैसला किया तो मेरी नजर में गिल कप्तान हो सकते थे। बुमराह की फिटनेस को लेकर आशंका थी और उस मैच के दौरान ही वह चोटिल हो गए थे। गिल को टेस्ट मैच बल्लेबाजी के मानसिक पहलू पर काम करना होगा। ऐसे महान टेस्ट बल्लेबाज भी हुए हैं जिनकी रक्षात्मक तकनीक उतनी अच्छी नहीं थी। वीरेंद्र सहवाग इसका अच्छा उदाहरण हैं। लेकिन अगर अपने स्ट्रोक्स पर नियंत्रण है तो तकनीक के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है।

# अमेरिका ने इजराइल-हमास के बीच युद्ध विराम की मांग पर लगाया वीटो

● बंधकों की बिना शर्त रिहाई और सभी प्रतिबंधों को हटाने की मांग

वाशिंगटन/तेल अवीव/संरा, एजेंसी



अमेरिका ने गाजा में इजराइल और हमास आतंकवादियों के बीच स्थायी संघर्ष विराम की मांग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया है। प्रस्ताव में गाजा में बंधकों की बिना शर्त रिहाई और गाजा में मानवीय सहायता की डिलीवरी पर लगे सभी प्रतिबंधों को हटाने की भी मांग की गयी है।

अमेरिका ने आईडीएफ और हमास आतंकवादियों के बीच गाजा में स्थायी युद्ध विराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव के मसौदे पर वीटो लगा दिया है। इसने एन्क्लेव में सहायता आपूर्ति पर प्रतिबंध हटाने का भी आह्वान किया। टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के अनुसार, संरा में कार्यवाहक अमेरिकी राजदूत डोरोथी शिया ने मतदान से पहले परिषद को बताया, अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि हम ऐसे किसी भी उपाय का समर्थन नहीं करेंगे जो हमास की निंदा करने में विफल हो और हमास को निरस्त्र करने और गाजा छोड़ने का आह्वान न करे। उन्होंने 15 सदस्यीय परिषद में 10 देशों द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बारे में कहा, यह प्रस्ताव जमीनी हकीकत को दर्शाने वाले युद्ध विराम तक पहुंचने के कूटनीतिक प्रयासों को कमजोर करेगा और हमास को बढ़ावा देगा। अन्य 14 सदस्यों ने 10 गैर-स्थायी सदस्यों द्वारा पेश किए गए प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया।

## मांसपेशियों से नियंत्रण खोना ही पार्किंसन्स

कुछ हट के

पार्किंसन्स एक उम्र संबंधी मस्तिष्क से जुड़ी बीमारी है, जिसमें ब्रेन के कुछ हिस्से बहुत कमजोर या डैमेज हो जाते हैं। इसके कारण आमतौर पर लोग बहुत धीरे चलने-फिरने लगते हैं। उनके हाथ, पैर और सिर कांपने लगते हैं। इसके अलावा बैलेंसिंग की भी समस्या हो सकती है। ज्यादातर मामलों में इसका कोई स्पष्ट कारण पता नहीं है।

हालांकि, कुछ मामलों में देखा गया है कि यह अनुवांशिक कारणों से भी हो सकता है। इसका कोई स्थाई इलाज नहीं उपलब्ध है। समय पर इलाज मिलने से लक्षणों को गंभीर होने से रोका जा सकता है। साइंस जर्नल फ्रंटियर्स के मुताबिक, साल 2021 में पूरी दुनिया में 118 लाख लोगों को पार्किंसन्स था। अनुमान है कि 2050 तक पेशेंट्स की संख्या दोगुने से भी ज्यादा बढ़कर 252 लाख के करीब हो सकती है। पार्किंसन्स डिजीज में फिजिकल एक्टिविटीज और एक्सरसाइज का बहुत महत्व होता है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत होती हैं, स्पीड सुधरती है और बैलेंस बनाए रखने में मदद मिलती है। प्रोटीन से भरपूर चीजें खाएं। मसल्स मजबूत बनाने और बॉडी एक्टिविटीज के लिए प्रोटीन जरूरी है।



**118** लाख से ज्यादा लोग 2021 तक पार्किंसन्स से पीड़ित

**2050** तक 252 लाख लोग हो सकते हैं इस बीमारी का शिकार

### बीमारी के लक्षण एवं क्यों होता है

● इस बीमारी के लक्षणों को मोटर (मूवमेंट से संबंधित) और नॉन-मोटर (जो मूवमेंट से नहीं जुड़े)- दो ग्रुप में बांटा जा सकता है। मुख्य रूप से ब्रेन में एक खास केमिकल डोपामिन की कमी के कारण होता है। यह केमिकल ब्रेन में स्ट्रायटम नामक हिस्से में होता है, जो मसल्स पर कंट्रोल और उसकी गति को नियंत्रित करता है। जब ब्रेन के इस हिस्से की सेल्स डैमेज होने लगती हैं या कमजोर होने लगती हैं तो पार्किंसन्स के लक्षण उभरते हैं।

### पार्किंसन्स के मुख्य कारण

● **जेनेटिक** : यह डिजीज कुछ मामलों में जेनेटिक हो सकती है। परिवार में किसी को पार्किंसन्स है तो उस व्यक्ति को खतरा दूसरों की अपेक्षा ज्यादा होता है।

● **आईडियोपैथिक** : ज्यादातर पार्किंसन्स मामलों का कारण पता नहीं चलता है। इसे आईडियोपैथिक पार्किंसन्स कहा जाता है, इस बीमारी का कारण स्पष्ट नहीं है।

● **एनवार्यनमेंटल** : कुछ मामलों में पेरिस्टसाइड्स जैसे केमिकल्स से भी पार्किंसन्स होता है। कार्बन मोनोऑक्साइड व कुछ पॉइजन्स से भी खतरा बढ़ सकता है।

● **मस्तिष्क में सूजन** : मस्तिष्क में सूजन, जिसे एन्सेफलाइटिस कहा जाता है। इसके कारण भी कभी-कभी पार्किंसन्स के लक्षण उभर सकते हैं।

### एक्सरसाइज करेगी मदद

● चलने में सावधानी बरतें और स्पीड नियंत्रित करें, बहुत तेजी से न चलें। ● चलते समय हमेशा पैर की एड़ी को जमीन पर पहले रखें। ● अपने बॉडी पॉश्चर पर ध्यान दें। सीधे खड़े होने की कोशिश करें, ताकि शफ्लिंग यानी धीरे-धीरे चलने को रोका जा सके। ● पीछे की तरफ न चलें और न ही कुछ सामान उठाकर चलने की कोशिश करें।

## एक नजर

### बाइडन के ऑटोपेन इस्तेमाल के खिलाफ जांच का आदेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने क्षमादान देने और अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा ऑटोपेन का इस्तेमाल किए जाने की जांच करने का बुधवार को आदेश दिया। इसके अलावा अमेरिकी संसद के निचले सदन-प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के नेताओं ने भी बाइडन के करीबी सदस्यों से पूछताछ का अनुरोध किया है।

### चीन ने ताइवान के 20 हैकर के खिलाफ वारंट किया जारी

**ताइपे।** चीन ने ताइवान की सत्तारूढ़ पार्टी की तरफ से देश में हैकिंग अभियान को अंजाम देने के आरोप में वहां (ताइवान) के 20 लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को वारंट जारी किया। बीजिंग ने उस ताइवानी कंपनी के साथ व्यापार पर भी प्रतिबंध लगा दिया, जिसके मालिकों को चीनी अधिकारियों ने "ताइवान की स्वायत्तता का कट्टर समर्थक" बताया है। दक्षिणी शहर गुआंगझाउ की पुलिस ने बताया कि ताइवान की स्वायत्तता की समर्थक 'डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी' (डीपीपी) की ओर से हैकिंग अभियान निंग एनवेई नामक व्यक्ति के नेतृत्व में चलाया गया।

### यून व उनकी पत्नी की जांच के लिए विधेयक पारित

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की विधायिका ने पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल द्वारा दिसंबर में अल्पकालिक 'मार्शल लॉ' लगाए जाने और उनकी पत्नी के खिलाफ आपराधिक आरोपों की विशेष जांच शुरू करने के लिए गुरुवार को विधेयक पारित किए। कई महीनों की राजनीतिक उथल-पुथल के बाद मुखर उदारवादी नेता ली जे-म्यांग ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के रूप में पदभार ग्रहण किया और इसके एक ही दिन बाद उन्होंने अपदस्थ रूढ़ीवादी नेता यून के खिलाफ यह कदम उठाया।

### हज के लिए 15 लाख से ज्यादा मुसलमान सऊदी अरब पहुंचे

**अराफात।** इस साल हज करने के लिए दुनियाभर से 15 लाख से ज्यादा जायरीन सऊदी अरब पहुंचे हैं। एक प्रवक्ता ने बताया कि हज इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है और आर्थिक एवं शारीरिक तौर पर सक्षम मुस्लिम के लिए यह जरूरी माना जाता है कि वह एक बार हज जरूर करे।

# प्रधानमंत्री ने शुरू की 700 किलोमीटर लंबी अरावली ग्रीन वॉल परियोजना

## पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम अभियान का किया विस्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में एक पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाया और राष्ट्रीय राजधानी से गुजरात तक फैली 700 किलोमीटर लंबी अरावली पर्वत श्रृंखला में पुनः वनरोपण करने की विशेष पहल की शुरुआत की।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व की सबसे प्राचीन पर्वतमालाओं में से एक अरावली पर्वतमाला गुजरात, राजस्थान, हरियाणा से लेकर दिल्ली तक फैली है तथा यह क्षेत्र अनेक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना कर रहा है और इनके समाधान के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हमारा ध्यान इस पर्वतमाला से जुड़े क्षेत्रों का कायाकल्प करने पर है। हम संबंधित स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर काम करेंगे और जल प्रणालियों में सुधार, धूल भरी आंधी पर अंकुश लगाने, थार रेगिस्तान के पूर्व की ओर विस्तार को रोकने आदि पर जोर देंगे। मोदी ने कहा, अरावली पर्वतमाला और उसके बाहर, पारंपरिक पौधरोपण विधियों के अलावा, हम नई तकनीकों को प्रोत्साहित करेंगे, विशेष रूप से शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जहां जगह की कमी है। पौधरोपण गतिविधियों को जियो-टैग किया जाएगा और मेरी लाइफ पोर्टल पर उनकी निगरानी की जाएगी। प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से इस आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लेने और पृथ्वी के हरित आवरण को बढ़ाने में योगदान देने का आग्रह भी किया। उन्होंने दिल्ली सरकार की सतत परिवहन पहल के तहत इलेक्ट्रिक बसों को भी हरी झंडी दिखाई।




दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली उद्यान में पौधा लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम' पहल को आगे बढ़ाते प्रधानमंत्री मोदी।

### कहा- सरकार गरीबों के कल्याण, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने गुरुवार को कहा कि उनके नेतृत्व वाली राजग सरकार गरीब कल्याण के लिए समर्पित है और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार अपने 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों से लोगों को अवगत कराने के लिए जन संपर्क अभियान शुरू करेगी। मोदी ने एक्स पर कहा कि राजग सरकार ने पिछले एक दशक से अधिक समय में सशक्तीकरण, बुनियादी ढांचे और समावेश पर ध्यान केंद्रित कर कई लोगों को गरीबी के चंगुल से बाहर निकालने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। राजग ऐसे समावेशी और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें प्रत्येक नागरिक को सम्मान के साथ जीने का अवसर मिले। सरकार की सभी प्रमुख योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव लेकर आई हैं। उन्होंने लिखा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जन धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी पहलों ने आवास, खाना पकाने के स्वच्छ ईंधन, बैंकिंग और स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को बढ़ाया है।

# थरूर ने अमेरिका में कहा- भारत को किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं

● राष्ट्रपति ट्रंप के संघर्ष विराम में भूमिका निभाने के दावे पर कांग्रेस सांसद ने रखी भारत की बात

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत एवं पाकिस्तान के बीच हालिया संघर्ष विराम में अपनी भूमिका को लेकर बार-बार किए जा रहे दावों के बीच कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि भारत, अमेरिकी राष्ट्रपति पद का सम्मान करता है लेकिन नयी दिल्ली ने कभी नहीं चाहा कि वह किसी से मध्यस्थता करने के लिए कहे और किसी को हमें यह बताने की जरूरत नहीं कि हमें रुकना है।

सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल के नेता थरूर मंगलवार दोपहर यहां पहुंचे और प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को अमेरिकी सांसदों एवं सरकारी अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। थरूर ने कहा, मैं बस इतना कह सकता हूं कि हम अमेरिका के राष्ट्रपति के पद और अमेरिकी राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करते हैं। हम अपने लिए बस इतना ही कह सकते हैं कि हमने कभी किसी से मध्यस्थता करने के लिए नहीं कहना चाहा।

उन्होंने बुधवार को यहां नेशनल प्रेस क्लब में कहा कि भारत को पाकिस्तानियों को उन्हीं की भाषा में जवाब देने में कोई दिक्कत नहीं थी। उन्होंने कहा, जब तक वे आतंकवाद की भाषा का इस्तेमाल करते रहेंगे, हम बल की भाषा का इस्तेमाल करेंगे। इसके लिए किसी तीसरे पक्ष की जरूरत नहीं है। विदेश मामलों की संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष थरूर इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। इस प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों में सरफराज अहमद (झारखंड मुक्ति मोर्चा), जी. हरीश बालयोगी (तेलुगु देशम पार्टी), शशांक मणि त्रिपाठी (भारतीय जनता पार्टी), भुवनेश्वर कलिता (भारतीय जनता पार्टी), मिलिंद देवरा (शिवसेना), तेजस्वी सूर्या (भारतीय जनता पार्टी) और अमेरिका में भारत के पूर्व राजदूत तरनजीत संधू शामिल हैं।



अमेरिका में थरूर के नेतृत्व में पहुंचा प्रतिनिधिमंडल।

### भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने यूरोपीय संघ की नेता के समक्ष कश्मीर में सीमापार आतंकवाद का मुद्दा उठाया

**ब्रसेल्स।** भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को यहां एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष के साथ बैठक में कश्मीर में प्रगति को अस्थिर करने और सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल को लेकर चिंता व्यक्त की। यह प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को ब्रिटेन से बेल्जियम पहुंचा था। बेल्जियम और लक्जमबर्ग में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एशिया मामलों की प्रभारी एवं यूरोपीय संसद की उपाध्यक्ष क्रिस्टेल शाल्डेमोस के साथ सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल की एक सार्थक और रचनात्मक बैठक हुई। इसमें कहा गया है, कश्मीर में प्रगति को बाधित करने और स्थिति को सांप्रदायिक बनाने के लिए सीमा पार से आतंकवाद के इस्तेमाल के बारे में वरिष्ठ संसदीय स्तर पर जानकारी देने का यह एक अच्छा मौका है।

# हार्वर्ड में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों के प्रवेश पर रोक के लिए ट्रंप ने उठाया कदम

● राष्ट्रीय सुरक्षा का हवाला देकर शासकीय आदेश पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी

राष्ट्रपति ट्रंप ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में पढ़ने के इच्छुक विदेशी छात्रों का देश में प्रवेश रोकने के लिए एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह आइवी लीग स्कूल से अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को दूर रखने का उनका नया प्रयास है। आइवी लीग हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत अमेरिका के आठ प्रतिष्ठित निजी विश्वविद्यालयों का समूह है।

ट्रंप ने बुधवार को एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किए जिसमें घोषणा की गई है कि हार्वर्ड को मैसाचुसेट्स के कैम्ब्रिज स्थित अपने परिसर में विदेशी छात्रों को दाखिला देने की अनुमति देना राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा होगा। ट्रंप ने आदेश में लिखा, मैंने यह तय किया है कि उक्त वर्णित विदेशी नागरिकों के वर्ग का प्रवेश अमेरिका के हितों के लिए हानिकारक है क्योंकि मेरे विचार में हार्वर्ड के आचरण ने इसे विदेशी छात्रों व शोधकर्ताओं के लिए अनुपयुक्त गंतव्य बना दिया है। यह देश के सबसे पुराने और सबसे धनी विश्वविद्यालय के साथ 'व्हाइट हाउस के टकराव की दिशा में एक और कदम है।

### संघीय अदालत की रोक के बाद भी कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल

बोस्टन की एक संघीय अदालत ने हार्वर्ड में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों पर रोक लगाने से गृह सुरक्षा विभाग को पिछले सप्ताह रोक दिया था लेकिन ट्रंप का आदेश एक अलग कानूनी प्राधिकार का इस्तेमाल करता है। उन्होंने बुधवार को इसी प्राधिकार का हवाला देते हुए यह भी घोषणा की कि 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर रोक रहेगी तथा सात अन्य देशों के नागरिकों पर भी कुछ पाबंदियां होंगी।

## जापान की वार्षिक जन्म दर में रिकॉर्ड गिरावट

**तोक्यो।** जापान में नवजात शिशुओं की संख्या पूर्व के अनुमान से कहीं अधिक तेजी से घट रही है और गत वर्षों की तुलना में जापान में वार्षिक दर रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गई है। सरकार द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में यह खुलासा हुआ।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक 2024 में जापान में 6,86,061 बच्चों का जन्म हुआ, जो इससे पिछले वर्ष की तुलना में 5.7 प्रतिशत कम है। आंकड़ों के मुताबिक जापान में 1899 से जन्म लेने वाले बच्चों का रिकॉर्ड रखा जा रहा है और यह पहली बार है जब साल में बच्चों के जन्म लेने की संख्या सात लाख से भी नीचे आ गई है। यह लगातार 16वां साल है जब जन्मदर में गिरावट आई है। जापान में एक साल में सबसे अधिक 27 लाख बच्चों का जन्म 1949 में हुआ था।

## पर्यटकों का इंतजार



पहलगाम में आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पार्यटकों की आवाजाही बहुत कम हो गई है। गुरुवार को डल झील में खाली खड़े शिकारे। एजेंसी

## गाजा पट्टी से दो इजराइली बंधकों के शव बरामद

**तेल अवीव।** इजराइल ने सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमले के दौरान बंधक बनाए गए दो इजराइली-अमेरिकी लोगों के शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। क्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, रातभर और बृहस्पतिवार को इजराइल की ओर से किये गये हमलों में कम से कम 13 लोग मारे गए, जिनमें तीन स्थानीय पत्रकार भी शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि जूडिह वीनस्टीन और गैड हग्गई के शव सेना और आंतरिक सुरक्षा एजेंसी 'शिन बेट' द्वारा चलाए गए एक विशेष अभियान के तहत बरामद कर इजराइल लाए गए हैं। नेतन्याहू ने कहा, इजराइल के सभी नागरिकों की ओर से मैं इनके परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं।

# नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर

● पतंजलि भूमि सौदा मामले में 92 अन्य के खिलाफ भी मुकदमा

काठमांडू, एजेंसी



नेपाल की भ्रष्टाचार रोधी एजेंसी ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट के अध्यक्ष माधव कुमार नेपाल के खिलाफ भूमि घोटाले के सिलसिले में एक मुकदमा दायर किया है। पद के दुरुपयोग की जांच संबंधी आयोग (सीआईएए) ने पतंजलि भूमि सौदा मामले में कथित संलिप्तता के लिए माधव नेपाल और 92 अन्य पर एक विशेष अदालत में मुकदमा दायर किया। इसपर, पतंजलि की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सीआईएए ने आरोप लगाया कि पतंजलि ने कावरेपालनचोक जिले में भूमि सीमा छूट के तहत जमीन खरीदी थी। हालांकि, सरकारी रियायत के तहत अधिग्रहीत जमीन को कैबिनेट स्तर की मंजूरी के साथ बेच दिया गया था। साल 2010 में माधव की सरकार के दौरान कैबिनेट ने भूमि सीमा छूट के तहत भूमि की खरीद को मंजूरी दी थी। तय सीमा से अधिक भूमि बेची गई, जो कानून का उल्लंघन है। नेपाल में संभवतः यह पहली बार है कि भ्रष्टाचार रोधी संस्था ने किसी पूर्व प्रधानमंत्री के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। पूर्व कानून मंत्री प्रेम बहादुर सिंह, पूर्व भूमि सुधार मंत्री डंबर श्रेष्ठ और पूर्व मुख्य सचिव माधव प्रसाद घिमिरे समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

साक्षात्कार — सांसद शशि थरूर ने पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज कर कांग्रेसी नेताओं को सुनाई दो टूक

# राष्ट्रहित के लिए विदेश दौरे पर हूं, पार्टी के लिए नहीं

वाशिंगटन, एजेंसी

सांसद शशि थरूर ने उनके कांग्रेस छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जो कोई भी यह मानता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना कोई पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे खुद से सवाल करने की जरूरत है। थरूर पहलगाम हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ दुनिया को भारत के रुख से अवगत कराने के लिए एक सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं और इस समय अमेरिका में हैं।

कुछ कांग्रेस नेताओं ने पहलगाम हमले के बाद सरकार के रुख का समर्थन करने के लिए थरूर की आलोचना की है। एक सहयोगी ने तो भाजपा का महाप्रवक्ता तक कह दिया।



थरूर ने बुधवार को एक साक्षात्कार में कहा, सच कहूं तो, जब कोई देश की सेवा कर रहा हो, तो मुझे नहीं लगता कि उसे इन चीजों के बारे में बहुत ज्यादा चिंता करने की जरूरत है। जब उनसे पूछा गया कि भारत लौटने पर वह अपने आलोचकों को क्या संदेश देंगे, तो उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जो कोई भी यह समझता है कि राष्ट्रीय हित में काम करना किसी प्रकार की पार्टी विरोधी गतिविधि है, उसे हमसे नहीं, बल्कि खुद से सवाल करने की जरूरत है। कई बार कुछ मुद्दों पर थरूर की टिप्पणियां कांग्रेस पार्टी के आधिकारिक रुख से भिन्न रही हैं। सोशल मीडिया पर इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या थरूर कांग्रेस में बने रहेंगे या भाजपा में शामिल होंगे।

इन अटकलों को लेकर थरूर ने कहा, मैं संसद का निर्वाचित सदस्य हूं। मेरे कार्यकाल के चार साल बाकी हैं। मुझे नहीं पता कि इस पर कोई सवाल क्यों पूछा जा रहा है।

### कहा- लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध और आलोचना करना सामान्य बात

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए हाल में कहा था कि अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का फोन आने के बाद उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया है। थरूर ने इस बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, ''लोकतंत्र में राजनीतिक दलों द्वारा विरोध करना, आलोचना करना और मांगें करना सामान्य बात है। उन्होंने कहा, हम यहां किसी पार्टी के राजनीतिक मिशन पर नहीं आए हैं। हम यहां एकजुट भारत के प्रतिनिधि के तौर पर आए हैं। थरूर ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल में तीन धर्मों और सात राज्यों से पांच राजनीतिक दल शामिल थे।

# ट्रंप-पुतिन वार्ता के बाद रूस का यूक्रेन पर हमला, 5 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

उत्तरी यूक्रेन के प्रिलुकी शहर पर बृहस्पतिवार को हुए ड्रोन हमले में एक शिशु, उसकी मां और दादी समेत कम से कम पांच लोग मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार सुबह होने से कुछ समय पहले शहर के रिहाइशी इलाके में छह ड्रोन ने हमला किया।

यूक्रेन के गृह मंत्री इहोर क्लाइमेंको ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाला बच्चा स्थानीय दमकल सेवा प्रमुख का पौत्र था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि स्थानीय अधिकारियों ने दमकल प्रमुख की पहचान 50 वर्षीय ओलेक्जेंडर लेबिड के रूप में की है। जेलेंस्की ने कहा, वह अपने ही घर पर हुई घटना पर प्रतिक्रिया देने पहुंचे थे। पता चला है कि शाहिद ड्रोन ने उनके घर पर हमला किया। हमले से कुछ घंटे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की थी।

ट्रंप के अनुसार, पुतिन ने बहुत दृढ़ता से कहा कि रूस रविवार को रूसी सैन्य हवाई अड्डों पर हुए यूक्रेन के आश्चर्यजनक ड्रोन हमलों का जवाब देगा। तीन साल से अधिक समय से जारी युद्ध को रोकने के लिए अमेरिका के नेतृत्व में किए गए कूटनीतिक प्रयासों से कोई महत्वपूर्ण प्रगति नहीं हुई है, तथा यह भीषण युद्ध बेरोकटोक जारी है। यूक्रेन राष्ट्रीय पुलिस ने कहा कि हमले में जान गंवाने वाले एक वर्ष के बच्चे की मां दरीना शिहिदा एक पुलिस अधिकारी थी।